ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • फाल्गुन कृष्ण पक्ष 09 • विक्रम संवत 2079 • मंगलवार, 14 फरवरी 2023 • वर्ष-24 • अंक-15 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50

कार्तिक की 'शहजादा' 8 करोड़ से... पेज 12 पर



## खुदरा महंगाई दर @6.52 प्रतिशत

### लगातार 40 महीने से मध्यम अवधि के लक्ष्य से ऊपर रही है महंगाई

**एजेंसी। मुंबई**

खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी में बढ़कर तीन महीने के उच्चतम स्तर 6.52 प्रतिशत पर पहुंच गई। इससे पहले जनवरी महीने में सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक दिसम्बर में खुदरा महंगाई दर एक साल के सबसे निचले स्तर 5.72 फीसदी पर आ गई थी। दिसम्बर लगातार दूसरा महीना था जिसमें जिसमें खुदरा मुद्रास्फीति



आरबीआई के 4 (+/- 2) फीसदी के टॉलरेंस बैंड के भीतर आ गई थी। दो महीने की गिरावट के बाद जनवरी महीने में यह फिर इस टॉलरेंस बैंड के बाहर पहुंच गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर 2022 में 6.77 प्रतिशत और नवंबर में 5.88 प्रतिशत थी। दिसम्बर में ग्रामीण क्षेत्रों में सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति नवंबर के 6.09 प्रतिशत से घटकर दिसम्बर में 6.05 प्रतिशत हो गई थी। वहीं, शहरी क्षेत्रों में यह 5.39 प्रतिशत रही थी। खुदरा महंगाई दर लगातार 40 महीने से मध्यम अवधि के लक्ष्य चार प्रतिशत से ऊपर रही है। ग्रामीण और शहरी भारत में खुदरा मुद्रास्फीति क्रमशः 6.85 प्रतिशत और 6.00 प्रतिशत रही। समूहों में अनाज और उत्पादों, अंडे, मसालों सहित अन्य सामग्री ने जनवरी में खुदरा मुद्रास्फीति में वृद्धि में योगदान दिया है।




## धीरेंद्र शास्त्री, मौर्य और हिंदुत्व...

**एक** हैं स्वामी प्रसाद मौर्य। रोज कोई न कोई बयान जारी कर मीडिया की सुर्खियों में बने रहते हैं। सोमवार को उन्होंने बागेश्वर धाम के महंत धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पर एक बार फिर से हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अगर शास्त्री जी इतने ही ताकतवर हैं, इतने ही सिद्ध पुरुष हैं तो क्यों नहीं चीन को भस्म कर देते? क्यों नहीं चीन को श्राप दे देते? जब वह इतने ताकतवर हैं तो चीन को नष्ट कर सदा-सदा के लिए भारत-चीन का लफड़ा ही खत्म कर देते। वह पहले भी शास्त्री जी के बारे में अंड-बंड बयान दे चुके हैं। एक बार तो उन्होंने शास्त्री जी को फ्रॉड और आतंकवादी तक कह दिया था। उस बयान पर उन्होंने अब तक माफी नहीं मांगी है। शास्त्री जी ने सहस्त्रों बार टीवी चैनलों से लेकर अखबारों तक में कहा है कि वह कोई संत नहीं, कोई सिद्ध पुरुष नहीं, कोई चमत्कार नहीं करते, किसी का भविष्य नहीं देखते, न कोई जादू-टोना करते हैं और न ही उन्हें ये



सब आता है। वह अतुलित बलों के स्वामी श्री हनुमान जी के तुच्छ सेवक हैं और होता वही है, जो प्रभु श्री हनुमान चाहते हैं। हां, शास्त्री जी इतना जरूर कहते हैं कि वह हिंदू राष्ट्र के प्रबल समर्थक हैं और वह उसके लिए ही काम करना चाहते हैं।

स्वामी प्रसाद मौर्य जैसे कई दलों में नेतागिरी करनेवाले लोगों की कमजोरी यह है कि वह धर्म-अध्यात्म-सिद्धियां और जादू-टोने को एक ही नजर से देखते हैं। धर्म अलग है। अध्यात्म अलग है। हाथ की सफाई दिखाना अलग चीज है और जादू-टोना एक सबसे अलग विधा है। लेकिन स्वामी को समझ में नहीं आता। वह टीका लगाने को धर्म मानते हैं और धर्म के दायरे में अध्यात्म से लेकर जादू-टोने को खींच लाते हैं। वह बेवकूफी करते जा रहे हैं और जो उनके बयान आ रहे हैं, उस पर लोग हंसते हैं। यहां तक की समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश भी उनके बयान पर हंसते-मुस्कुराते देखे गए हैं। यूपी में समाजवादी पार्टी की जमीन खिसक रही है। अब वह योगी जी के पास है। मुसलमान सपा से बिदक रहा है। यादवों का भी एक बड़ा हिस्सा भाजपा के साथ है। पहले जो माई (एमवाई) समीकरण था, वह 2022 के चुनाव में औंधे मुंह गिर पड़ा। मुसलमानों का एक बड़ा हिस्सा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### तीन पीएलएफआई नक्सली गिरफ्तार

**लोहरदगा।** लोहरदगा पुलिस ने पीएलएफआई नक्सली संगठन की कमर तोड़ कर रख दी है। इस बार पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पीएलएफआई के तीन नक्सलियों को धर दबोचा है। ये सभी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के साथ बम फोड़कर दहशत फैलाने की योजना बना रहे थे। पुलिस की गिरफ्त में आये उग्रवादी पिपरटोली निवासी राम प्रवेश सिंह, करगे निवासी सुनील कुमार साहू और लोहरदगा जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा निवासी प्रवीण कुमार शामिल है।

### जंगल में मिला लड़की का शव, हत्या की आशंका

**रांची।** तुपुदाना इलाके में सोमवार सुबह जंगल में पेड़ से लटका एक लड़की का शव बरामद हआ है। सुबह स्थानीय लोगों ने पेड़ से लटका हुआ शव को देखकर इस मामले की जानकारी पुलिस को दी। आशंका जताई जा रही है कि लड़की की हत्या कर पेड़ से लटका दिया गया है, ताकि आत्महत्या की घटना जैसे प्रतीत हो। वहीं, पुलिस हत्या और आत्महत्या के बिंदुओं पर जांच कर रही है। फिलहाल इस मामले में पुलिस जांच कर रही है।

### आजम और अब्दुल्ला को दो-दो साल की सजा

**लखनऊ।** मुरादाबाद के पंद्रह साल पुराने मामले में सपा नेता आजम खां और उनके बेटे सपा विधायक अब्दुल्ला आजम को कोर्ट ने दो- दो साल की सजा सुनाई है। इस मामले में अन्य सात आरोपी साक्ष्यों के अभाव में दोष मुक्त कर दिए गए। 2 जनवरी 2008 को पूर्व मंत्री और रामपुर के पूर्व विधायक आजम खां अपने परिवार के साथ मुजफ्फरनगर में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। छजलैट थाने के सामने वाहन चेकिंग के दौरान आजम खां की गाड़ी पुलिस ने रुकवा ली थी।

# बेहतर दिशा

## सीएम बोले, राज्य को प्रत्येक क्षेत्र में बेहतर दिशा देने का निरंतर कार्य कर रही है सरकार

### वर्तमान सरकार राज्य के लोगों की बेहतरी के लिए दिन-रात कार्य कर रही

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

झारखंड के जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए यहां के मूलवासी तथा आदिवासी समुदाय के वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी है, इनका मुख्य उद्देश्य यहां के मूलवासी तथा आदिवासी समुदाय को उनका हक तथा अधिकार देना था। बहुत लंबे संघर्ष के बाद वर्ष 2000 में झारखंड राज्य अलग हुआ, परंतु 20 वर्ष के बाद भी आज हमारा राज्य विकास के पैमानों में पिछड़ा रह गया। आखिर कमी कहां रह गई? हमारी सरकार इस चिंतन के साथ राज्य को प्रत्येक क्षेत्र में बेहतर दिशा देने का कार्य निरंतर कर रही है। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को खतियानी जोहार यात्रा के तहत चतरा स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में उपस्थित जनमानस को संबोधित करते हुए कही।

**राज्य के किसानों को मजबूत करने की जरूरत :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के किसानों कि आय को बढ़ाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। हमारी सरकार ने किसानों की बेहतरी के लिए कई योजनाएं लागू की है। पशुधन योजना से भी राज्य सरकार किसानों को लाभ पहुंचा रही है। किसानों की आय में वृद्धि हो इस निमित्त कई योजनाएं चलाई जा रही हैं।

**गरीबों को मिल रहा योजनाओं का लाभ :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य में अनेकों योजनाएं बनाई है। इन योजनाओं के माध्यम से राज्य के लोगों को लाभ मिल रहा है। हमारी बच्चियों की पढ़ाई पूरी हो सके इसके लिए राज्य में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की शुरुआत की गई है। उच्चतर शिक्षा के लिए हमारी सरकार ऋण दे रही है जिसका लाभ उठाकर आप अपने बच्चों के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था से ही राज्य की तरक्की संभव : सीएम

#### जिला भ्रमण कार्यक्रम के तहत लातेहार पहुंचने पर सीएम का भव्य स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

हमारी सरकार राज्य के प्रति समर्पित और संकल्पित है। राज्य को विकास की दहलीज पर पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस कड़ी में सरकार द्वारा संचालित विकास और कल्याणकारी योजनाएं हकीकत में आकार ले रही है या नहीं, इसे देखने के लिए जिलों का भ्रमण कर रहा हूं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को जिला भ्रमण कार्यक्रम के तहत लातेहार आगमन पर अपनी प्रतिबद्धता और प्राथमिकताओं से अवगत कराया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री का यहां आगमन पर लोगों ने पूरे गर्मजोशी और जोरदार तरीके से स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब सरकारी विद्यालयों में पढ़ाई की क्वालिटी से किसी तरह का समझौता नहीं होगा। बच्चों को अब निजी विद्यालयों से भी बेहतर पढ़ाई की सुविधाएं सरकार उपलब्ध करा रही है। स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (उत्कृष्ट विद्यालय) को इसी सोच के साथ खोला जा रहा है। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में चयनित राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय के नवनिर्मित शैक्षणिक भवन का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने यहां आईसीटी लैब, कंप्यूटर रूम, लाइब्रेरी, क्लास रूम, ऑडिटोरियम और टीचर्स रूम समेत अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने बच्चे और बच्चियों के बीच पाठ्य-पुस्तक सामग्रियों का वितरण भी किया। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट विद्यालय में नए सेशन से पढ़ाई शुरू हो जाएगी। यहां अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई होगी और ये सीबीएसई ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर




*राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को वाराणसी में गंगा आरती कार्यक्रम में हिस्सा लिया। बतौर राष्ट्रपति, वह पहली बार वाराणसी आई थीं।*

(खबर पेज-9 पर)

## ममता देवी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की शिकायत

### रामगढ़ की पूर्व विधायक हैं ममता देवी

### एसीबी डीजी से अधिवक्ता सुनील कुमार महतो ने की शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता सुनील कुमार महतो ने रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी के खिलाफ आय से अधिक 56.32 लाख रुपये संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया है। अधिवक्ता ने इस मामले में सोमवार को एसीबी डीजी को इस संबंध में पत्र सौंप कर जांच की मांग की है। सुनील महतो ने ममता देवी के द्वारा साल 2019 और उनके पति बजरंग महतो के द्वारा 2023 में सौंपे गए शपथ पत्र के जरिए यह बताते की कोशिश की है कि पूर्व विधायक ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित की। शिकायत में बताया गया है कि पूर्व



विधायक ममता देवी ने आयकर रिटर्न के मुताबिक, 2020 से 2023 के बीच तीन साल में कुल 21.26 लाख रुपये की संपत्ति अर्जित की। 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने 8.34 लाख की अचल व चल संपत्ति की जानकारी दी थी। ऐसे में विधायक बनने के बाद उनकी कुल आय बढ़कर 29.60 लाख की होती है। शिकायत में बताया गया है कि उनकी कुल आय से कहीं अधिक 42.21 लाख ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## प्रधानमंत्री मोदी ने मेरी बेइज्जती की : राहुल

### पीएम को भी एक दिन सच्चाई का सामना करने के लिए होना पड़ेगा विवश

**एजेंसी। वायनाड**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को केरल के वायनाड में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी पर जमकर हमला बोला। राहुल गांधी ने अडाणी के मुद्दे पर पीएम को घेरते हुए कहा कि शेल कंपनी में अडाणी का पैसा है। हमने प्रधानमंत्री जी से सवाल पूछा तो पीएम ने जवाब नहीं दिया। अडाणी के लिए नियम बदल गये और संसद में हमने कुछ सवाल उठाये थे। संसद में मेरे भाषण के कुछ अंश हटा दिए गए। मैंने किसी का अपमान नहीं किया। मैंने जो कहा उसके संबंध में मुझे सबूत दिखाने के लिए कहा गया था और मैंने लोकसभा अध्यक्ष को एक पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने सबूत के



साथ हर बिंदु को हटा दिया है।

**पीएम सीधे तौर पर मेरी बेइज्जती करते हैं :** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मुझे उम्मीद नहीं है कि मेरे शब्दों को रिकॉर्ड पर जाने दिया जाएगा। देश के पीएम सीधे तौर पर मेरी बेइज्जती करते हैं, लेकिन उनकी बातों को ऑफ द रिकॉर्ड नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि आपका नाम गांधी क्यों है, नेहरू क्यों नहीं। उन्होंने कहा कि सच्चाई हमेशा सामने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## सिनेमा — एक महीने से सिनेमा हॉलों पर लटका है 'गांधी गोडसे : एक युद्ध'

# गांधी को तुम नहीं मार सकते

### मध्य प्रदेश सरकार के वित्तीय संसाधन से बनी है फिल्म

**यशोदा श्रीवास्तव**

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रायोजित फिल्म गांधी गोडसे : एक युद्ध, पिछले एक महीने से सिनेमा हॉलों पर लटका है, दर्शक नहीं मिल रहे। अचरज है कि इस फिल्म के लेखक हैं जनवादी लेखक संघ के अध्यक्ष असगर वजाहत! फिल्म उसी मध्य प्रदेश सरकार के वित्तीय संसाधन से बनी है जहां गांधी को खूब गाली मिलती है, उनके पोस्टर पर गोली दागने जैसे दृश्य सामने आते हैं। यह काम कभी कालीचरण नाम का कोई संन्यासी करता है तो कभी भाजपा की चर्चित नेत्री करती है। लेकिन सरकार कभी ऐसों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करती उल्टे उनका धूमधाम से स्वागत करती है और गोडसे का जयकारा लगाती है।

चूंकि गांधी गोडसे नाम से बनी फिल्म मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रायोजित है इसलिए यह बताने की जरूरत नहीं कि फिल्म की थीम क्या है? इसे एक लाइन में समझना है तो यूं समझिए कि मरनेवाला शख्स इसका जिम्मेदार खुद है। यानी फिल्म में गोडसे को गांधी का हत्यारा होने से बचाव की पूरी कोशिश की गई। यहां गोडसे को गांधी के बराबर खड़ा करने की भी कोशिश की गई।

अब यदि महीनों हो गए इस फिल्म के बने और सिनेमा हॉलों पर दर्शक ही नहीं पंहुच रहे तो इसका मतलब साफ है कि गांधी को भले ही गोली मारकर हत्या कर दी गई लेकिन वे कभी मरे नहीं। यही वजह है कि गांधी के आलोचक अभी भी उन्हें मारने की कोशिश करते रहते हैं, लेकिन गांधी हैं कि मरते ही नहीं। यहां एक बात और खास है कि गांधी को मारने वालों की अपेक्षा उन्हें जिंदा रखने वालों की कतार लंबी है। वे हर क्षेत्र में हैं, हर वर्ग में और हर परिवेश में हैं। अब सोचिए कि जब एक मजिस्ट्रेट अपने कोर्ट में जमानत के लिए आए आरोपियों को गांधी की आत्मकथा भेंट करके यह कहे कि इसे ध्यान से पढ़कर आना तब जमानत मिलेगी तो इसे क्या कहेंगे? जी हां, यह मजिस्ट्रेट हैं मदन मोहन वर्मा! वे एसडीएम हैं। इन दिनों उनकी तैनाती यूपी के फरेंदा तहसील में है। उन्होंने गांधी को इस तरह आत्मसात कर लिया है कि वे चाहते हैं हर कोई गांधीमय हो जाए।

### गांधी को बचाने के अभियान में जुटा है एक लोकसेवक




हैरत है कि जहां गांधी की आलोचना का दौर चल रहा हो, व्हाट्स एप यूनिवर्सिटी से ज्ञान ग्रहण किए लोग भारत के बंटवारे के लिए गांधी को जिम्मेदार ठहरा रहे हों, उन्हें गालियों से नवाजा जा रहा हो वहां एक लोकसेवक गांधी को बचाने के अभियान में जुटा है। वे केवल गांधी पर भाषण नहीं देते, गांधी की आत्मकथा पुस्तक बांटते रहते हैं। उनके कार्यालय के आलमारी, गाड़ी के पीछे का हिस्सा और आवास के बुक सेल्फ गांधी की आत्मकथा पुस्तक से भरे रहते हैं। मुमकिन है गांधी को बचाए रखने का उनका यह अनोखा अभियान बहुतों को अच्छा न लगता हो या बहुत सारे लोग आलोचना करते हों लेकिन वे इस सबसे बेफिक्र अपने अभियान में लीन हैं।

अंबेडकर नगर जिले के ग्राम रसूल पुर टांडा निवासी मदनमोहन वर्मा 1996 में नायब तहसीलदार पद पर चयनित हुए थे। तभी उन्होंने गांधी आत्मकथा पढ़ी। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में जांच समिति बनाने के लिए केंद्र राजी

### मामले में 17 फरवरी को फिर होगी सुनवाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार हिंडनबर्ग-अडाणी प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच समिति बनाने पर सहमत हो गया है। अडाणी-हिंडनबर्ग विवाद पर सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार को भविष्य में निवेशकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक समिति नियुक्त करने पर कोई आपत्ति नहीं है और सेबी स्थिति से निपटने के लिए सक्षम है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से शुक्रवार को फिर आने और समिति बनाने के बारे में जानकारी देने को कहा है। केंद्र ने कहा कि वह नियामक तंत्र पर प्रस्तावित पैनल के लिए डोमेन विशेषज्ञों के नाम सीलबंद लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट को देना चाहता है। पिछली सुनवाई में उच्चतम



न्यायालय ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट से संबंधित याचिकाओं पर सेबी से 13 फरवरी तक जवाब मांगा था। उस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सेबी से कहा था कि वह अदालत को यह बताए कि भविष्य में निवेशकों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाए और सुप्रीम कोर्ट को दिखाए कि मौजूदा संरचना क्या है? कोर्ट ने कहा था कि वह यह भी जानना चाहती है कि नियामक ढांचे को कैसे मजबूत किया जा सकता है? सुप्रीम कोर्ट ने सेबी से पूछा था कि मौजूदा नियामक ढांचा क्या है और क्या निवेशकों की सुरक्षा के लिए एक मजबूत तंत्र स्थापित करने की आवश्यकता है? उच्चतम न्यायालय ने वित्त मंत्रालय और सेबी से 13 फरवरी तक जवाब मांगा था। कोर्ट ने पूछा था कि निवेशकों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाए? कोर्ट ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई करते हुए ये निर्देश दिया था।

उससे पहले गुरुवार सीजेआई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ के समक्ष वकील विशाल तिवारी ने मामले को जल्द सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा था कि मामले में दर्ज अन्य याचिकाओं के साथ उनकी अर्जी पर शुक्रवार को सुनवाई की जाए। तिवारी ने जनहित याचिका में बड़े कारोबारी घरानों को दिए ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# सिरमटोली- मेकॉन फ्लाईओवर निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत की



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने सिरमटोली से लेकर मेकॉन तक निमार्णाधीन फ्लाई ओवर में भ्रष्टाचार की संभावना व्यक्त करते हुए इसकी विस्तृत जांच कराने और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांग की है। इस बाबत उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। दीपक प्रकाश ने मुख्यमंत्री को लिखा है कि पथ निर्माण विभाग द्वारा जो फ्लाई ओवर बन रहा है उसका काम एक खास कंपनी को शिडयूल दर से 25 प्रतिशत की अधिक दर से दी गयी है। नियमतः शिडयूल रेट से लगभग 10 प्रतिशत तक का काम देने का अधिकार अभियंता प्रमुख को है तथा 10 प्रतिशत शिडयूल दर से ज्यादा दर पर देने के लिए कैबिनेट से स्वीकृति की आवश्यकता होती है। दीपक प्रकाश ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में आरोप लगाया है कि सीएम ने ही खास कंपनी को लाभ पहुंचाने के लिए कैबिनेट की बैठक की तथा कंपनी को शिडयूल रेट से 25 प्रतिशत से अधिक दर पर काम देने की स्वीकृति भी आपने ले ली। जबकि रांची में ही रातु रोड में फ्लाई ओवर निर्माण का कार्य भारत सरकार के नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा किसी कंपनी को शेडयूल दर से 18 प्रतिशत कम दर में काम दी गयी है। दीपक प्रकाश ने मुख्यमंत्री से पूछा है कि आखिर किन परिस्थितियों के कारण कंपनी को शेडयूल रेट से ज्यादा दर पर काम दिया गया? क्या कारण है कि दोनों फ्लाई ओवर के निर्माण कार्य की राशि आवंटन में इतना फर्क है? अगर ज्यादा दर पर काम देना ही था तो फिर से रिटेंडर क्यों नहीं किया गया जिसमें दूसरी कंपनी भी भाग ले सकती थी। एक खास कम्पनी पर सरकार की विशेष कृपा क्यों? दीपक प्रकाश ने कहा कि जो स्थिति है उससे इस कार्य में प्रथम दृष्टया भ्रष्टाचार प्रतीत हो रहा है। मुझे लगता है कि इसकी विस्तृत जांच होनी चाहिए। अगर भ्रष्टाचार हो रहा है तो उसपर तुरंत रोक लगे। उन्होंने मुख्यमंत्री से अविलंब जांच कराने की मांग की है।

## शिवरात्रि पर्व को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

**सिल्ली।** रविवार के दिन भोलवा टुगरी परिसर पर गणेश उरांव की अध्यक्षता में एक बैठक रखा गया जिसमें शिव मंदिर पर 18 फरवरी दिन शनिवार को अखंड रामायण पाठ एवं दरिद्र नारायण भोज को लेकर एक आवश्यक बैठक की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि उस दिन सभी श्रद्धालुओं को शाम 5:00 बजे से मंदिर परिसर पर ही खिचड़ी प्रसाद का भोग लगाकर प्रसाद के रूप में वितरण किया जाएगा। जिसमें सर्वसमिति से संचालन हेतु समिति के द्वारा एक कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष किशोर प्रसाद कुशवाहा, सचिव लक्ष्मण महतो, कोषाध्यक्ष दिलीप मींज, उप कोषाध्यक्ष सच्चिदानंद महतो, कार्यकारिणी समिति सदस्य विशाल महतो, मनोहर, लालू राम उरांव, सुजीत महतो, समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 365 किलो गांजा बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
स्पेशल टास्क फोर्स ने झालदा गोला रोड पर पिकअप बेन से 365 किलो गांजा बरामद करने का एक मामला प्रकाश में आया है घटना के मुताबिक रविवार को छापामारी के दौरान एक पिक अप वेन को पुलिस ने रोका पिकअप बेन की बॉडी को इस तरह से डिजाइ किया गया था कि वाहन भले ही बाहर से खाली दिखे लेकिन अंदर कई क्विंटल समान ले जाना संभव है इस तरह का पिकअप बेन को सजाना उनके लिए महंगा पड़ा वे चाहते थे कि इस तरह से तस्करी करना संभव है इसमें किसी को शक ना ही संदेह होगा। परंतु तस्करों के लिए यह महंगा पड़ा पुलिस को शक हुआ और उसने बेन को सोकर उसकी जांच पड़ताल की तो उसमें भारी मात्रा में गांजे की तस्करी की जा रही थी। इसकी सूचना पहले ही स्पेशल टास्क फोर्स को गुप्त सूत्रों से सूचना मिल गई थी की भेन से भारी मात्रा में गांजा की तस्करी की जा रही है सूचना के आधार पर रविवार शाम पुरुलिया के झालदा इलाके से सटे 3 किलोग्राम गांजा जब्त किया। तत्काल उसी समय वहां मौजूद एक अन्य स्विफ्ट डिजायर कार से भी भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया। पुलिस को सूत्रों के अनुसार सूचना मिली थी कि गांजे से भरी कार उड़ीसा से संबलपुर से झालदा होते हुए आसनसोल जा रही थी इस घटना में कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। झालदा थाना प्रभारी ने बताया कि स्पेशल टास्क फोर्स का नेतृत्व पुरुलिया जिला एसपी आशीष रॉय कर रहे थे।

## सड़क दुर्घटना में 34 वर्षीय युवक की मौत

**ओरमांझी ।** ओरमांझी गोला सड़क में बारीडीह गांव के समीप सोमवार को ट्रक की चपेट में आने से सोलरपुर गिरीडीह निवासी किशोर कुमार साहु का 34 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार साहु का घटनास्थल पर ही मौत हो गया। जानकारी के अनुसार ओरमांझी गोला सड़क में बारीडीह के समीप गिरिडीह से तेज गति से रांची की ओर रहे युवक मनीष साहु ने अपनी आगे चल रहे अज्ञात कार को ठोकर मार दिया। जिससे मोटरसाइकिल नंबर जेएच 10सीजे/8114 सवार युवक मनीष कुमार साहु बीच सडक में गिर गया। इसी दौरान ओरमांझी से गोला की ओर जा रही ट्रक ने मनीष कुमार को अपने चपेट में ले लिया । जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गया।

## डीजीपी विहीन झारखंड अब भी संशय बरकरार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य में डीजीपी नीरज सिन्हा की सेवानिवृति के बाद भी पुलिस विभाग के प्रमुख के पद को लेकर संशय बरकरार है। यूपीएससी के पैनल में आए तीन नामों में से डीजीपी का पद भरा जाएगा या किसी अन्य अधिकारी को प्रभारी डीजीपी बनाया जाएगा इसे लेकर भी चचाएं आम हैं। अंदेशा यह भी जताया जा रहा है कि पैनल में भेजे गए नाम में से वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी को नियमित डीजीपी बनाने के बजाय प्रभारी डीजीपी के तौर पर ही तैनात किया जाए।

**चर्चाओं के बीच गृह सचिव से मिले डीजी अजय सिंह :** राज्य में डीजीपी पद पद पर नियुक्ति की कयासों के बीच सोमवार को डीजी एसीबी अजय कुमार सिंह ने गृह सचिव राजीव अरूण एक्का से मुलाकात की। जिसके बाद अंदेशा जताया जा रहा था कि डीजीपी नियुक्ति को लेकर अधिसूचना जारी हो सकती है।

**बाबूलाल मरांडी ने फिर सरकार को घेरा :** पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने डीजीपी नियुक्ति को लेकर फिर राज्य सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि पूर्णकालिक डीजीपी नियुक्त करने के बजाय सीएम हेमंत सोरेन अपनी बुद्धि का दुरुपयोग सुप्रीम कोर्ट को धोखा देने और अवमानना करने में लगा रहे हैं। आज 13 फरवरी है और झारखंड पुलिस डीजीपी विहीन है। भाजपा हेमंत जी के इस दुरभसन्धि को बेनकाब करेगी। थोड़ा इंतजार करिये।

# मेंटर कोचिंग सेंटर में 80 बच्चों को दी जाएगी निःशुल्क शिक्षा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सोमवार को मेंटोर कोचिंग सेंटर का उद्घाटन ईस्ट जेल रोड थारपखना रांची में भाजपा नेता उपेंद्र रजक ने फीता काटकर किया मौके पर उन्होंने कहा कि मेंटर कोचीन सेंटर मैं कई प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी साथ ही इस कोचिंग सेंटर गरीब छात्रों के लिए भी बेहतर ऑफर है *मौके पर कोचिंग के संचालक आलोक कुमार ने बताया कि मेंटर कोचिंग सेंटर में 6 माह का एसएससी, रेलवे ,बैंकिंग का क्लास संचालित होगा साथ ही सप्ताह में दो टेस्ट फ्री कराया जाएगा कोर्स फीस में 80% डिस्काउंट के साथ स्कॉलर पर 80 गरीब बच्चों को निशुल्क कोचिंग दिया जाएगा। कोचिंग में निदेशक आलोक जी के साथ निर्भय सिन्हा, फिरोज सर, चंदन सर, सुरेंद्र विभिन्न कोर्स का क्लास कराएंगे। आज का उद्घाटन मुख्य रूप से उपस्थित थे सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अनिल कुमार साहू, रविंद्र कुमार, नवल किशोर, प्रकाश सर, सुमित कुमार, वेणुगोपाल, चंद्रमोहन महतो, गुंजन रॉय, आदि यह जानकारी आलोक कुमार ने दी।

## अपराधियों ने छिनतई की घटना को अंजाम दिया

**रांची।** टांगर बरहे बेजांग रोड में आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल के समीप अज्ञात चोरों द्वारा आयुष कुमार सिंह से छिनतई की घटना को अंजाम दिया गया। आयुष कुमार ने बताया कि बिजुपाडा से घर आ रहे थे तभी पहले से घात लगाए दो लोग उनको चलती बाईक को जोर लात से मारते है जिससे आयुष सड़क पर गिर जाता है। उनके गिरते ही अपराधी गन सटा कर उनके पॉकिट से 3,800 रुपया लूट लिया और साथ ही मारपीट करके घायल कर दिया। बताते चलें कि इस रोड में आए दिन लूट की घटना होते रहती हैं। सूचना पाकर चान्हो पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचकर घटना का सारा जानकारी लिया और उपचार के लिए आयुष कुमार को स्वास्थ केन्द्र भेजा।

# श्री श्याम मित्र मंडल का 51वां स्थापना दिवस सह फागुन उत्सव मनाया जायेगा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्री श्याम मित्र मंडल का फागुन उत्सव 28 फरवरी से प्रारंभ होकर 4 मार्च तक चलेगा श्री श्याम मित्र मंडल इस वर्ष अपना स्वर्ण जयंती वर्ष मना रहा है जो कि पिछले फागुन में प्रारंभ हुआ था। श्री श्याम मित्र मंडल का 51वां स्थापना दिवस सह फागुन उत्सव हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास वातावरण में होने जा रहा है। उत्सव को लेकर वृहद रूप से पिछले एक महीना से तैयारियां चल रही है। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी व महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित इस महोत्सव के लिए मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू को संयोजक मनोनीत करके विभिन्न समितियों का गठन किया जा रहा है। इस क्रम में मंदिर स्थित कार्यालय में रोजाना महोत्सव संबंधित समीक्षा एवं तैयारियां हेतु बैठक चल रही है। इस पंच दिवसीय फागुन उत्सव में देश एवं स्थानीय विभिन्न कलाकारों को बुलाया गया है। पंच दिवसीय रंग रंगीलो श्री श्याम अमृत महोत्सव 28 फरवरी मंगलवार को श्री गणेश पूजन ध्वज स्थापना एवं 39 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा से हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में प्रारंभ होगा । इस दिन धनबाद से श्री पंकज मोदी एवं श्री पंकज सांवरिया श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ करने पधार रहे हैं। 01 मार्च को भव्य ध्वजा शोभायात्रा निशान दोपहर 1:00 बजे हरमू रोड से स्थित मारवाड़ी भवन से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में निशान यात्रा का समापन होगा। इस भव्य निशान यात्रा में प्रसिद्ध भजन गायक गौरव पारीक पंकज सांवरिया पंकज मोदी एवं स्थानीय कलाकार अपने सुमधुर भजनों से बाबा श्याम को रीझाएंगे। शोभायात्रा में सभी देवी देवताओं के बैनर विशेष झांकी ताशा ढोल नगाड़ा बैंड व बाबा की नयनाभिराम झांकी एवं 700 से ज्यादा भक्त जो बाबा श्री श्याम का निशान लेकर चलेंगे। ध्वजा यात्रा में बाबा श्याम को अति प्रिय इत्र की वर्षा भी की जाएगी जो कि विशेष रूप से जयपुर राजस्थान से मंगवाई जा रही है तथा वहां के ही कलाकारों एवं कारीगरों द्वारा इसकी वर्षा की जाएगी। शोभा यात्रा का समापन बाबा श्याम की निशान महाआरती के साथ हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में समापन होगा। 02 मार्च को श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का पूर्वः 11:00 बजे से नृत्य नाटिका के साथ कोलकाता के प्रसिद्ध पाठ वाचक संदीप सुल्तानिया और उनकी टीम की के द्वारा दरबार में 500 भक्तों के साथ सस्वर संगीतमय पाठ करवाया जाएगा।

# विधायक इंद्रजीत महतो के पुत्र ने कीटनाशक खाकर दे दी जान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सोमवार को सिंदरी के विधायक इंद्रजीत महतो के 29 वर्षीय बेटे विवेक कुमार महतो की मौत हो गई है। इंद्रजीत ने कीटनाशक खा लिया था। पुलिस के अनुसार, मृतक दिल्ली में रह रहा था और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। कुछ दिन पहले वह सिल्ली लौटा था और अपने एक दोस्त के साथ रह रहा था। उनके पिता और सिंदरी के बीजेपी विधायक लंबे समय से बीमार चल रहे हैं। उनका हैदराबाद के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप ने बताया कि विवेक ने रविवार की सुबह कीटनाशक का सेवन कर लिया था। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि विवेक डिप्रेशन से जूझ रहा हो। पुलिस के अनुसार ये आत्महत्या का मामला है। हालांकि, आगे की जांच चल रही है। कीटनाशक के सेवन के कारण उसे रविवार की शाम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि, उसे नहीं बचाया जा सका और सोमवार को उसने अंतिम सांस ली।बाबूलाल ने जताया दुखसिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो के पुत्र विवेक कुमार के निधन पर भारतीय जनता पार्टी ने घटना पर दुख व्यक्त किया है। पार्टी के कई कार्यकर्ता और विधायक पोस्टमार्टम विभाग पहुंचे। घटना पर दुख व्यक्त करते हुए भाजपा विधायक दल के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि एक तरफ जहां इंद्रजीत महतो पिछले लगभग दो वर्षों से बीमारी से ग्रसित हैं और इलाजरत हैं तो वहीं दूसरी तरफ उनके बड़े पुत्र का देहांत वाकई में दुखद घटना है।

# खेल प्रतियोगिता को लेकर समिति की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सोमवार को सहाय योजना अंतर्गत फुटबॉल, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, हॉकी खेलों के राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन को लेकर आयोजन समिति एवं उप समिति की अंतिम बैठक की गई। बैठक का आयोजन खेल निदेशक के कार्यालय में किया गया। बैठक में विशेष रूप से निबंधन, आवासन एवं भोजन समिति, मैदान व्यवस्था को लेकर पदाधिकारियों के बैठक की गयी। सभी ने अपने-अपने समस्याओं से अवगत कराया एवं उस व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए विचार विमर्श किया गया। बैठक में विशेष रूप से निदेशक महोदय ने सभी समिति के अपने दायित्व के बारे में जानकारी दी, जिससे वह अपना कार्य का सही ढंग से निर्वहन कर सकें, जिससे खिलाड़ियों को किसी प्रकार की कठिनाई ना हो, साथ ही साथ प्रतियोगिता का संचालन भी सुचारू ढंग से हो सके। इस खेल योजना के प्रचार-प्रसार के लिए रांची शहर के विभिन्न स्थानों पर होर्डिंग लगाने एवं नुक्कड़ नाटक कराने का भी निर्णय लिया गया।

### मयूराक्षी ने शंख और अमानत ने गंगा को हराया

# आशुतोष व इमरान को खिताब



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आशुतोष के शानदार 67 रन के बाद गेंदबाजों की सधी गेंदबाजी की बदौलत मयूराक्षी ने शंख को 13 रन से हराकर प्रतियोगिता में पहली जीत दर्ज की। बीएयू मैदान में खेली जा रही मीडिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता में सोमवार को खेले गए पहले मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए मयूराक्षी ने निर्धारित 16 ओवर में 6 विकेट खोकर 138 रन बनाए। आशुतोष के अलावा प्रिंस ने 29 और निर्भय ने 12 रन का योगदान दिया। शंख के मनोज को दो विकेट मिले जबकि विरेन्द्र और अमित को एक-एक विकेट मिला। 139 रन के विजयी लक्ष्य का पीछा करने उतरी शंख की टीम निर्धारित ओवरों में 8 विकेट खोकर मात्र 125 रन ही बना सकी और मैच 13 रन से हार गई। शंख की ओर से अमित सिंह ने 42 और सोनु ने 35 रन बनाए। मयूराक्षी के रिजवान आरिफ ने 3 जबकि परवेज अख्तर और सत्यप्रकाश पाठक ने 2-2 विकेट लिए। ग्रुप बी में तीन मैचों में मयूराक्षी की ये पहली जीत थी जबकि इतने ही मैचों में शंख की ये दूसरी हार थी। दिन के दूसरे मुकाबले में ग्रुप ए के मुकाबले में अमानत ने गंगा को 14 रन से हराकर प्रतियोगिता में सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को बरकरार रखा है। पहले खेलते हुए कप्तान रूपेश नारायण के 54 और प्लेयर ऑफ द मैच मोहम्मद इमरान के 38 रन की बदौलत अमानत ने 4 विकेट पर 152 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी में गंगा की टीम 8 विकेट पर 138 रन ही बना सकी और मैच 14 रन से गंवा बैठी। गंगा की ओर से अमित सिंह ने 33 रन बनाए। अमानत के अखिलेश सिंह ने 3 जबकि अमित सिंह और मोहम्मद इमरान ने दो-दो विकेट लिए। तीन मैचों में अमानत की ये दूसरी जीत है जबकि गंगा की ये लगातार तीसरी हार है।

**आयोजन** बीएयू में निर्यात के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन

# किसानों को जागरुक होना जरूरी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की संस्था कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) द्वारा बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के सहयोग से सोमवार को किसान उत्पादक संगठनों/ कंपनियों और प्रगतिशील किसानों के लिए निर्यात आधारित क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीएयू के कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ एसके पाल ने कहा कि झारखंड से सुगंधित चावल, मोटे अनाज एवं उनके प्रसंस्कृत उत्पाद, सब्जी, फल, फूल तथा गैर कास्ट वन उपज के निर्यात की काफी संभावनाएं हैं। इसके लिए कृषि निर्यात से जुड़ी सभी संस्थाओं को बेहतर समन्वय और तालमेल के साथ काम करते हुए किसानों को आवश्यक प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक करना होगा तथा जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करानी होंगी। इसके साथ ही किसानों को उत्पाद के प्रति जागरूक करना जरूरी है। झारखंड जैविक कृषि प्राधिकार (ओफाज) के सीईओ महालिंगा शिवा ने कहा किएग्रो केमिकल्स के अंधाधुंध प्रयोग से मिट्टी एवं जल स्त्रोत तथा पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण प्रदूषित हो रहे हैं। ओफाज राज्य के 24 में से 9 जिलों में सघनीकृत जैविक कृषि को बढ़ावा दे रहा है। यहां के किसान क्षेत्र की जलवायु के उपयुक्त कोई भी फसल उगा देंगे किंतु खरीदारों को इंडेंट देने के साथ-साथ कुछ एडवांस राशि भी देनी होगी उत्पादकों को। कल्याण विभाग की संस्था झारखंड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाइटी के अपर परियोजना निदेशक आशीष आनंद ने कहा कि सोसाइटी राज्य के 14 जिलों के 135 ट्राईबल सब प्लान प्रखंडों में जनजातीय किसानों की उपज एवं आमदनी बढ़ाने तथा जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए प्रयास कर रही है। उन्होंने उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ कृषि उत्पादों का लाभकारी विपणन सुनिश्चित करने, पोस्ट हार्वेस्ट नुकसान न्यूनतम करने के लिए कम लागत वाली प्रौद्योगिकी उपलब्ध कराने तथा सोलर आधारित शीतगृह बनाने पर जोर दिया। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय के संयुक्त निदेशक, रांची इंद्रजीत यादव, जिला कृषि पदाधिकारी विकास कुमार, केन्द्रीय कृषि मंत्रालय के विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय के प्रभारी सचिन कुणाल, नाबार्ड रांची की सहायक महाप्रबंधक पूजा भारती तथा एपीडा की व्यवसाय विकास प्रबंधक सुप्रभा मलिक ने कृषि निर्यात प्रोत्साहन संबंधी अपने-अपने संगठनों की योजनाओं पर प्रकाश डाला तथा किसानों से उसका लाभ उठाने की अपील की।

## खेल निदेशक को मिली मानद की उपाधि



**रांची।** राज्य की खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा को यूनाइटेड स्टेटस ऑफ अमेरिका के ब्रिटेन नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ क्वीन मैरी ने डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की है। यह उपाधि उन्हें स्पोर्ट्स डेवलपमेंट और सोशल वर्क के छेत्र में प्रदान किया गया है। इससे पूर्व श्रीमती लकड़ा ओलंपिक एजुकेशन पर जर्मनी से पढ़ाई कर चुकी है। श्रीमती लकड़ा के इस उपाधि प्राप्त करने पर झारखंड ओलम्पिक एसोसिएशन और राज्य खेल संघो के पदाधिकारियों श्री आर के आनंद, डॉ मधुकांत पाठक, शेखर बोस,अनिल कुमार जायसवाल, एसके पांडे,भोलानाथ सिंह, संजय झा आदि ने उन्हे बधाई दी है।


**MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA**

**e-Procurement Notice**

Very VeryShortTender Reference No.WRD/MID/LOHARDAGA/F2-18/2022-23 Date –11/02/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of Tender on website | 14/02/2023 up to 5.00 PM |
| 2. | Last date/Time for receipt of bids online | 23/02/2023 up to 5.00 PM |
| 3. | Last date for receipt of bids fee and security | 24/02/2023 |
| 4. | Date of opening of Tender | 25/02/2023 |
| 5. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 6. | (a) Contact No. of e-Procurement officer<br>(b) E-Mail of e-Procurement officer | 06526 223508<br>eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 7. | Helpline Number of e-Procurement cell | 0651-2491232 |

**Details of Works :-**

| Sl. No | Block | Name of Work | Estimated Cost (in Lac) | Cost of BOQ (in Lac) | Earnest Money (in Lac) | Last Date of Work Complition |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Kuru | Construction of KhadwaGarha Weir Scheme at Vill- Chadra. | 72.31600 | 0.10000 | 1.44700 | 06Months |
| 2 | Senha | Construction of Jhelojhariya Weir Scheme at Vill- Chau. | 68.77900 | 0.10000 | 1.37600 | 06 Months |

**Note: - Only e-Tender will be accepted**

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Minor Irrigation Division, Lohardaga.**

PR 290213 Lohardaga(22-23)#D

# मूलभूत शैक्षणिक सुविधा पाना छात्र-छात्राओं का अधिकार : आजसू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सोमवार को अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू का प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में डोरंडा कॉलेज के प्राचार्य से कई मांगों को लेकर मिला।
नई बिल्डिंग को जल्द से जल्द चालू कर उसमें कक्षाएं सुचारू रूप से चलाया जाए। कॉलेज कैंपस के आसपास या कैंपस के अंदर असामाजिक तत्व का प्रवेश पर पूर्णता प्रतिबंध लगाया जाए। कॉलेज में ड्रेस कोड को सख्ती से लागू किया जाए एवं सभी मुख्य द्वार में आई कार्ड अनिवार्य रूप से चेक किया जाए ताकि विश्वविद्यालय में बाहरी छात्रों का प्रवेश बंद हो और भयमुक्त माहौल बना रहे। कॉलेज कैंपस में पुलिस पिकेट की व्यवस्था अभिलंब की जाए। कॉलेज में अवकाश या किसी भी कारण से क्लास स्थगित होने की स्थिति में नोटिस 1 दिन पूर्व या प्रातः 7:00 बजे तक सभी विषय के डिपार्टमेंट के क्लास ग्रुप में भेज दिया



जाए ताकि ट्रेन से आने वाले छात्र-छात्राओं को कॉलेज जाने के बाद बिना क्लास किए वापस ना जाना पड़े। कॉलेज कैंपस में गर्ल्स कॉमन रूम की व्यवस्था अभिलंब की जाए। कॉलेज परिसर में कैंटीन की व्यवस्था की जाए। कॉलेज में लाइब्रेरी अथवा रीडिंग रूम की व्यवस्था मुहैया कराई जाए, जिससे कि खाली समय में छात्र-छात्राएं इधर उधर भटकने की बजाएं वहां बैठकर पढ़ाई कर सके। कॉलेज लाइब्रेरी में नई शिक्षा नीति के तहत सभी पुस्तकें अविलंब उपलब्ध कराई जाए। कॉलेज के हर एक विभाग में कक्षा सुचारू एवं नियमित रूप से टाइम टेबल एवं रूटीन के हिसाब से चलाई जाए। डोरंडा कॉलेज के सचिव अमित तिर्की ने कॉलेज के प्राचार्य को निम्नलिखित मांगों से अवगत कराते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा एवं उनसे आग्रह किया की छात्र-छात्राओं के हित में इन सभी मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के डोरंडा महाविद्यालय के अध्यक्ष बीएस महतो ने कहा कि उपरोक्त सभी मांगों को संवेदनशीलता के साथ विचार कर 7 दिनों के भीतर सकारात्मक पहल पूरी की जाए, अन्यथा अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) छात्रहित चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगी। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से: अभिषेक शुक्ला, बीएस महतो, अमित तिर्की, अंगद महतो, इम्तियाज अंसारी, ऋषि कुमार, ऋषभ राज, शकील अंसारी, पिंटू के अलावा अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू के कई सदस्य मौजूद थे।

# तकनीकी पदाधिकारियों को सिखाया जायेगा गुर




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भारतीय एथलेटिक्स संघ, नई दिल्ली एवं झारखंड एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में 13 से 15 फरवरी तक राष्ट्रीय रेस वॉक जज सेमीनार सह परीक्षा का सोमवार को उद्‌घाटन मोराबादी हॉकी स्टेडियम सभागार, रांची में किया जा रहा है, जिसमें विदेशी जज खु चोंग बैंग (मलेशिया), सान गोलेघर (आयरलैंड), हामिद (संयुक्त अरब अमीरात) एवं द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता भारतीय एथलेटिक्स संघ के मुख्य प्रशिक्षक राधा कृष्ण नायर मुख्य रूप से भाग ले रहें हैं। जिन्हें झारखंड एथलेटिक्स संघ के सचिव सीडी सिंह ने बुके देकर स्वागत किया।
तत्पश्चात प्रोजेक्टर के माध्यम से नये-नये बदलाव के बारे में जानकारी प्रदान की गई एवं 14 से 15 फरवरी तक रांची में 10 वीं राष्ट्रीय ओपन रेस वॉक प्रतियोगिता में आब्जर्वेशन, लिखित परीक्षा उपरान्त, राष्ट्रीय रेस वॉक जज तैयार होंगे। इस अवसर पर झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष सह भारतीय एथलेटिक्स संघ के कोषाध्यक्ष मधुकांत पाठक, एएफ आई क्नवेनर सतीश उचिल, एसके पाण्डे, शशांक भूषण सिंह समेत अन्य उपस्थित थे। इस सेमीनार में झारखंड समेत पूरे देश के लगभग 100 तकनीकी पदाधिकारी भाग ले रहे हैं।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई भू-अर्जन मामले की समीक्षात्मक बैठक

# भुगतान करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
उपायुक्त की अध्यक्षता में सोमवार को भू-अर्जन से संबंधित मामलों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में अपर समाहर्त्ता, रांची श्री राजेश बरवार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, रांची श्रीमती अंजना दास, परियोजना निदेशक, एनएचएआई (पीआईयू) एडिशनल डीएलएओ सह अंचल अधिकारी ओरमांझी एवं बेडो एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उन्होंने एनएच-33 के अंतर्गत मौजा तमाड़ में रायडीह मोड के पास सर्विस रोड में प्रभावित रैयतों का मुआवजा भुगतान दिनांक 22 फरवरी 2023 तक करने का निदेश दिया। साथ ही उन्होंने अतिरिक्त रिंग रोड में मौजा हेसल एवं चतरा में मुआवजा भुगतान में तेजी लाने को भी कहा। वैसे सभी



स्थान जहां पर सड़क निर्माण में असामाजिक तत्वों द्वारा अनावश्यक बाधा उत्पन्न की जा रही है, उनसे सख्ती से निपटने का निर्देश प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी को उपायुक्त द्वारा दिया गया। एनएच-23 में अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान की समीक्षा करते हुए उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा ने बचे हुए शेष 46 करोड़ की मुआवजा राशि का यथाशीघ्र रैयतों को भुगतान करने का निदेश दिये। उन्होंने नारो टिकरा टोली में प्रति सप्ताह 10 करोड़ की मुआवजा राशि भुगतान करने का निदेश दिया। महत्वकांक्षी भारत माला परियोजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा अतिरिक्त आमीन की प्रतिनियुक्ति करते हुए शेष 29 करोड़ की राशि का मुआवजा भुगतान जल्द से जल्द करने का निदेश दिया गया। शहर में विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत निमार्णाधीन फ्लाईओवर, एलिवेटेड रोड के निर्माण से होने वाली कठिनाई से निपटने एवं यातायात सुगमता के लिए भी उपायुक्त द्वारा अधियाची विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। पथ निर्माण विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पथ निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण के बाद मुआवजा भुगतान शीघ्रता से करने का निदेश दिया गया।

# लोस में निफ्ट का मामला उठाया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची में स्थित निफ्ट का मामला सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में नियम 377 के तहत उठाया और भारत सरकार से इसकी स्वायत्तता और उसकी राष्ट्रीय पहचान बचाने की दिशा में काम करने का आग्रह किया। सांसद ने सदन में कहा कि राष्ट्रीय उन्नत विनिर्माण प्रौद्योगिकी संस्थान, निफ्ट की स्थापना भारत सरकार के द्वारा रांची में यूनेस्को के सहयोग से 1966 में की गई। इसका मुख्य उद्देश्य मेटल मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में कुशल मेन पावर उपलब्ध कराना था। इस तरह की शैक्षणिक गतिविधियां वाला यह देश का एकमात्र संस्थान है। पिछले 50 वर्षों में इस संस्था ने देश-विदेश में विभिन्न स्तरों पर काम करके अलग पहचान बनाई है। सांसद श्री सेठ ने कहा कि देश के मेटल मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में हो रहे विस्तार के लिए इस संस्थान की संभावनाओं को देखते हुए इसे निटसेर एक्ट के तहत लाने की प्रक्रिया आरंभ हुई। इसके लिए समिति का गठन हुआ। 2019-20 में निटसेर एक्ट में शामिल करने



की अनुशंसा भी हो गई परंतु दुर्भाग्यपूर्ण रहा कि यह कार्य नहीं हो सका। श्री सेठ ने सदन में कहा कि राष्ट्रीय स्तर का यह संस्थान झारखंड स्टेट यूनिवर्सिटी के साथ एफिलिएटेड है। इस वजह से इसके शैक्षणिक संभावनाओं और कैरियर संबंधी गतिविधियों को लेकर विद्यार्थी सशंकित हैं। इन्हें कई प्रकार की बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आग्रह किया कि इस ऐतिहासिक संस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जाए। इसकी स्वायत्तता के लिए काम हो ताकि प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे विजन को सार्थक बना, उसे धरातल पर उतारा जा सके।




# खूंटी जिला के आंदोलनकारियों से संपूर्ण राज्य की पहचान बनी है : भुवनेश्वर

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा खूंटी जिला के तत्वावधान में झारखंड आंदोलनकारी सम्मेलन का आयोजन जीते जी झारखंड आंदोलनकारियों के मान-सम्मान पहचान नियोजन पेंशन राज्य गठन की तिथि से जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए सभी को समान रूप से देने एवं निशुल्क शिक्षा केजी टू पीजी तक तथा मेडिकल की सुविधा देने की मांग को लेकर डाक बंगला खूंटी में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गृह, कारा आपदा विभाग, झारखंड सरकार, झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग के सदस्य भुवनेश्वर महतो ने कहा कि खूंटी जिला का योगदान झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में सबसे बड़ा रहा है आज यहां के आंदोलनकारियों के कारण ही आंदोलन गतिमान हुआ और संपूर्ण राज्य में यही से अलग राज्य का आंदोलन आगे बढ़ा. खूंटी जिला के आंदोलनकारियों के मान-सम्मान पहचान के दिशा में आयोग की भूमिका सकारात्मक होगी। 1-1 आंदोलनकारियों का चिन्हितीकरण के कार्य में सहयोग किया जाएगा सही आंदोलनकारी छूटेंगे नहीं और गलत जुड़ेंगे नहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि जीते जी झारखंड आंदोलनकारियों की पहचान एवं मान सम्मान मिलनी चाहिए. खूंटी जिला के आंदोलनकारी उपेक्षित रहे हैं। लेकिन आज आयोग के द्वारा पहल किया जाना स्वागत योग्य कार्य है. खूंटी जिला के आंदोलनकारी अब झारखंड के नव निर्माण के संघर्ष में अपनी भूमिका दलगत भावनाओं से ऊपर



उठकर तेज करें। मौके पर विशिष्ट अतिथि केंद्रीय सचिव इजहार राही ने कहा कि हमें गोलबंद होकर अपनी लड़ाई लड़नी है सहज रूप में कोई भी मान-सम्मान पहचान नियोजन पेंशन नहीं देगा इसलिए पूरी तन्मयता के साथ झारखंड आंदोलनकारी गोलबंद हो। 12 मार्च को नेतरहाट में झारखंड आंदोलनकारियों का कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम किया जाएगा।

# भतीजे ने चाची को मार डाला



**नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला**
जिला पुलिस ने चंद घंटों के भीतर ही अपनी बड़ी चाची के हत्यारोपित भतीजा सरायकेला थाना क्षेत्र के पाटाहेंसल गांव निवासी 30 वर्षीय शिवा दोंगो उर्फ कंदरू दोंगो को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। बीते सोमवार को शिवा दोंगो ने अपनी सगी चाची जिंगी दोंगो एवं चाचा विश्वनाथ दोंगो पर लोहे के सब्बल से हमला कर घायल कर दिया था। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां जिंगी दोंगो की मौत हो गई थी। मृतक के पुत्र रामचन्द्र दोंगो ने अपने चचेरे भाई शिवा दोंगो पर अपनी मां की हत्या का आरोप लगाते हुए थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हत्यारोपित शिवा दोंगो को हत्या में प्रयुक्त सब्बल के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में सरायकेला थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि हत्यारोपित भतीजे के माता-पिता यानी मृतक की देवर-देवरानी के बीच विवाद हुआ था। जिसपर मृतक जिंगी दोंगों एवं घायल विश्वनाथ दोंगो ने फटकार लगाई थी। उस फटकार को शिवा ने दिल पर ले लिया था और उसी का बदला लेने के उद्देश्य से उसने अपने चाचा-चाची पर जानलेवा हमला कर दिया, जिसमे उसकी चाची की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि जैसे ही पुलिस को सूचना मिली, तत्काल एक टीम को वहां भेजा गया, जहां हत्यारोपित घायलों के शव के पास ही बैठा हुआ था।

# नामकुम में महारुद्र यज्ञ पर निकाली कलश यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। नामकुम**
नामकुम। शिवलोक धाम मरासिल्ली पहाड़ ट्रस्ट के तत्वाधान में होने वाले दसवें महारुद्र यज्ञ एवं शिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया। इसे लेकर सोमवार को आस-पास के विभिन्न जगहों से 1501 महिलाओं ने गाजे-बाजे के भोले बाबा के जयकारे साथ भव्य कलशयात्रा निकाली। यह कैलाश यात्रा राजाउलातू स्थित शिव धाम मंदिर प्रांगण से निकलते हुए सिदरौल, रामपुर, नामकुम बाजार, सदाबहार चैक से होते हुए घाघरा के स्वर्णरखा नदी पहुंचे। उपस्थित महिलाओं ने पुजारी द्वारा विधि विधान के साथ वापस शिवधाम पहुंचे। इस मौके पर खिजरी विधायक राजेश कच्छप, भाजपा के वरीय नेता मनोज कुमार सिंह,समीर राय,



सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, कृष्ण, समीर राय, अशोक नायक, अखिलेश यादव, रामधार सिंह सहित अन्य लोग शामिल हुए। कलश यात्रा मे कलश यात्रा मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष दयानंद राय के नेतृत्व में निकाली गई। अध्यक्ष ने बताया कि यज्ञ पांच दिन तक चलेगा। 18 फरवरी को शिवरात्रि महोत्सव एवं पंचमुखी हनुमान मंदिर वार्षिकोत्सव के अवसर पर भंडारा आयोजित किया जाएगा जिसके बाद कार्यक्रम का समापन होगा। सफल आयोजन में अध्यक्ष दयानंद राय, अशोक राय, रुद्रेश्वर राय, संतोष टोप्पो, भीम राय, रिंकू राय, मधु राय, सूरत राय, नरेंद्र राय, दिनेश सिंह, रामाशंकर सिंह,मोहन शर्मा, कैलाश महतो, आशुतोष राय, विनोद कुमार,शिव लकड़ा, मनोज राय, रविन्द्र खंडित,बंटी सिंह, राजेश ,गोवर्धन राय आदि सहयोग कर रहे हैं।

# अपराधियों ने अकाउंट से निकाले एक लाख रुपए

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो की पत्नी पुष्पा कुमारी के अकाउंट से भी साइबर अपराधियों ने एक लाख रुपए निकाल लिया है। इस मामले की सूचना सोमवार को नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने रामगढ़ थाने में दर्ज कराई है। उन्होंने बताया है कि 12 फरवरी को शाम 7:00 बजे मोबाइल नंबर 97145 98587 से उनकी पत्नी के मोबाइल नंबर 80023 64522 पर एक कॉल आया। कॉल करने वाले शख्स ने उनकी पत्नी को यह बताया कि फोन पे कंपनी से बात कर रहा है। उसने यह भी झांसा दिया कि फोन पे का इस्तेमाल करने की वजह से उन्हें बतौर बोनस के रूप में 6500 मिले हैं। इस बोनस को कैश कराने के लिए उन्हें कुछ जानकारियां देनी पड़ेगी। इसके बाद पुष्पा कुमारी के नंबर पर मैसेज आया। इसके बाद उन्होंने वह जानकारी फोन करने वाले व्यक्ति के साथ साझा किया। जानकारी देते हैं उन्हें यह पता चला कि उनके अकाउंट से 24999, 24999 और 49985 रुपए फोन करने वाले व्यक्ति के नंबर पर ट्रांसफर कर दिए गए हैं। कुल मिलाकर 99983 उनके अकाउंट से गायब हो चुके थे। पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है।

# छापेमारी में एक्सपायरी खाद सामग्री जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
एसडीओ सिमडेगा के द्वारा गुप्त सूचना के आलोक में ठेठईटांगर प्रखण्ड स्थित मो अफजाल के दुकान से भारी मात्रा में एक्सपायर पेय पदार्थ नमकीन, चिप्स, बरामद की।एसडीओ स्वयं प्रतिष्ठान जांच की । कुछ लोगों के द्वारा यह शिकायत कि गई थी कि मोअफजाल के दुकान में प्रतिबंधित पान मसाला के साथ एक्सपायर खाद्य सामग्री लोगों को प्रदान की जाती है जिसके निमित एसडीओ एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सिमडेगा के द्वारा औचक छापामारी की गई हालांकि प्रतिबंधित पान मसाला बरामद नही हो पाया परन्तु दुकान में रखी फ्रिज को खोल कर देखा गया तो पाया गया कि स्प्राइट एवं अन्य पेय पदार्थ एक साल पूर्व में ही इनकी समय सीमा समाप्त हो चूकी है, साथ ही गोदाम की जांच करने पर पाया गया कि काफी मात्रा में एक्सपायर खाद्य सामग्री भण्डार गृह में भण्डारित थी।ज्ञात हो कि गर्मी का मौसम आते ही दुकानदार द्वारा पहले से भण्डार किये गये पेय पदार्थ की बिक्री धड़ले से करने लगते है, जानकारी के अभाव के कारन लोग लेवल पर लिखे दिशा-निर्देश नहीं पढ़ पाते एवं भोले-भाले ग्राहक को कुछ पैसों के लालच में आकर दुकानदार एक्सपायर पेय पदार्थ पिला कर लोगो के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करते है जो कि सरासर गलत है।

# छात्रावास, मेस व परिवहन की नवगठित समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आज वाईबीएन विश्वविद्यालय के मीटिंग हॉल में डीएसडब्लू डॉ. अर्पणा शर्मा की अध्यक्षता में छात्रावास, मेस और परिवहन समिति की बैठक संपन हुई। वाईबीएन विश्वविद्यालय के छात्रावास, मेस और परिवहन समिति के नवगठित सदस्यों की पहली बैठक वाईबीएन विश्वविद्यालय के मीटिंग हॉल में हुई। बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई जिसमे मुख्यतः छात्रावास में मरम्मत, अनुरक्षण सुविधाओं पर विचार विमर्श करना, मेस में सुविधाओं पर विचार करना एवं परिवहन संबंधी सुविधाओं पर विचार मुख्य थे। बैठक के बाद डॉ. अर्पणा शर्मा ने कहा कि सभी विषयों पर बारीकी से चर्चा हुई कुछ बातें सामने निकल कर आई है जिसके निष्पादन के लिए मैनेजमेंट से बात कर निकट भविष्य में तुरंत उसका निष्पादन किया जाएगा ' बैठक में डीएसडब्लू डॉ. अर्पणा शर्मा ,डॉ श्यामदेव गोंड, मिस्टर संजीव कुमार, मिस्टर आर एन बिरंचि, मिस प्रिय ,मिस प्रीति, मिस माधुरी घोष, मिस्टर सतीश कुमार ,मिस्टर भीम कुमार यादव, मिस्टर राम प्रकाश यादव , मिस शैल देवी, मिस्टर रवि रंजन,मिस्टर मनोज कुमार यादव, मिस्टर कृष्णा मुरारी मुख्या रूप से उपस्थित थे।

# नामकुमः कई लोगों ने भाजपा का थामा दामन

**नवीन मेल संवाददाता। नामकुम**
नामकुम के लाली पंचायत के महुआटोली में टुसू मिलन समारोह सह कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। समरोह में मुख्य अतिथि में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन,खिजरी सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम के दौरान खिजरी विधानसभ कार्यकर्ता सम्मेलन में सैकड़ों की संख्या में विभिन्न राजनीतिक पार्टियों नेताओं ने भाजपा की सदस्ता ली। सदस्यता लेने वालों में मुखिया जीरिन टोप्पो, बबीता देवी, पंचायत समिति सदस्य सुनिता कुमार, राजेंद्र महतो, जितेंद्र



महतो, मनोज कुम्हार, राजहस महतो, जगदीश मुण्डा, रेखा देवीसहित अन्य लोग शामिल है। कार्यक्रम का नेतृत्व सांसद प्रतिनिधि अशोक नायक ने किया व सफल बनाने में मुक्तिनाथ मिश्रा, अनु तिवारी, गोरखनाथ सिंह, रमेश लकड़ा, जयराम महतो, अनंत राम महतो, दीलीप कुमार, सुबोध सिंह, उमाकांत राय, राजेन्द्र महतो, रूद्रेश्वर राय, संदीप मतहो, रमेश ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## शिव बारात निकालने की तैयारियां जोरों पर

**देवघर।** देवघर में कोरोना के बाद शिव बारात निकालने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। इस बार भी बाबाधाम में शिवलोक को उतारने की तैयारी चल रही है। बारात का मुख्य आकर्षण मानव-दैत्य और पंचनी चुड़ैल होगा। साथ ही जी-20 समिट से संबंधित झांकी होगी। शिवरात्रि महोत्सव समिति के अध्यक्ष अभिषेक आनंद झा ने बताया कि पूरे शहर को और बारात रूट को चंदन नगर के आकर्षक विद्युत सज्जा करके दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। बाबा भोले की बारात में आने वाले एक-एक भक्त ही कार्यक्रम के सुरक्षा कवच हैं। शहरवासियों, पुलिस व प्रशासन की सहायता से शिव बारात का सफल आयोजन होगा। समिति की ओर से करीब एक हजार से अधिक वॉलेंटियर की तैनाती होगी। तीन साल के बाद शिव बारात निकाली जा रही है। इसलिए बाबाधाम में भारी भीड़ होने की संभावना है। जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि 18 फरवरी को ड्राई डे घोषित किया जाये, ताकि शराब की दुकानें बंद रहें।

## बोलबा टीम विजयी, किया जोरदार स्वागत

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय के बी0आर0सी0 मे खेलो झारखंड के तहत जिला स्तरीय फुटबॉल खेल के विजेता टीम को जोरदार स्वागत किया गया । इस मौके पर बताया गया कि प्रस्तावित उच्च विद्यालय आवगा की बालिकाओ ने जिला स्तरीय फुटबॉल टुर्नमेन्ट मे विजयी रहा । साथ ही शील्ड लेकर बोलबा प्रखंड को अव्वल रखा।प्रखण्ड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी मनमोहन गोस्वामी ने कहा कि ये हमारे लिए गौरव की बात है कि बोलबा प्रखण्ड फुटबॉल खेल में विजयी रहा।अब राज्य स्तरीय खेल में भाग लेने के लिए तैयारी की जा रही है । उन्होंने यह भी कहा कि बोलबा की धरती मे अनेको खेल रत्न है जिस प्रकार समुद्र मंथन मे चौदह रत्न मिले थे उसी प्रकार ये हमारे बोलबा के रत्न है जिन्हे मात्र तराशने ने की आवश्यकता है ।इस जीत को उन्होने ऐतिहासिक बताया। इस मौके पर 16 फरवरी को राज्य स्तरीय खेल में जीत के लिए खिलाडियों शुभकामनाएं दिया गया।इस मौके पर रोहित कुमार, रामानंद कुमार , सोनी देवी, विश्वा सिंह एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## राज्य सरकार हर मोर्चे पर फेल : कर्मवीर सिंह

**सिमडेगाः** भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा ग्रामीण(सेवई) कार्यसमिति की बैठक सेवई पकरी टोली में एवं बीरू मंडल की बैठक दुर्ग विजय सिंह देव के आवास पर हुई,बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश संगठन प्रभारी कर्मवीर सिंह एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय मौजूद थे। सेवई मंडल अध्यक्ष देवकीनंदन साय ने स्वागत भाषण करते हैं कार्यकताओं को कहा की हमारे मंडल का सौभाग्य है की प्रदेश संगठन प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री हमारे बीच मार्गदर्शन के लिए मौजूद हैं इनके मार्गदर्शन में मंडल में संगठन सशक्त होगा,वहीं बीरू मंडल में मंडल अध्यक्ष घनश्याम सिंह ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहां की मंडल के कार्यकर्ता पूरी तरह तैयार हैं आने वाले चुनौती के लिए संगठन के निर्देश पर कार्यकर्ता पूरी तरह तैयार हैं।संगठन प्रभारी कर्मवीर जी ने सबसे पहले दोनो मंडल कार्यसमिति का वृत्त लिया, और संगठन को मजबूत बनाने के गुण कार्यकर्ताओं को दिए। उन्होंने कहा कि आप सभी मेहनती कार्यकर्ता हैं आपके समक्ष आने वाले वर्षों में लोकसभा और विधानसभा दोनों चुनाव हैं अभी से ही संगठन को मजबूत करें ताकि आने वाले दोनों चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहरें।

## उत्क्रमित स्कूल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**नामकुम।** हहाप पंचायत के प्रस्तावित उत्क्रमित मॉडल मध्य विद्यालय सरवल में केयर इंडिया के योजनान्तर्गत सामुदायिक विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि में जिप सदस्य रामअवतार केरकेट्टा व खिजरी मुखिया कामेर्ला कच्छप उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने स्कूल में बड़ी संख्या में वैज्ञानिकों ने अपने अपने कौशल और कार्यों बच्चों ने मानव शरीर विज्ञान, वायरस, दूर संचार, सौरमंडल, प्रकाश एवं वैकल्पिक ऊर्जा आदि विषयों पर कई कृतियां तैयार की थी। रामअतार केरकेट्टा ने कहा इस बच्चों इस तरह प्रदर्शन बहुत बेहतर हे। सुदूरवर्ती गांव ग्रामीण परिवेश से आते हैं जहां बाजार एवं संसाधनों की घोर कमी होती है। बच्चों ने उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर अतिथि, बीआरसी नामकुम के प्रतिनिधि, केयर इंडिया के सोनम शुक्ला, विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका, एसएमसी सदस्य एवं बड़ी संख्या में स्थानीय अभिभावक समूह उपस्थित हुए।

## वाणिज्यिक न्यायालय अधिनियम 2015 को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन

**लोहरदगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा द्वारा सिविल कोर्ट परिसर स्थित सभाकक्ष में डालसा के पैनल अधिवक्ताओं, मध्यस्थों एवं लोहरदगा बार के इच्छुक अधिवक्ताओं के बीच वाणिज्यिक न्यायालय अधिनियम, 2015 के विभिन्न पहलुओं को लेकर एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। 40 से अधिक अधिवक्ताओं, मध्यस्थों एवं स्पेशल अपीलीय वाणिज्यक न्यायाधीश के बीच सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता अनील कुमार साहू ने बतौर प्रशिक्षक प्रतिभागियों के बीच वाणिज्यिक विवादों को तीव्र गति से निपटाने के लिए अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अन्य सिविल वादों की तरह वाणिज्यिक वाद को नहीं लिया जाना चाहिए अन्यथा तकनीकी आधार पर सूट डिसमिश किया जा सकता है। प्रशिक्षित मध्यस्थ सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राजेश कुमार ने कहा कि किसी भी वाणिज्यिक विवाद को वाणिज्य न्यायालय में ले जाने के पूर्व इसे मध्यस्थता के द्वारा सुलझाने के प्रयास करने होंगे धारा 12-अ इस संबंध में आवश्यक प्रक्रिया का उल्लेख करती है। वाणिज्यिक विवाद को न्यायालय तभी पंजीकृत करेगी जब मध्यस्थ द्वारा इसे सुलझाने का प्रयास कर लिया गया हो और उसमें सफलता नहीं मिल पाई हो।

**महत्वपूर्ण**

### वैज्ञानिक युग में भी साप्ताहिक हाटों की महत्ता नहीं हुई कम

# खूंटी में अर्थ व्यवस्था की रीढ़ है हाट

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
आधुनिकता के दौर में आज भले ही शहरों से गांव तक मॉल और नेटवर्किंग संस्कृति पनप रही हो, लोग मंगल और चांद में बसने का ख्वाब देख रहे हों। पर कुछ प्राचीन परंपराएं आज भी इन झंझावातों के बीच अपना अस्तित्व बचाने में न सिर्फ सफल रही हैं, बल्कि एक बहुत बड़ी अर्थ व्यवस्था की रीढ़ बनी हुई हैं। उन्हीं में एक है सप्ताह में एक दिन किसी खास गांव में लगने वाली साप्ताहिक हाट। साइबर क्रांति ने पूरी दुनिया को एक जगह सिमट दिया है, इसके बावजूद इस वैज्ञानिक युग में भी साप्ताहिक हाटों की महत्ता कम नहीं हुई है। आज भी ये हाट ग्रामीण



अर्थ व्यवस्था का आधार बनी हुई हैं। आज भी एक नीयत दिन पर किसी खास गांव में हाट लगती है, जहां सूखी और ताजा मछली से लेकर साग-सब्जी, जड़ी-बूटी, अंग्रेजी दवा, फल, बीज, पौधे, कपड़े, बेल्ट, चश्मा, कृषि के यंत्र, सोना-चांदी के गहने, गंडा-ताबीज, फटे पुराने नोटों की बदली, टेलरिंग, खाद्य सामग्री से लेकर मवेशी तक की खरीद-बिक्री होती है। कहने का तात्पर्य है कि हाट एक ऐसी जगह है, जहां वाहन छोड़कर जरूरत का हर सामान सुई-धागा हो तेल-मसाले जरूरत की हर चीज वहां मिलती है। साप्ताहिक हाट लोगों के मिलने-जुलने और सुख-दुःख की बातें करने का एक माध्यम है। सुदूर ग्रामीण इलाकों में तो आज भी चिट्ठी-पत्री को डाकिया हाटों में ही बांटते हैं। सार्वजनिक या सरकारी जमीन पर लगने वाली हाटों की बंदोबस्ती प्रशासन द्वारा की जाती है, जबकि निजी जमीन पर लगनेवाली हाट से गांव वाले राजस्व की वसूल करते हैं। गांव-देहात में लगनेवाली साप्ताहिक हाटों में आज भी कहीं-कहीं वस्तु विनिमय प्रणाली(बार्टर सिस्टम) लागू है, सामान के बदले सामान की खरीद-बिक्री की जाती है। हाटों में चूड़ा, मुरही(मुर्रा) की बिक्री धानया चावल के बदले की जाती है। यदि आपको चूड़ा आदि खरीदना हो, तो आपको उसके बदले धान या चावल देना होगा। कुछ क्षेत्रों में चावल-धान, गेंहू जैसे अनाज देकर ग्रामीण अपनी जरूरत की दूसरी वस्तु खरीदते हैं। खूंटी जिले में वैसे तो सैकड़ों गांवों साप्ताहिक हाट लगती है। पर खूंटी जिले में कुछ ऐसी हाट हैं, जो खूंटी ही नहीं, दूसरे जिलों में भी विख्यात हैं, जहां हर हाट में 50 हजार से अधिक की भीड़ जुटती है। खूंटी की सोमवार और शुक्रवार को लगने वाली हाट के अलावा मुरहू, मारंगहादा, तपकारा, जम्हार, रनिया आदि बड़ी हाट हैं, जहां दूसरे जिलों के व्यापारी भी दुकानदारी के लिए पहुंचते हैं।

# केंदुआ में सुबह अपराधियों ने चलाई गोलियां, बाल बाल बचे राजेश यादव

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
केंदुआडीह थाना क्षेत्र के केंदुआ-झरिया मुख्य मार्ग पर सोमवार सुबह करीब 7:30 बजे बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने अन्धाधुन्ध फायरिंग कर दहशत फैला दी। बाइक पर सवार होकर आए तीन अपराधियों ने कोयला उत्खनन से जुड़े आउटसोर्सिंग कंपनी के लिए काम करने वाले राजेश यादव पर निशाना साध कर चलाया था, गनीमत रही कि इस गोलीबारी में राजेश यादव बालबाल बच गए। बताया जाता है कि केंदुआडीह थाना से महज पांच सौ मीटर की दूरी पर स्थित अपने आवास से बाहर निकल कर आउटसोर्सिंग कंपनी के लिए काम करने वाले राजेश यादव



अपने पिता के साथ सड़क के किनारे खड़े थे। उसी दौरान एक बाइक पर सवार होकर आए तीन अज्ञात बदमाशों ने उनपर एक-एक करके छह गोलियां दाग दी। गनीमत रही कि राजेश अपराधियों के गोली से बचने में कामयाब रहे। अपराधियों द्वारा चलाई गई गोलियां सड़क किनारे बने दीवार और एक दुकान के शटर पर लगी है। घटना के बाद मौके पर पहुंची केंदुआडीह पुलिस मामले की जांच करने में जुटी है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व में भी राजेश यादव पर हमला हो चुका है। इससे बचने के लिए उन्होंने अपनी सुरक्षा में निजी गार्ड भी रखा है। साथ ही उन्होंने अपनी सुरक्षा को लेकर धनबाद पुलिस से गुहार भी लगाई है।

# 18 फरवरी को महाशिवरात्रि, शिवलिंग पर जरूर चढ़ाएं बेलपत्र

## कई वर्षों बाद इस दिन बन रहे हैं कई दुर्लभ संयोग : मिथिलेश तिवारी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
महाशिवरात्रि का पर्व शिव भक्तों के लिए बहुत ही खास है। इस बार महाशिवरात्रि 18 फरवरी शनिवार दिन मनायी जाएगी। हिंदू पंचांग के अनुसार फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। महाशिवरात्रि का पर्व भगवान शिव की आराधना, पूजा-पाठ, जाप और साधना के लिए सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। महाशिवरात्रि पर देश के सभी शिव मंदिरों में भारी भीड़ होती है। शिव भक्त इस पावन दिन शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं। भगवान शिव को बेलपत्र बहुत ही प्रिय होता है। इस साल महाशिवरात्रि पर शनि प्रदोष व्रत है भी है, साथ ही इस दिन बहुत ही दुर्लभ संयोग बन रहा है। महाशिवरात्रि के दिन तीन राशियों में 6 ग्रह विराजमान रहेंगे। इस दिन बुध और चंद्रमा मकर राशि में रहेंगे। महाशिवरात्रि पर ऐसा संयोग दुर्लभ संयोग बनने के कारण श्रद्धलुओं की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। उक्त बातें 13 फरवरी को बाबा विश्वनाथ ज्योतिष केंद्र सोंढ़ चितरपुर के संचालक मिथलेश तिवारी ने कही। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि के मौके पर तीन राशियों में 6 ग्रह विराजमान रहने वाले हैं। जिसमें से दो गुरु एक साथ मीन राशि में होंगे। जिसमें शुक्र और गुरु ग्रह शामिल हैं। जबकि, बुध -चंद्रमा जो आपस में पिता पुत्र है वह मकर राशि में और सूर्य -शनि जो पिता पुत्र हैं वह कुंभ राशि में रहेंगे। इस तरह मकर से मीन तक 3 राशियों में 6 ग्रहों का बेहद दुर्लभ संयोग बन रहा है। इससे कई राजयोग बनेंगे। जैसा मालव्य योग, हंस योग, शश योग। इसके अलावा इस दिन शनि पुष्य योग भी बन रहा है। वहीं, शनि और सूर्य कुंभ राशि में संचार करेंगे। सूर्य और शनि पिता और पुत्र हैं ऐसे में इन दोनों का साथ आना बहुत ही शुभ माना जाता है और शुक्र, गुरु और नेपच्यून मीन राशि में विराजमान रहने वाले हैं।

### महाशिवरात्रि पूजा मुहूर्त

तिवारी ने बताया कि 18 फरवरी को सुबह 8 बजकर 22 मिनट से 9 बजकर 46 मिनट तक शुभ चौघड़िया में पूजा करना उत्तम रहेगा। इसके बाद 2 बजे से 3 बजकर 24 मिनट तक लाभ चौघड़िया रहेगा। जिसमें पूजा करना लाभप्रद रहेगा। 3 बजकर 24 मिनट से 4 बजकर 49 मिनट तक अमृत चौघड़िया रहेगा इस समय भी श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा कर सकते हैं। इस समय पूजा करने से श्रद्धालु की मनोकामना पूर्ण होगी। मिथिलेश तिवारी ने बताया कि शाम में भगवान शिव की पूजा अर्चना के लिए शाम में 6 बजकर 13 मिनट से 7 बजकर 48 मिनट तक लाभ चौघड़िया में भी श्रद्धालु पूजा कर सकते हैं। भगवान शिव की पूजा में आधी रात जो निशिथ काल की पूजा है उसका सबसे ज्यादा महत्व है। 10 बजकर 58 मिनट रात के 1 बजकर 36 मिनट तक महानिशिथ काल में भगवान भोलेनाथ की पूजा श्रद्धालु करें। महाशिवरात्रि की साधना के लिए महानिशीथ काल को सबसे महत्वपूर्ण माना गया है।

## एसवीएम पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह



**भुरकुंडा।** एसवीएम पब्लिक स्कूल भुरकुंडा में दशम वर्ग के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक आरके शर्मा ने विद्यार्थियों को अपने भावुक वचनों के साथ विदाई संबंधी बातें करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना दिए. विद्यालय सचिव इंदू शर्मा ने भी अपने भावुक वचनों से विद्यार्थियों को मेहनत करने और मैट्रिक परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने का सुआशीष और साथ में उपहार प्रदान किया। मंच संचालन करते हुए अविनाश पाण्डेय ने विद्यार्थियों को कड़ी लगन और मेहनत कर सफलता प्राप्त करने शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक गुरेन्द्र सिंह , हेमंत वर्मा, सुनील वर्मा, नंदिनी वर्मा , पलविंद्र कौर , मधुसागर, अलिला , संध्या, सह विद्यालय के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## महायज्ञ को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के परबत्ता में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा सह महायज्ञ का आयोजन को लेकर ग्रामीणों ने बैठक की। बैठक की अध्यक्षता ईश्वर मंडल व संचालन बहादुर ठाकुर ने किया।इस दौरान ग्रामीणों ने सर्वसम्मति प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ धूमधाम से आयोजन करने को लेकर सहमति जताई।उपस्थित ग्रामीणों ने नवनिर्मित मंदिर में नौ दिवसीय हनुमान प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ आयोजन का निर्णय लिया । इसके बाद महायज्ञ की तैयारी को लेकर बैठक में उपस्थित लोगों को कार्यों की जिम्मेवारी सौंपी गई और धार्मिक कार्यक्रमों पर विशेष रूप से चर्चा कर कई निर्णय लिए गए। इस दौरान उप मुखिया प्रतिनिधि छोटी यादव ने बताया कि अगली बैठक में ग्रामीणों की उपस्थिति में महायज्ञ का शुभ मुहर्त निकाला जाएगा और कमेटी का गठन किया जाएगा। बैठक में महेश मंडल, सुसेन पांडेय, बालकी यादव, वीरेंद्र राणा, प्रयाग भुइयां, मनोज यादव, दिनेश यादव, दीपक राणा, सिक्की विश्वकर्मा, पप्पू रविदास, रामेश्वर यादव, रूप लाल यादव, संजय राम, राजेश मंडल, नंदकिशोर पांडेय, प्रतुल चटर्जी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

# पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन का प्रथम अधिवेशन हुआ संपन्न

## रामगढ़ से विभिन्न विभाग के कर्मचारी हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन का प्रथम अधिवेशन रविवार को औद्योगिक विश्वविद्यालय सभागार नामकुम रांची में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विशिष्ट अतिथि झारखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति विनय कुमार पांडे, कुलसचिव डॉ अमर चौधरी मौजूद थे। अधिवेशन की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह ने किया। वहीं, अतिथियों का स्वागत प्रदेश कोषाध्यक्ष नितिन कुमार ने किया। अधिवेशन में शामिल होने के लिए रामगढ़ से विभिन्न विभागों के कर्मचारी गए। जिनमें संगठन के प्रदेश प्रवक्ता डॉ सुनील कुमार कश्यप, उपाध्यक्ष लोकेश कुमार , लाल बिहारी यादव, सुनील कुमार, श्याम किशोर महतो, जतरू महतो, लोको पायलट उदय कुमार महतो, जिला प्रवक्ता अनुज खत्री, जिला सहसंयोजक सीताराम साहू, सह संयोजक बुद्धू देव मुंडा आदि शामिल थे। महाधिवेशन के संबंध में प्रदेश प्रवक्ता डॉ सुनील कुमार कश्यप ने कहा कि मुख्य अतिथि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के कर्मचारियों को सेवा निवृत होने के उपरांत परेशानी नहीं हो इसको ध्यान में रखकर राज्य सरकार ने राज्य में पुरानी पेंशन योजना को लागू करने का निर्णय लिया है। कहा कि राज्य सरकार राज्य के कर्मचारियों के हितों का पूरा ख्याल रखेगी।

# डीएवी में मनी दयानंद सरस्वती की जयंती




**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
डीएवी पब्लिक स्कूल में स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाया गया । कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार व हवन के साथ हुआ । इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत भजन कीर्तन का आयोजन किया गया । दीपक कुमार नी स्वागत गान प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया । वही विद्यालय के बच्चो ने भी स्वामीजी की के जीवन पर आधारित कई महत्पूर्ण बाते रखी । इस अवसर पर विद्यालय के बच्चे स्वामी जी के विभिन्न वेशभूषों में नजर आए । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने स्वामी जी के मूल मंत्र में कृण्वांतो विश्वमार्यम और वेदों की ओर लौटो पर विस्तार से जानकारी दी । बताया कि स्वामी जी विश्वकल्याण के लिए सदैव अग्रसर रहे । मंच का संचालन करते हुए राजेश कुमार सिन्हा और शिवानी सिंह ने किया । इस अवसर पर कल्याणी सिंह, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान, एलएमसी सदस्य इंद्रदेव यादव, अश्विनी शर्मा कहा आदि थे।

## प्रवासी मजदूर की मिजोरम में मौत, क्षेत्र में शोक



**बरकट्ठा।** प्रखंड के गंगपाचो निवासी विनोद चौधरी 35 वर्ष,पिता अरुण चौधरी की मौत पोकलेन दुर्घटना के क्रम में हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मिजोरम में मृतक पोकलेन चला रहा था इसी बीच पोकलेन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे मौके पर मौत हो गई।वहीं लोगों ने बताया कि मृतक अत्यंत ही गरीब परिवार से है। घटना की सूचना परिजनों को मिलते ही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने शव लाने के लिए झारखंडी एकता संघ से संपर्क की जिसके बाद शव लाने की प्रयास किया जा रहा हैं।

## नवविवाहिता ने कर ली जीवनलीला समाप्त

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बरकट्ठाडीह में एक नवविवाहिता ने साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। लोगों के मुताबिक बरकट्ठाडीह निवासी सुरज ठाकुर ,पिता सुखदेव ठाकुर की शादी चांदनी कुमारी, पिता जितेन्द्र ठाकुर राजधनवार ,गिरिडीह निवासी के साथ इस वर्ष 8 फरवरी को संपन्न हुआ था और शादी के पांचवें दिन ही नवविवाहिता ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। मृतका के पिता ने पुलिस को आवेदन देते हुए बताया कि शादी के बाद ही वह मानसिक तनाव में आ गई थी। वहीं पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# आछासं नप कमेटी की बैठक आयोजित




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
आजसू पार्टी जिला कार्यालय में आजसू छात्र नगर परिषद कमेटी बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में युवा समाजसेवी पीयूष चौधरी उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष मनोज कुमार महतो व संचालन महासचिव शिवम पिलई ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीयूष चौधरी ने कहा अगामी 27 फरवरी को होनेवाले रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में एनडीए गठबंधन की प्रत्याशी सुनीता चौधरी को क्रम संख्या 2 केला छाप में मुहर लगाकर विजय बनाएं। उन्होंने आजसू छात्र संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक में रामगढ विधानसभा उपचुनाव पर विस्तृत चर्चा किया। मौके पर आजसू छात्र संघ के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस उपचुनाव में छात्र संघ एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में लोगों के घर घर जाकर उनसे वोट देने की अपील करेगी। कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे सुनीता चौधरी को ऐतिहासिक जीत दिलाने का पूरा प्रयास करेंगे।

# झापा प्रत्याशी संतोष कुमार महतो ने किया जनसंपर्क, मांगा जनसमर्थन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत गोला प्रखंड के सोनडीमरा, डिमरा, उलादाका, बरगा, नेमरा , असाड़ीबागान आदि का सोमवार को झारखंड पार्टी के प्रत्याशी संतोष कुमार महतो ने दौरा कर 27 फरवरी को होनेवाले उपचुनाव में लोगों से अपने पक्ष में मतदान की अपील की। इस क्रम में उन्होंने नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि रामगढ़ विधानसभा से जो भी प्रतिनिधि अबतक विजय हुए उन्होंने यहां की मूलड्डूम सुविधाओं शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य आदि के सुधार की ओर ध्यान नही दिया। जिस कारण रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आज भी लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नही हो पायी हैं। महतो ने लोगों से कहा कि आप मुझे समर्थन देकर विजय बनाएं मैं रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराउंगा।

## कृषि कानून के विरोध में बरही के व्यवसायियों ने राज्यव्यापी आंदोलन का किया समर्थन

# 15 से बंद रहेंगे सभी थोक-खुदरा की दुकानें



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
सरकार ने कृषि कानून के तहत दो प्रतिशत की टैक्स बढ़ोतरी कर व्यवसाई सहित आम जनता को परेशान किया है । उक्त बातें बरही व्यवसाई संघ के अध्यक्ष कपिल से केसरी की अध्यक्षता में संपन्न हुए बैठक में व्यवसायियों ने कही । बताया कि लोग अभी तक कोरोना के मार से से उबरे नहीं है, और सरकार ने यह टैक्स आम जनता पर लादकर जनहित विरोधी कार्य किया है । बैठक धनबाद रोड स्थित व्यवसाई रमेश केसरी के आवास पर आयोजित की गई थी । जिसमें मुख्य रुप से हजारीबाग चैप्टर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुबोध कुमार अग्रवाल एवं सचिव राकेश ठाकुर उपस्थित रहे । सभी व्यवसायियों ने सर्वसम्मति से 15 फरवरी से होने वाले राज्यव्यापी आंदोलन का समर्थन किया । इन लोगों ने बताया कि जब तक सरकार काला कानून वापस नहीं लेती है तब तक अनुमंडल के सभी थोक एवं खुदरा व्यापारी अपने प्रतिष्ठान बंद रखेंगे । बैठक में मुख्य रूप से महालक्ष्मी ट्रेडिंग के विजय जायसवाल, प्रसाद केसरी, चंदन जायसवाल, अजय प्रसाद केसरी, संदीप केसरी, मनोज केसरी, बिनोद केसरी, संदीप कुमार आदि कई व्यवसाई मौजूद थे ।

## हादसे में दो लोगों की मौत, दो घायल

**कोडरमा।** चंदवारा थाना अंतर्गत जोंगी पुल के पास एक कार के अनियंत्रित होकर पलट जाने से कार सवार चार व्यक्ति में दो व्यक्ति की मौत हो गई। घटना में दो अन्य व्यक्ति घायल हुए हैं। मृतक की पहचान वीरेंद्र यादव ( 50 ) और त्रिलोकी गोप (46) के रूप में हुई। जबकि घायलों में उपेंद्र यादव और गणेश यादव शामिल हैं, जिन्हें हल्की चोट है। सभी ग्राम पेतुला चौपारण हजारीबाग के निवासी हैं। जानकारी के अनुसार रविवार रात करीब 10.30 बजे अपनी कार से चार लोग कोडरमा रिश्ता के लिए आए थे। रिश्ते की बात करके वापस घर लौटने के क्रम में जोंगी पुल के पास कार अनियंत्रित होकर पलट गयी।

# 12वीं के छात्रों को दी गयी विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
राधा गोविंद शिक्षण संस्थान के प्रांगण में 13 फरवरी को बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस क्रम में सर्वप्रथम 12वीं के विद्यार्थियों को तिलक लगाकर एवं उपहार देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। समारोह में विद्यालय के सचिव बीएन शाह, प्रियंका कुमारी, विद्यालय की प्राचार्या तापसी प्रमाणिक, उप प्राचार्य सुजीत कुमार मोहंती, प्रशासक केएन सिंह एवं समस्त शिक्षक गण तथा विद्यार्थी उपस्थित थे। समारोह के प्रारंभ में उप प्राचार्य सुजीत कुमार मोहंती एवं प्रियंका कुमारी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अपना आशीर्वचन दिया। तत्पश्चात कक्षा 11वीं के छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर राधा गोविंद शिक्षण संस्थान के समस्त कर्मचारी गण उपस्थित थे।

**चेतावनी** — सड़क किनारे धूल उड़ने से दुकानदारों व राहगीरों को चलना हुआ मुश्किल

# 24 घंटे के अंदर पानी का छिड़काव करे विभाग



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड के बनवारी स्थित जीटी रोड में वाहनों के चलने से उड़ने वाली धूल, मार्ग किनारे दुकानदारों व राहगीरों का जीना मुहाल कर रखा है। भारी वाहनों के चलने से उड़ने वाली धूल की समस्या से अब तक लोगों को निजात नहीं मिल पा रही है। विदित हो कि दिल्ली कोलकाता की मुख्य मार्ग होने के कारण यहां से रोजाना हजारों वाहन होकर गुजरते हैं जिससे आस-पास के क्षेत्र में दिनभर धूल उड़ता रहता है। धूल उड़ने के कारण लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। अगर यही स्थिति रही तो आने वाले समय में इस क्षेत्र के लोगों को प्रदूषण से होने वाले विभिन्न बीमारियों का खतरा बना रहेगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क निर्माण एंजेसी राजकेसरी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के कर्मियों की शिकायत के बाद भी इसे सुधारने का प्रयास नहीं किया गया। सड़क पर उड़ रही धूल से लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। इस मार्ग पर धूल ही धूल नजर आता है। साथ ही भारी वाहन के पीछे-पीछे चलने वाले छोटे-छोटे वाहन खासकर बाइक चालकों को ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है। बाइक चालक को सड़क पर उड़ रही धूल आंखों के सामने ओझल कर देती है जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। मामले को लेकर जिला परिषद प्रतिनिधि चंद्रकांत पांडेय एवं बेलकपी मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय ने सड़क निर्माण एंजेसी के संवेदक से जल्द ही पानी की छिड़काव की मांग की। साथ ही उन्होंने कहा कि 24घंटे के अंदर पानी की छिड़काव नहीं करती है तो क्षेत्र की जनता के साथ जीटी रोड का कार्य बंद करेंगे। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से भी समस्या समाधान की मांग की है।



## प्रखंड में कुल 196 आवास अधूरे

# अधूरे काम को जल्द से जल्द पूरा करें : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
बरही । प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्गत आवास अभी तक किया स्थानों पर पूर्ण नही हुए है । इसे लेकर बीडीओ सी आर इंदीवर ने स्थल भ्रमण कर लाभुको को शीघ्र कार्य प्रारंभ करते हुए आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया है । जानकारी देते हुए आवास प्रखंड समन्वयक कमलेश कुमार ने बताया कि यह सभी आवास वित्तीय वर्ष 2016 से 2022 के बीच के है । उन्होंने बताया कि इस दौरान कुल 2229 आवास की मंजूरी हुई थी । जिसमे कुल 196 आवास अधूरे है । जिसे शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया है । प्रखंड के अनुसार इनमे से कुल 2217 लोगों को आवास निर्माण हेतु पहली किस्त की राशि दिए जा चुके हैं। जबकि 12 लाभुको को तकनीकी समस्या या अपूर्ण दस्तावेजों के कारण पहली किस्त की राशि नही भेजा जा सका है। वही 2022 लाभुको को दूसरी किशत जबकि 1957 लाभुको के बीच तीसरी किशत की राशि भेजी जा चुकी है। अधूरे आवास को शीघ्र पूरा करने के लिए बीडीओ ने लाभुको को निर्देश दिया है।

NEWS इन ब्रीफ

## सेन्हा से दो स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**सेन्हा।** न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आलोक में दो स्थाई वारंटी को सेन्हा पुलिस गिरफ्तार कर लोहरदगा जेल भेज दिया है। सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु ग्राम से दो स्थाई वारंटी को सेन्हा पुलिस गिरफ्तार कर सोमवार को लोहरदगा जेल भेज दिया बताया जाता है कि अलग अलग कांड में दोनो आरोपी का संलिप्ता था और लंबे समय तक न्यायालय में उपस्थित नही होने पर न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आलोक में आदेश का पालन करते हुए स्थाई वारंटी रुस्तम अंसारी एवं सुस्तम अंसारी को अरु स्थित घर से गिरफ्तार कर नियम संगत कारवाई करते हुए मेडिकल जांचोपरांत दोनो वारंटी को जेल भेजा गया।

## दयानंद सरस्वती की जयंती मनायी गयी

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती मनाया गया। आचार्य गणेश साहू ने कहा महर्षि दयानंद सरस्वती एक महान संत एवं समाज सुधारक थे। उनके जीवन से हमें प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। वह बाल विवाह के विरोधी थे तथा विधवा विवाह पर उन्होंने जोर दिया। 'सत्यार्थ प्रकाश' उनकी प्रसिद्ध रचना है इस महान पुस्तक की रचना से वह विश्व प्रसिद्ध लेखक हो गए। नए समाज की रचना एवं नवीन शिक्षा पद्धति पर उन्होंने जोर दिया। डी०ए०वी० जैसे शिक्षण संस्थान की स्थापना उनके द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अशोक कुमार सिंह, सुनीता कुमारी, दीपिका कुमारी एवं समस्त भैया बहन सभी आचार्य उपस्थित थे।

## चेक बाउंस मामले में फरार वारंटी गया जेल

**भंडरा।** भंडरा पुलिस ने सोमवार को फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि भंडरा के सोरन्दा गांव निवासी जमशेद अंसारी पिता अलीम अंसारी को चेक बाउंस के मामले में उसके घर से पकड़ कर न्यायिक हिरासत में लोहरदगा भेज दिया गया है।

## ललित नारायण स्टेडियम में मातृ-पितृ पूजन दिवस आज

**लोहरदगा।** स्थानीय ललित नारायण स्टेडियम में 14 फरवरी को स्वराज मेरा अधिकार, विश्व हिंदू एकता मंच, योगवेदांत सेवा समिति, युवा सेवा संघ,के तत्वावधान में दिन के 3 बजे मातृ देवो भवः पितृ देवो भवः के आदर्श की संस्कृति की पुनः स्थापना हेतु, बच्चो के चरित्र निर्माण और माता पिता के वास्तविक प्रेम को प्रगट करने हेतु एवं पाश्चात्य कुसंस्कृति से रक्षार्थ ये पवित्र मातृ पितृ पूजन दिवस का आयोजन होगा। उक्त जानकारी विश्व एकता मंच के राष्ट्रीय मंत्री रवि कुमार ने देते हुए कहा कि कार्यक्रम में नगर वाशी अपने बच्चो के साथ सहभागी होकर अपने बच्चो के उज्ज्वल भविष्य एवं चरित्र के निर्माण में सहयोगी बनें तथा पृथ्वी के साक्षात देव 'माता पिता' के पूजन का यह परम अवसर का सपरिवार लाभ ले।

## पुलिस ने लचरागढ़ में चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत लचरागढ़ में ए एस आई जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में कोलेबिरा पुलिस प्रशासन के द्वारा लचरागढ़ के चौक चौराहों पर अपराध नियंत्रण को लेकर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें दो पहिया वाहनों के डिक्की, वाहन के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस और हेलमेट आदि चेकिंग किया गया। बिना हेलमेट पहने दो पहिया वाहन चालकों एवं बिना कागजात वाले चालकों के उप्पर चालान भी काटा गया साथ ही चालकों को शक्त हिदायत भी दिया गया साथ ही कहा गया कि मोटरसाइकिल चलाते समय मोबाईल का प्रयोग ना करे। शराब पी कर वाहन ना चलाए। यदि बिना हेलमेट पहने, मोबाईल में बात करते हुए और शराब पी कर गाड़ी चलाते हुए पकड़े जाने पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 22 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर दे दी जान

### जिंदा में हिंदू बनकर छुपाई पहचान, मौत के बाद पुलिस के सामने खुला राज



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
ठेठईटांगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरोमिया जुपाटोली गांव में बीती रात 22 वर्षीय युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी परिजनों को हुई जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची एवं शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेजा। वहीं मौत के बाद पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया जिसके बाद उसकी पत्नी सुनकर दंग रह गई और चित्कार मार कर रोने लगी। बताया गया कि वह युवक धनबाद के बरमसिया फाटक विनोद नगर कॉलोनी निवासी हुसैन अंसारी था जो कि फेसबुक के माध्यम से इस गांव की एक लड़की से प्रेम प्रसंग करते हुए उसके साथ यहां पर रह रहा था और एक 6 महीन की बेटी भी है और गांव में उसने अपना पहचान राजकुमार महतो के रूप में दी थी और इसी से उसकी पहचान थी। यहां तक कि उसकी पत्नी को भी उसके बारे में कुछ भी पता नहीं था। इधर मौत के बाद जब पुलिस उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेजने की तैयारी की तब जाकर मामले की बारीकी से छानबीन की तो इस मामले में मौत की सूचना पाकर मृतक की बहन आई और इस मामले की खुलासा की उसके बाद पूरे परिवार दंग रह गए। वहीं मृतिका की पत्नी ने बताया कि बहन भी पोस्टमार्टम हाउस से बाहर से ही भाग गई तथा दूरभाष कर शव को धनबाद भेजने की बात कही। हालांकि मृतक के ससुराल वाले यह कहते हुए शव को अपने साथ गांव ले गए कि वह सक्षम नहीं है। इधर आत्महत्या के कारणों का पुलिस पता लगा रही है लेकिन जिस प्रकार से युवक द्वारा अपनी पहचान छिपाकर इस गांव की भोली भाली युवती के साथ रह रहा था इससे क्षेत्र में चर्चा का विषय है।

# भालू के हमले से युवक गंभीर रूप से घायल

**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**
सोमवार को भालू के हमले से पहाड़टोली निवासी एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड अंतर्गत पहाड़टोली निवासी अरविंद डुंगडुंग इमली तोड़ने के लिए अपने घर के पास के एक जंगल जा रहा था। इसी दौरान एक जंगली भालू ने अरविंद डुंगडुंग के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे अरविंद के शरीर में काफी गहरी चोटें आई हैं, उनके सिर में चेहरे में हाथ में और पैरों में काफी गंभीर जख्म भालू के हमले से हुआ है। अरविंद डुंगडुंग को घायल अवस्था में उनके परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पर उसका प्राथमिक उपचार डॉक्टर के के शर्मा के द्वारा किया जा रहा है। इधर इस घटना की जानकारी वन विभाग कोलेबिरा को भी दिया गया है।

### कुरडेग थाना में शांति समिति की बैठक सम्पन्न, अंचल अधिकारी बोले

# सौहार्द्र के साथ मनायें त्योहार



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग**
थाना परिषर में अंचल अधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की की अध्यक्षता में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अंचल अधिकारी ने कहा कि पर्व की गरिमा और आपसी भाइचारे का पूरा ख्याल होना चाहिए तभी त्योहार का पुर्ण आनन्द मिलेगा आज के परिवेश में कानून व्यवस्था बड़ी चुनौती है जो आमजन के सहयोग बिना संभव नही है। उन्होंने इस महापर्व को सदभावपूर्वक मनाने की अपील की और कहा कि प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। अवांछनीय तत्वों पर पूरी तरह नजर रहेगी किसी भी दशा में एसे लोग बख्शे नहीं जाएंगे। उन्होंने समाज के अगुआ लोगों से बारात परम्परागत तरीके से सम्पन्न कराने की बात कही उन्होने कहा कि ये सब मौका साल में एक बार आता है इसलिए इस खुशी के मौके को ब्यर्थ नहीं जाने दें कुरडेग भाइचारे की एक मिशाल है यहाँ सभी लोग एक दुसरे का त्योहार मिलजुल कर मनाते आए हैं वहीं त्योहार एवं झिरकामुण्डा मेला को देखते हुए अबैध शराब की विक्री बन्द कराने की बात कही। थाना प्रभारी मुन्ना रमानी ने कहा कि मनचलों एवं शोहदों को चिनहित कर कड़ी कार्रवाई के लिए पुलिस जगह जगह पर तैनात रहेगी छेड़ खानी व तंज कसने वालों को सीधे जेल भेजा जाएगा शिवरात्रि पर्व के अवसर पर कुरडेग थाना क्षेत्र के अन्य शिव मंदिरों पर पुलिस बल की गश्ती व निगरानी रहेगा इस दौरान किसी भी प्रकार की घटना होतो तत्काल इसकी जानकारी थाना को दें पुलिस बल सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्द्धपूर्ण माहौल में मनाने के लिए लोगों को जागरूक कर रही है।

जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा ने यातायात समेत अन्य बिन्दुओं पर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। बैठक में मुख्य रूप से जयसवाल, गुड्डू खान, प्रमुख सरस्वती देवी, उप प्रमुख अजय जयसवाल समेत शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### महाशिवरात्रि पर्व : ठेठईटांगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

**ठेठईटांगर।** थाना परिसर में आगामी महाशिवरात्रि पर्व को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आने वाला शिवरात्रि महापर्व 18 फरवरी दिन शनिवार को सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ मिलजुल कर मनाएंगे।ठेठईटांगर शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर 18 फरवरी दिन शनिवार को सुबह छिंदा नदी से शिव मंदिर तक कलश यात्रा, संध्या में रुद्राभिषेक,शिव बारात एवं महाप्रसाद भंडारे का आयोजन होगा। बैठक में ठेठईटांगर क्षेत्र के विभिन्न



शिवालयों कैलाश धाम, अलसंगा नदी धाम, छुरिया धाम ताराबोगा, टुकूपानी मे भी त्योहार मनाने एवं क्षेत्र मे विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार शांति समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि त्यौहार को आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं एवं अफवाह से परहेज करें। मौके पर थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश ने शांति समिति के लोगों से आग्रह किया कि वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का उपयोग करें एवं साइबर क्राइम के ठगी के शिकार से बचें। बैठक में अंचलाधिकारी समीर कश्यप एसआई मैथ्यू एक्का प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज में जिला परिषद सदस्य अजय एक्का एएसआई बालमुकुंद मिश्रा मोहम्मद अलाउद्दीन अनिल कुमार शंकर राव पप्पू कुमार रमेश प्रसाद बंधु मांझी सैयुन टेटे रजनीकांत टुकूपानी अरविंद कुमार विजय ठाकुर शैलेंद्र कुमार जयकुमार सरवन सेनापति दशरथ सिंह शांति समिति के सदस्य एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# केंद्रीय टीम के सदस्यों ने जाना सेमरडीह के बिरहोर का हाल

**नवीन मेल संवाददाता। किस्को**
जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र का केंद्रीय टीम के सदस्यों ने दौरा कर केंद्र सरकार की ओर से जनजाति परिवार वालों को दी जाने वाली सुविधाएं व योजनाओं के लाभ के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्राप्त किया। इस दौरान केंद्रीय सदस्य मनोज कुमार सिंह उप सचिव एवं संयोजक एवं रवि कांत तालतिया एजीएम एनएसटीएफडीसी के द्वारा किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकी के सेमरडीह में निवास कर रहे बिरहोर परिवार वालों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए एवं केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित कराने हेतु बीडीओ सह सीओ बुडाय़ं सारू व ग्राम पंचायत खरकी की मुखिया चांदमनी उरांव एवं अन्य विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया। इस दौरान केंद्रीय टीम के सदस्यों ने बिरहोर परिवार वालों से सीधा मुखातिब होते हुए आधार कार्ड, बिजली, पेयजल, राशन कार्ड, जमीन पट्टा, बीमा योजना, डाकिया योजना के तहत राशन की आपूर्ति, आयुष्मान योजना का लाभ, महुआ उत्पादन , खेती कार्य हेतु जमीन, स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ एवं पीलिया बीमारी पर झाड़ फूंक की



बारीकी से जानकारी प्राप्त करते हुए अंधविश्वास को दूर करने हेतु प्रेरित किया। साथ इस माडल भारत में मोबाइल सेवा का लाभ मिलने, मक्का की खेती हेतु भूमि उपलब्ध कराने, कुपोषित बच्चों की जानकारी, आंगनबाडी. सेविका व सहिया के द्वारा नियमित रूप से हाल जानने पहुंचते हैं कि नहीं इसकी जानकारी ली। वहीं केंद्रीय टीम के सदस्यों के द्वारा क्षेत्रीय त्योहार कैसे मनायी जाती है इसकी भी जानकारी ली। इधर आदिम जनजाति परिवार वालों से बात करते हुए मुख्य जीविकोपार्जन के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी हासिल किया गया। इसपर बिरहोर परिवार वालों ने केंद्रीय टीम के सदस्यों के समक्ष जंगल से कंदमूल एवं रस्सी बनाए जाने, जंगल पहाड़ पर्वत से जड़ी बूटी आंवला, सरई लाकर दवा बनाकर बिक्री कर अपना परिवार का भरण पोषण मुख्य जीविकोपार्जन बताया। इस बीच केंद्रीय टीम ने बिरहोर परिवार के लोगों से बातचीत में जानकारी प्राप्त करने के उपरांत स्कूल की दूरी और बच्चों के पठन पाठन की बात पूछी जिसपर किस्को और गांव के प्राथमिक विद्यालय में बच्चों की पढ़ाई लिखाई कराये जाने की बात बताई। इधर केंद्रीय टीम के सदस्यों ने बीडीओ सह सीओ और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनजातीय परिवार केंद्र सरकार की योजनाओं से अछूता न रहे इसे हर हाल में सुनिश्चित करें। साथ ही अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आदिम जनजाति परिवार वालों को रोजगार मुहैया कराने में मदद करें। मौके पर आदिम जनजाति परिवार वालों के द्वारा केंद्रीय टीम के सदस्यों के सामने आदिम जनजाति पेंशन योजना का लाभ दिलाने सहित अन्य सभी प्रकार के सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग रखी गई। जिसपर उचित पहल किये जाने का भरोसा केंद्रीय टीम के सदस्यों ने दी। मौके पर बीडीओ सह सीओ बुडाय़ं सारू, मुखिया चांदमनी उरांव, प्रधान सहायक बिफई उरांव सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

# महाशिवरात्री को लेकर शांति समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
सदर थाना परिसर में महाशिवरात्री और सालाना उर्स के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। एसडीओ अरविंद कुमार लाल, एसडीपीओ बीएन सिंह, थाना प्रभारी अनिल उरांव की उपस्थिति में बैठक हुई। बैठक में लोहरदगा नगर परिषद सिटी मैनेजर विजय कुमार मौजूद रहे। इधर बैठक में सभी समुदाय के गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए और आपसी भाईचारा के साथ त्योहार मनाने एवं क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा की गई। मौके पर एसडीओ अरविंद कुमार लाल ने कहा कि त्योहार को आपसी सौहार्द व शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। नशापान कर हुड़दंग ना करें। किसी प्रकार के विवाद उत्पन्न ना करें। ऐसा होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। अफवाह फैलाने से परहेज करें। अफवाह फैलाने वाले लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी, मौके पर एएसआई सुकु सोरेन, एएसआई अरविंद शर्मा, एएसआई अशरफी बहेलिया, एएसआई संजय कुमार, ट्रैफिक इंचार्ज संतोष कुमार यादव, सफदर आलम, अफसर कुरैशी, नेहाल कुरैशी, दीपक सरफा, अजय पंकज, विमल कांत सिंह, प्रदीप राणा, बालमुकुंद लोहरा, सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# जेएसएलपीएस और डीएलसीसी की बैठक आयेजित, दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जेएसएलपीएस (झारखंड राज्य लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी) डीएलसीसी की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में डीपीएम जेएसएलपीएस को निदेश दिया गया कि भंडरा में सभी 788 महिला स्वयं सहायता समूह का बेसलाइन सर्वे कराया लें और जिनकी आय 1 लाख रुपये से कम है उन्हें संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए संसाधन उपलब्ध करा कर उनका जीवन स्तर ऊपर उठाएं। सभी को लखपति बनाने की दिशा में लाने की कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।इसके लिए बेसलाइन सर्वे जरूरी है और समूह को चिन्हित करते हुए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्य किया जाना है। बैठक वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, जिला पशुपालन पदाधिकारी, आत्मा परियोजना उप निदेशक, डीपीएम जेएसएलपीएस, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### जिला चयन समिति की हुई बैठक




**उपायुक्त** डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में कस्तूरबा विद्यालय से संबंधित जिला चयन समिति की बैठक हुई। बैठक में कस्तूरबा विद्यालयों में रिक्त गणित और शारीरिक शिक्षा विषय के शिक्षकों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई और शिक्षकों के चयन के लिए लिखित परीक्षा आयोजित कोई जाने का निर्णय लिया गया। परीक्षा आयोजन के लिए उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक समिति गठित किये जाने का निर्देश दिया गया जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक भी होंगे। परीक्षा के तिथि संबंधी निर्णय समिति द्वारा लिया जाएगा। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, श्रम अधीक्षक और अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित थे।

## लोहरदगाः अवैध कोयले से लदा ट्रक हुआ जब्त, चालक गिरफ्तार

**लोहरदगा।** पुलिस ने अवैध कोयला परिवहन करते हुए एक ट्रक को जब्त किया है। इस मामले में ट्रक के चालक को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेजा गया है। पुलिस ने मामले में कांड अंकित करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव ने बताया की पुलिस को यह सूचना मिली थी कि लातेहार के रास्ते लोहरदगा अवैध कोयला लदा ट्रक आ रहे हैं, जिसके बाद पुलिस ने विशेष वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान लोहरदगा एसपी आर राम कुमार के निर्देश पर सदर थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक अनिल उरांव के नेतृत्व में शंख नदी मोड़ के समीप पुलिस द्वारा चलाए जा रहे वाहन जांच अभियान के दौरान कोयला लदे चार ट्रक को रोककर कागजात की जांच की गई जिसमें तीन ट्रकों के कागजात सही पाए गए। जबकि एक कोयला लदा ट्रक के कागजात की जांच की गई तो उसमें गड़बड़ी मिली है।

## अनियंत्रित हो बाइक चालक एनएच पथ पर गिरने से हुआ घायल

**सेन्हा।** सेन्हा थाना के समीप एन एच 143 ए पथ पर बाइक चालक अनियंत्रित हो कर गिर गया जिससे बाइक चालक का शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई है। घटना के उपरांत स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से टेम्पू चालक सह सेन्हा निवासी सद्दाम अंसारी के द्वारा घायल अधेड़ व्यक्ति को इलाज हेतु सेन्हा पीएचसी में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान राँची जिला के चान्हो थाना अंतर्गत होन्हे निवासी स्वर्गीय सुकरा कुजूर के पुत्र श्यामनाथ कुजूर के रूप में किया गया। बताया जाता है कि श्यामनाथ कुजूर अपने बाइक जे एच 01 के 7488 से लोहरदगा की ओर से घाघरा जा रहा था। अचानक बाइक का बैलेंस बिगड़ गया और अनियंत्रित हो गिर गया। जिससे श्यामनाथ कुजूर घायल हो गया। फिलहाल चिकित्सको द्वारा खतरे से बाहर बताया गया।

कार्यक्रम

### स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज 2 के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

# संरचनाओं का आकलन करें, तैयार करें कार्ययोजना

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
उप विकास आयुक्त सिमडेगा की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज 2 के तहत क्रियान्वित की जाने वाली योजनाओं के सफल संचालन को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान ठोस तरल अपशिष्ट मैनेजमेंट के तहत नाडेप, वर्मी कम्पोस्ट, सॉकपीट एवं कम्पोस्ट प्लास्टिक वेस्ट, गोर्वधन छुटे हुए लाभको का शौचालय निर्माण आदि की जानकारियों से सभी को अवगत कराया गया। 25 फरवरी 2023 तक अभियान चलाते हुए स्वच्छ एवं अपशिष्ट प्रबंधन के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर सभी संरचनाओं के आकलन कर कार्य योजना तैयार किए जायेंगे। उप विकास आयुक्त अरूण वाल्टर सांगा की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर संरचनाओं के आंकलन हेतु जिला स्तरीय



एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन नगर भवन, सिमडेगा में जिला जल एवं स्वच्छता समिति सिमडेगा के तत्वाधान में किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रशिक्षकों का स्वागत कार्यपालक अभियंता द्वारा किया गया और उनके द्वारा कार्यशाला के बारे में चर्चा की गई। इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज- II वित्तीय वर्ष 2020-21 से प्रारंभ किया गया है साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 तक सम्पूर्ण ग्राम स्तरों पर मिशन मोड में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य विभिन्न विभागों के अभिसरण यथा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज विभाग तथा अन्य विभागों से किया जाना है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज 2 के तहत विभिन्न आयामों पर कार्य किया जाना है। इसी उद्देश्य के साथ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज 2 के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के क्रियान्वयन के लिए संरचनाओं का आकलन कर विलेज सेनिटेशन सैचुरेशन प्लान तैयार किया जाना है। जिसके तहत जिला स्तर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संजय पांडेय राज्य समन्वयक यूनिसेफ के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के क्रियान्वयन के लिए संरचनाओं का आकलन कर विलेज सेनिटेशन सैचुरेशन प्लान विषय पर पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गयी और प्रशिक्षण के दौरान उनके द्वारा बताया की निर्धारित सामयावधि में आंकड़ा संग्रह करने हेतु पंचायत स्तर के सभी हितधारकों द्वारा सक्रिय भूमिका निभाते हुए जीपी एक्शन प्लान तैयार किया जाए साथ ही विभिन्न विभागों यथा पेयजल स्वच्छता विभाग, पंचायती राज विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग के अभिशरण पर विस्तृत चर्चा की गई।उप विकास आयुक्त ने कार्यशाला में उपस्थित मुखिया को निर्देश दिया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत छूटे हुए सुयोग्य लाभुक का चयन करें। लाभुक के शौचालय निर्माण के बाद उनके व्यक्तिगत खाते में शौचालय की राशि भुगतान किया जाएगा।इसके अलावे उपविकास आयुक्त ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रहेगी। साथ ही सभी प्रखंड के मुखिया, जल सहिया इस योजना को सफल बनाने हेतु जमीनी स्तर पर कार्य करेंगे। 25 फरवरी तक सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों द्वारा अभियान चलाते हुए सभी ग्रामों में जाकर वहां की संरचनाओं के आंकलन तैयार करते हुए जिला स्तरीय योजना तैयार करेंगे जिसके आधार पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने एक डाटा तैयार करने की सलाह दी जिसके तहत पूर्व के वर्षों में विभिन्न योजनाओं के तहत कई स्ट्रक्चर का निर्माण किया जा चुका है जिसका आंकलन करते हुए उनका पुनः उपयोग किया जा सकता है वैसे स्ट्रक्चर्स की सूची तैयार करें। कार्यशाला के दौरान जिला पंचायती राज पदाधिकारी द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और पंचायती राज विभाग के अभिशरण पर विस्तृत चर्चा की गई।कार्यक्रम के तहत किए जाने वाले कार्य के बारे में बताया गया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत ओ.डी.एफ. प्लस पर ध्यान केंद्रित करने के साथ ही खुले में शौच मुक्त अभियान को जारी रखा जाएगा तथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन को भी बढ़ावा दिया जाएगा। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की निगरानी निम्नलिखित सात संकेतकों के आधार पर की जाएगी- प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, जैव अपघटित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (जिसमें पशु अपशिष्ट प्रबंधन शामिल है), धूसर जल प्रबंधन, मलयुक्त कीचड़ प्रबंधन करने। इस कार्यक्रम में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि हर व्यक्ति शौचालय का इस्तेमाल करे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों के निर्माण को बढ़ावा देने के लिये मौजूदा मानदंडों के अनुसार नए पात्र परिवारों को शौचालय निर्माण उपरांत उनके व्यतिगत खाते में 12,000 रुपए की राशि प्रदान करने का प्रावधान जारी रहेगा।

NEWS इन ब्रीफ

### जिले के खाद्य पदार्थो के कारोबार कल से रहेंगे बंद

**मेदिनीनगर।** फेडरेशन ऑफ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के आह्वान पर राज्य सरकार द्वारा पारित झारखंड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन (सबर्धन और सुविधा) विधेयक 2022 के विरोध में कल से पलामू जिला की खाद्यान्न,किराना ,आलू प्याज एवं अन्य खाद्य सामग्री की दुकानें अनिश्चित काल तक बंद रहेगी । ज्ञात हो कि इस विधेयक से खाद्य सामग्री पर 2 प्रतिशत बाजार शुल्क लगेगा जो उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ होगा। पड़ोसी राज्यों में भी बाजार शुल्क लागू नहीं है। बाजार शुल्क लगने से कृषकों को उनके उपज का कम मूल्य मिलेगा। कृषि उत्पादन, विपणन प्रसंस्करण प्रभावित होगा तथा व्यवसाय का पलायन होगा। इसके विरोध में संघ के द्वारा एक दिवसीय सांकेतिक बंदी भी किया का चुका है। लेकिन सरकार के द्वारा कोई भी सकारात्मक पहल नहीं करने के कारण संघ अब अनिश्चित समय के लिए बंद बुला रहा है। बंद की सूचना पत्र के माध्यम से पलामू उपायुक्त, अधीक्षक और सदर एसडीओ को दिया गया है।

### बाइक से गिरकर युवक घायल

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के कुंड मुहल्ला निवासी विपुल सोनी का पुत्र अमन कुमार उम्र 19 वर्ष बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार अमन कुमार रविवार की शाम अपने दो मित्रों के साथ पुलिस लाइन चाय पीने गया था। इस बीच चाय पीकर जब वह अपने घर वापस लौट रहा था तभी रास्ते में बाइक से गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया । इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया।

### छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रांची।** हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के नदी ग्राउंड की रहने वाली रेशम नामक छात्रा ने फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली। घटना सोमवार की है। रेशम लिटिल गार्डेन स्कूल की दसवीं की छात्रा थी। बताया जा रहा है कि रेशम का मुहल्ले के ही एक युवक से प्रेम प्रसंग था। इसकी जानकारी रेशम के परिजनों को मिली। सोमवार को रेशम के परिजनों ने उस युवक के घर पर हमला कर दिया। घर में घुसकर युवक और उसके परिजनों के साथ मारपीट की और तोड़फोड़ भी कर दिया। इसी गुस्से में आकर रेशम अपने कमरे में गयी और दरवाजा बंद कर दिया। काफी देर तक रेशम के कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों ने उसे आवाज दी। मगर भीतर से कोई जवाब नहीं मिला। दरवाजा तोड़कर देखा तो रेशम पंखा में फंदा लगाकर झूली हुई थी। आनन-फानन में पास के एक अस्पताल में उसे ले जाया गया, जहां मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद रेशम को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद हिंदपीढ़ी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# राष्ट्रीय नाट्य प्रतियोगिता में पलामू को मिला प्रथम पुरस्कार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू की चर्चित नाट्य संस्था मासूम आर्ट ग्रुप को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित नाट्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मिला है। यह प्रतियोगिता कला संगम द्वारा 10 से 12 फरवरी तक गिरिडीह में किया गया था। प्रतियोगिता में मासूम आर्ट ग्रुप को उनके द्वारा प्रस्तुत नाटक राजपाट के लिए प्रथम पुरस्कार मिला, द्वितीय स्थान पर दिल्ली, तृतीय स्थान पर भोपाल व चौथे स्थान पर कोलकाता की टीम रही। मासूम के कलाकारों ने इस प्रतियोगिता में निजी वर्ग में भी आठ अन्य पुरस्कार अपने नाम किए। मासूम के अध्यक्ष विनोद पांडेय ने बताया कि मासूम द्वारा प्रस्तुत नाटक राजपाट को प्रथम पुरस्कार मिलने के साथ साथ इस नाटक के निर्देशन के लिए सैकत चटर्जी को बेस्ट डायरेक्टर का द्वितीय पुरस्कार मिला। श्री पांडेय ने बताया कि नाटक की कहानी एक ऐसे जमींदार के इर्द गिर्द घूमती है । जिसकी जमींदारी तो अब नहीं रही पर उसे लगता है की वो अब भी उस इलाके का राजा है। उसका गुरुर, आत्मसम्मान, घमंड उसे वास्तव से दूर रखता है। इस नाटक में राजा के चरित्र में अभिनय के लिए सैकत चटर्जी को बेस्ट एक्टर का तृतीय व बहु की चरित्र में अभिनय करने के लिए मुनमुन चक्रवर्ती को बेस्ट एक्ट्रेस का तृतीय पुरस्कार मिला। परिमल भट्टाचार्य को बेस्ट केरेक्टर आर्टिस्ट का प्रथम, कामरूप सिन्हा को बेस्ट विलेन का तृतीय, कनक लता तिर्की को बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का सांत्वना, राजा सिन्हा को बेस्ट म्यूजिक का प्रथम, संजीत प्रजापति को बेस्ट स्टेज क्राफ्ट का द्वितीय पुरस्कार मिला। इस नाटक में अमर कुमार भांजा, अविनाश तिवारी, आशिफ खान, राज प्रतीक पाल, गुलशन मिश्रा, सतीश ठाकुर, गिरिंद्र यादव आदि ने अभिनय किया।

## आदिवासी महाकुंभ मेला के समापन पर आयोजक सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आदिवासी समाज के महाकुंभ मेला के समापन पर दुबियाखाड़ में उपस्थित झारखंड जनक्रांति मोर्चा जोरावर के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मेला के सफल आयोजन को लेकर मेला के आयोजकों को शॉल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा , बाबा साहब और बुद्ध के विचारों को चिंतन करना चाहिए। क्योंकि यह मूलवासी ,आदिवासी दलित के हिमायती थे, और हर घर में शिक्षित परिवार होना चाहिए । अपने बच्चों को पढ़ाएं और आगे बढ़ाएं । महासचिव सह सलाहकार ललन वर्मा ने कहा कि आदिवासी सर्व समाज शुरू से ही पिछड़ा रहा है और राजा मेदनी राय उस वक्त के



राजा थे । आजादी के बाद अब सरकार आई है तो आदिवासियों और दलितों का उत्थान होना चाहिए । मौके पर कृष्णा चौधरी ,पलामू जिला अध्यक्ष रंभा देवी, शंभू पासवान, चेतन कुमार मांझी, जेपी कुमार, हुस्न आरा और आदिवासी समाज के मेला कमेटी अध्यक्ष त्रिपुरारी सिंह चेरो ,सुरेंद्र सिंह चेरो, सुनील उरांव,हो रामेश्वर सिंह चेरों , अनील सिंह चेरो, रामखेलावन सिंह, सुनील किसपोटा, विनय सिंह चेरो, विपिन बिहारी सिंह, मनोज सिंह, प्रताप तिर्की सीरियल तोपनों, राजकुमार सिंह चेरो, महेंद्र उरांव, भोलानाथ उरांव,सोमर सिंह चेरो, राकेश सिंह चेरो ,सुनील सिंह चेरो, एवं पदाधिकारियों मेला कमेटी के लोग मौजूद रहे।

### आज होगा अंतिम डीवी

**मेदिनीनगर।** जेएसएससी के द्वारा अनुपस्थित अभ्यर्थियों को दिए गये मौके का आज अंतिम दिन है। आज इतिहास- नागरिक,हिंदी व शारीरिक विज्ञान विषय के अनुपस्थित अभ्यर्थियों का डीवी 11 बजे से 1 बजे तक किया जायेगा। उसके बाद सभी विषयों में इस महीने के अंत तक मेरिट लिस्ट जारी कर दिया जायेगा। आयोग सभी अभ्यर्थियों को जिला विकल्प भी देने की योजना बना रहा है। पंचायत सचिव के अभ्यर्थियों को भी इस माह के अंत तक जिले विकल्प के साथ फाइनल मेरिट दिये जाने की सम्भवना है।

# पलामू में ठंडी हवाओं ने बदला मौसम का मिजाज



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में बीते दिनों से तेज ठंडी हवाओं ने एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल दिया है। ठंडी हवाओं के चलने से लोगों को फिर से सर्दी का एहसास होने लगा है। गर्म कपड़े पहने हुए लोग दिनभर नजर आ रहे है। जहां कुछ दिन पूर्व गर्मी का एहसास होने लगा था ,वही एक बार फिर ठंड का एहसास किया जाने लगा है। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान भी सही निकला है। जिसमें सम्भवना व्यक्त किया गया था कि पश्चिमी विक्षोभ का असर झांरखण्ड पर भी देखने को मिलेगा। जबकि पर्वतीय राज्यों पर बर्फबारी के कारण जिलों सहित राज्य का मौसम ठंडा हुआ है। कई जिलों में तापमान नीचे पहुंच गया है। पलामू में सोमवार की सुबह से तेज हवा चलने लगी। ऐसे में अधिकतम और न्यूनतम तापमान दो से पांच डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों से फसल में पानी और यूरिया खाद का इस्तेमाल करने की सलाह दी है। सोमवार को 25-35 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज उत्तरी-पश्चिमी सतही बयार चली है। हालांकि आज हवा की रफ्तार 15 से 30 किमी प्रतिघंटा तक रहने की संभावना है। न्यूनतम और अधिकतम तापमान में एक बार फिर तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है।

**स्वास्थ्य को लेकर रहे सतर्क :** पलामू में जिस तरह से मौसम में बदलाव दिख रहा है । वैसे ही लोगों के सेहत में भी इसका असर दिख रहा है। ऐसे बदलते मौसम से लोगों मे सर्दी,खांसी, बुखार, बदन दर्द और थकावट का शिकायत दिख रही है। वही नवजात बच्चे और बुजुर्गों में भी मौसम का असर से परेशानी हो रहा है। चिकित्सकों का भी कहना है की सर्द मौसम में सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

**किसान फसलों का रखे घ्यान**

बदलते मौसम में किसानों को यदि फसल में अच्छी तरह से देखभाल करनी चाहिए। तेज हवाओं से फसल गिरने और टूटने की संभावना बनी रहती है। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम 17 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। जिसमें सुबह-शाम ठंड रहेगी और दोपहर में धूप निकलेगी। अधिकतम तापमान में कमी आयेगी और न्यूनतम तापमान में वृद्धि होगी।

## वार्ड पार्षद के आवेदन पर उपायुक्त ने डीलर को किया निलंबित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वार्ड नंबर 33 कल्याणपुर की जनता ने वार्ड पार्षद चंचला देवी के पास कुछ दिन पहले डीलर पन्ना लाल के खिलाफ एक लिखित आवेदन देकर राशन समय पर नहीं मिलने,30 किलो की जगह 14 किलो दिये जाने के साथ अंगुठा लगाने के लिए घर पर बुलाने के साथ ही अक्टूबर-नवंबर का राशन नहीं मिलने की शिकायत वार्ड पार्षद चंचला देवी से की थी। वहीं वार्ड पार्षद ने सभी कार्डधारियों के साथ उपायुक्त पलामू के यहां इसकी लिखित शिकायत की थी। जिसे लेकर उपायुक्त ने पार्षद एवं कार्डधारियों को आश्वासन दिया था कि यदि डीलर ने गड़बड़ी किया है तो उस पर कार्रवाई होगी। इसे संज्ञान में लेते हुए पलामू उपायुक्त ने सहायक आपूर्ति पदाधिकारी को



जांच का आदेश दिया। जिस पर सहायक आपूर्ति पदाधिकारी ने उपायुक्त के आदेश पर निष्पक्ष एवं निर्भीक जांच करते हुए डीलर पन्नालाल के कार्य में अनियमितता पाते हुए दोषी ठहराया और उस पर कार्रवाई कर दुकान बंद का रिपोर्ट जिला आपूर्ति पदाधिकारी के कार्यालय में किया। जिसे देखते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने डीलर पन्नालाल को तुरंत निलंबित करते हुए बगल के दुकानदार कृष्णा चौधरी को थैंकिंग का आदेश दिया।

## 'रजिस्ट्रेशन नहीं कराने वाले नियोक्ता को भेजें नोटिस'



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र के स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम, 2021 एवं नियमावली, 2022 में रजिस्ट्रेशन नहीं कराने वाले नियोक्ता को नोटिस भेजने का उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह ने निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त आज समाहरणालय के सभागार में झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र के स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम, 2021 एवं नियमावली, 2022 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आयोजित जिला स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जो नियोक्ता उदासीनता बरतते हैं और इसमें दिलचस्पी नहीं लेते उनके विरूद्ध कार्रवाई करें। सभी अंचल अधिकारी अपने-अपने अंचलों में नियोक्ता से संपर्क कर सुनिश्चित करें कि उन्होंने उपरोक्त अधिनियम व नियमावली में रजिस्ट्रेशन कराया है या नहीं। साथ ही उन्होंने जिला नियोजन पदाधिकारी को फील्डविजिट करने और सभी अंचल अधिकारियों को प्रशासनिक सहयोग प्रदान करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला नियोजन पदाधिकारी श्री आनंद कुमार ने कहा कि श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन नियमावली, 2022 की गजट अधिसूचना जारी कर दी गयी है। अधिसूचना जारी होते ही नियमावली अब पूरी तरह प्रभावी हो गयी है।

### हेवेन पब्लिक स्कूल में ऐनुअल डे सेलिब्रेशन का आयोजन

**रातू।** प्रखंड के हेवन पब्लिक स्कूल हुरहुरी में सोमवार को दूसरा एनुअल डे स्वलिब्रेशन का आयोजन किया गया। । स्कूल परिसर में स्कूल के निदेशक अब्दुल बारीक की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हाईकोर्ट के वकील असरफ रजा व विशिष्ट अतिथि के रूप में बुढ़मू प्रखंड अंजुमन कमेटी के सदर शमीम बड़ेहार व मौलाना अब्दुल हकिम व नौशाद आलम मौजूद थे। कार्यक्रम में बच्चो ने एक से बढ़कर एक प्रोग्राम कर अतिथियों का मन मोह लिया। इस मौके पर सैकड़ो अभिभावक और मेहमाने खुसूसी मौजूद थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हाई कोर्ट के वकील अफसर रजा ने कहा कि शिक्षक ही देश के निमार्ता है इसलिए शिक्षक की जिम्मेवारी है की बच्चे को बेहतर सांचे में ढाले, वक्ताओं ने कहा कि तालीम के बिना इंसान कि जिंदगी अधूरी है हमे हर हाल में अपने बच्चों के बेहतर मुस्तकबिल के लिए तालीम का होना जरूरी है। तालीम ही है जो इंसान उरूज पर ले के जाता है,लिहाजा हम अपने बाकी जरूरत की चीजों में कटौती कर के अपने बच्चे को जरूर पढ़ाए।

## कोल वाहन की चपेट में आने से दो की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

टंडवा थाना क्षेत्र के बसरिया मोड के समीप अज्ञात कोल वाहन के चपेट में आने से मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों की दर्दनाक मौत बीते देर शाम हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कल्याणपुर थाना क्षेत्र के बन्हे टोला पाही के रहने वाले संजय कुमार पिता गणेश उर्फ गुनवा महतो एवं केवल उर्फ झगडू महतो पिता बुचा महतो टंडवा से अपने घर लौटने के दौरान कोलवाहन के चपेट में आकर दुर्घटना के शिकार हो गए। इस घटना से आक्रोशित परिजन व ग्रामीणों ने सोमवार सुबह से हीं सड़क जाम कर आश्रितों को मुआवजा व नौकरी देने की मांग करते हुए टंडवा-रांची मुख्य सड़क पर परिचालन बाधित करा दिया। ग्रामीणों ने दुर्घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि होने के बावजूद इसके रोकथाम के लिए जिला परिवहन विभाग द्वारा जांच व कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति करने का आरोप लगाया है। उच्च गति परिचालन, शराबी व अप्रशिक्षित चालकों का भरमार ऐसे दुर्घटनाओं में वृद्धि होने के मुख्य वजह बताऐ जाते हैं। दूसरी ओर, कोल वाहनों से होने वाले दुर्घटनाओं पर समरुप मुआवजा नीति बनाने को लेकर महिनों पूर्व आजसू का आंदोलन भी अब ताश के पन्नों की तरह बिखर गया है। बहरहाल, समाचार लिखे जाने तक आक्रोशित ग्रामीण व परिजन अपनी मांग पूरा करने को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की बाट जोह रहे थे।

### मांडर के बाबा जलेश्वर नाथ धाम परिसर में शिवरात्रि मेला समिति की बैठक



**मांडर।** प्रखंड अंतर्गत दक्षिणी कोयल नदी के मध्य स्थित श्रद्धा एवं भक्ति का केन्द्रविंदु प्रसिद्ध जलेश्वरनाथ धाम परिसर में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर बाबा जलेश्वर नाथ धाम समिति के द्वारा एक अहम बैठक बुलाया गया। जिसमें 18 फरवरी को लगने वाले मेला को लेकर तैयारी के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। समिति ने भक्तों की भीड़ को लेकर शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतू स्वयंसेवकों की नियुक्ति, अखण्ड हरिकीर्तन, भंडारे आदि पर विचार किया।भक्तों को बाबा के दर्शन करने के लिए स्त्री व पुरुषों को कतारबद्ध दर्शन करने पर भी सहमति बनी।मौके पर समिति के सदस्य व ग्रामीण मौजूद थे।

### बेड़ो में पांच दिवसीय एसएसपी कप फुटबॉल टूर्नामेंट कल से, तैयारियां पूरी

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत रांची पुलिस के तत्वाधान में आगामी 15 फरवरी से पांच दिवसीय ग्रामीण फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजन किया गया है। जिसमें प्रखंड के 17 पंचायतों की एक-एक टीम भाग लेगी। डीएसपी रजत मणिक बाखला ने बताया कि सामुदायिक पुलिसिंग के तहत यह आयोजन किया जा रहा है। ताकि पुलिस और आम नागरिकों के बीच मधुर संबंध और संवाद स्थापित हो। युवाओं को एक अच्छे नागरिक के साथ उनके कर्तव्यों व अनुशासन के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए बेड़ो व इटकी में फुटबॉल और लापुंग में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

**आक्रोश** तीन दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप, खरीद कर पानी पी रहे ग्रामीण

# बेड़ो में पानी के लिए मचा हाहाकार

**नवीन मेल संवाददाता। बेडो**

बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित पेयजलापूर्ति विभाग की उदासीनता व सांसद विधायक की अनदेखी के कारण बेड़ो वासियों की प्यास बुझाने वाली पीएचईडी जर्जर पानी की टंकी से तीन दिनों से जलापूर्ति नहीं हो रही है। जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। जिससे बेड़ो के गुमला रोड, लोहरदगा रोड, बाजार टांड़, ब्लॉक परिसर व बेड़ो बस्ती में तीन दिनों से जलापूर्ति ठप है। जलापूर्ति ठप होने से ग्रामीणों को पेयजल को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पेयजल के अभाव में लोगों को पानी खरीद कर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है। वही लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। ज्ञात हो की बेड़ोवासियों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के उद्देश्य से लगभग चार दशक पूर्व विभाग द्वारा बेड़ो में जलापूर्ति योजना की सौगात दी गई थी। वही चार दशक पूर्व बनी पानी की टंकी जर्जर हो गई है। जिसके कारण आए दिन बेड़ो में जलापूर्ति बाधित रहती है। पिछले तीन दिनों से जलापूर्ति बाधित रहने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हाल के दिनों में पेयजल की परेशानी बेड़ो वासियों के दिनचर्या में शामिल हो गयी है। जलापूर्ति की आस में लोग सुबह उठते जरूर हैं मगर इंतजार के बाद विभाग को कोसते नहीं थकते हैं। विभागीय लापरवाही की मनमानी के कारण जलापूर्ति योजना बेकार साबित हो रहा है। कभी दो दिन तो कभी तीन दिन के बाद जलापूर्ति



बंद हो जाती है। जर्जर टंकी कु तकनीकी खराबी के कारण बेड़ो में पेयजल की किल्लत चर्चा का विषय बनी हुई है। इधर विभाग के किसी भी अधिकारी को इससे कोई मतलब नहीं है लोग पानी के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। जबकि ग्रामीण अंचलों में घर घर जल पहुंचाना सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। बड़े-बड़े वादे करने वाले विधायक व सांसद को भी इसकी कोई चिंता नहीं है। ज्ञात हो कि बेड़ो की पानी टंकी काफी पुरानी हो गई है। इस कारण कभी मशीन, कभी मोटर, कभी पाइप तो कभी सप्लाई लाइन खराब होते रहती है।

# घुठिया जंगल में पेड़ से लटका मिला युवती का शव, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

तुपुदाना ओपी क्षेत्र के सौदाग स्थित घुठिया जंगल में पेड़ से फंदे से लटका एक युवती का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान पूजा केरकेट्टा(17) के रूप में की गई है। पूजा जंगल के समीप स्थित सौदाग की रहने वाली थी। पूजा मजदूरी का काम किया करती थी। जानकारी के अनुसार नाबालिग बीते रविवार से ही गायब थी। परिजनों ने जब खोजबीन की तो पता चला कि नाबालिग जंगल में है। परिजन जब पहुंचे तो देखा कि नाबालिग पेड़ की डाली में फंदा के सहारे लटकी हुई है। सूचना मिलने के बाद हटिया डीएसपी राजा मित्रा, तुपुदाना प्रभारी मीरा कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस की प्रारंभिक जांच में प्रेम प्रसंग में आत्महत्या की बात सामने आयी है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पुलिस हत्या और आत्महत्या के बिंदु पर जांच में जुट गई है। पुलिस के अनुसार सौदाग की रहने वाली पूजा का उसी गांव के सूर्य केरकेट्टा के साथ प्रेम प्रसंग था। लेकिन सालभर पहले पूजा काम करने के लिए औरंगाबाद चली गई। इसको लेकर सूर्य के साथ उसकी दोस्ती टूट गयी। औरंगाबाद में पूजा की एक लड़के साथ दोस्ती हो गयी। दोनों काफी नजदीक आ गए थे। इसी बीच एक सप्ताह पहले पूजा अपने घर सौदाग लौट गयी। पूजा के बुलाने पर रविवार को सूर्य उससे मिलने जंगल गया। दोनों ने एक दूसरे गिरफ्ट भी दिया। उस वक्त जंगल में पूजा की एक दोस्त भी मौजूद थी। दोनों बातचीत करने लगे। शाम होने पर पूजा की दोस्त घर लौट गयी, लेकिन सूर्य और पूजा जंगल में ही थे। इसी दौरान पूजा ने उसे औरंगाबाद वाले दोस्त के बारे में पूरी जानकारी दी। इसको लेकर पूजा और सूर्य के बीच विवाद हो गया। दोनों ने एक-दूसरे का गिरफ्ट भी जला दिया। सूर्य ने उससे शादी करने से इंकार करते हुए शाम में अपने घर लौट गया। लेकिन पूजा वहीं पर रही। सोमवार की सुबह पूजा का पेड़ में फंदे से लटका शव बरामद किया गया। पूजा देर शाम तक जब घर नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। उसकी दोस्त, जो उस समय पूजा के साथ जंगल में थी। उससे परिजनों ने पूछताछ की। उसने बताया कि वह सूर्य के साथ जंगल में थी। इसी बीच उसने सूर्य को फोन कर पूजा का पता लगाने को कहा। सूर्य देर शाम जंगल गया तो देखा कि पूजा फंदे से लटकी हुई थी।

ज्ञान की बात

जो लोग जीवन में सुख-समृद्धि खोजते हैं, वे दरअसल कभी सुखी नहीं हो पाते हैं। सुख उन्हीं को मिलता है जो धर्म को जानना चाहते हैं, जो उस पर चलना चाहते हैं, जो उसके लिए कष्ट सहने को तैयार रहते हैं।

- ठाकुरजी




# अपना पलामू

***पलामू*** को प्रकृति ने बेजोड़ सौन्दर्य और नैसर्गिक संसाधन दिये हैं। यहां बहुमूल्य संपदा हैं। साथ ही कई मनमोहक स्थल हैं। यही कारण है कि यहां की धरती पर कई फिल्मों की शूटिंग हुई हैं। बेतला के केचकी में किसी जमाने में शर्मिला टैगेर का भी आगमन हो चुका है। दिलीप कुमार के अलावे कई फिल्मी सितारे यहां शूर्टिंग कर चुके हैं। एक तरह से कहें तो प्रकृति ने पलामू को बड़े फुर्सत से सजाया संवारा है। यहां का बेतला नेशनल पार्क,केचकी संगम,पलामू किला,शाहपुर किला,कमलदह ऐसे स्थान हैं जहां मन को सुकून के दो क्षण मयस्सर होते हैं। इन जगहों को पर्यटन स्थल घोषित कर देने से अच्छी खासी राजस्व की प्राप्ति सरकार को हो सकती है। लेकिन दुर्भाग्य हैं कि अभी तक कोई ईमानदार प्रयास होते नहीं दिख रहे हैं। बहरहाल एक बार फिर पलामू में हिंदी फीचर फिल्म 'राज पंडित' की शूटिंग हुई। इस फिल्म में झारखंड की मशहूर मॉडल व कई कंपनियों द्वारा आयोजित मिस वर्ल्ड सहित अन्य पुरस्कार की विजेता परी पासवान शूटिंग के सिलसिले में पलामू आई। परी झारखंड की गुमला जिले की रहने वाली हैं। यह मॉडलिंग के लिए मुंबई तक सफर कर चुकी हैं। फिलहाल अभिनय का शौक उन्हें पलामू खींच लाया । मीडिया से बातचीत के दौरान परी ने बताया कि पलामू की हसीन वादियां और यहां के लोग उन्हें खूब अच्छे लगे। उन्होंने यह भी कहा कि फिल्म की कहानी कुछ-कुछ उनकी निजी जिंदगी से भी मिलती है। ऐसे में पलामू भी हर आने वालों का दिल से स्वागत करता रहा है। परी तो वैसे भी गुमला की रहने वाली हैं। अपनी बेटी की उपपब्धि पर आखिर किसे गर्व का अनुभव नहीं होगा। बहरहाल पलामू की हसीन वादियां वर्षों से उपेक्षा का संगीत सुन रही है। सरकार का कहा जा सकता है कि कोई ध्यान नहीं है। यही कारण है कि यहां के कई दर्शनीय स्थल उपेक्षित हैं। अगर इन्हें सजाया जाये तो जहां एक ओर पर्यटकों की संख्या में इजाफा होगा, वहीं यहां की कई विसंगतियों पर काबू किया जा सकता है। जैसे जंगलों से अंधाधूंध पेड़ों की कटाई हो रही है। जंगल के वास्तविक चरित्र के साथ लगातार छेड़छाड़ जारी है। वन्य जीवों का शिकार किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में बाहर से आने वाले पर्यटक असहज महसूस करते हैं। हालांकि किसी सामाजिक बुराई को कानूनी चाबुक चलाकर ठीक नहीं किया जा सकता है। इसके लिए पैदा होने वाले मूल कारक तत्वों की पड़ताल करनी होगी। बगैर सामाजिक चेतना जगाये पलामू के पर्यटक स्थलों की सुरक्षा संभव नहीं है। ऐसे में आइये.. इसे एक अभियान के रूप में इसे लें। बहरहाल शूटिंग कर रहे कलाकारों को बधाई। इसी तरह यहां आयें,और लोगों को बतायें कि यह जगह खूबसूरत है।

**मीडिया से बातचीत के दौरान परी ने बताया कि पलामू की हसीन वादियां और यहां के लोग उन्हें खूब अच्छे लगे। उन्होंने यह भी कहा कि फिल्म की कहानी कुछ-कुछ उनकी निजी जिंदगी से भी मिलती है।**

# डिजिटल मीडिया : बढ़ता प्रभाव, घटती जवाबदेही



डॉ. संजय द्विवेदी

***पिछले*** दिनों देश की राजधानी दिल्ली में 'डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स एसोसिएशन' की ओर से 'फ्यूचर ऑफ डिजिटल मीडिया' विषय पर एक कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ। कॉन्फ्रेंस में भाग लेने आए ऑस्ट्रेलिया के पूर्व संचार मंत्री और सांसद, पॉल फ्लेचर ने एक समाचार पत्र को दिये गये अपने साक्षात्कार में कहा कि, 'आने वाले दिनों में भारत डिजिटल की दुनिया में सबसे आगे होगा। अगले दस सालों में डिजिटल क्षेत्र में सबसे बड़ी संचार क्रांति होने वाली है। बस इस दौरान सबसे ज्यादा सजगता और ध्यान फेक न्यूज को रोकने के साथ-साथ क्वालिटी कंटेंट और बिजनेस मॉडल को अपग्रेड करने की जरुरत होगी।' उनका मानना था कि भारत में डिजिटल मीडिया के लिए सबसे ज्यादा संभावनाएं हैं। इसकी वजह है कि भारत सरकार ने जिस तरीके से डिजिटल दुनिया को अपनाया है और देश के लोगों को अपनाने के लिए प्रेरित किया है, वह बेहद महत्वपूर्ण है। फ्लेचर की इस बात में कोई संदेह नहीं कि भारत डिजिटल उपयोग के मामले में विश्व का सिरमौर बनने वाला है। पिछले एक दशक में देश में डिजिटल मीडिया और डिजिटल सहूलियतों का इस्तेमाल बहुत तेजी से बढ़ा है। लेकिन, इस सबके बीच दो चीजों की अनुपस्थिति स्पष्ट देखी जा सकती है- एक, विश्वसनीयता और दूसरी, जवाबदेही। ये दोनों ही चीजें, एक ही सिक्के के दो पहलुओं की तरह हैं। एक-दूसरे पर निर्भर करती हैं। यदि जवाबदेही तय होगी, तो डिजिटल मीडिया की विश्वसनीयता खुद-ब-खुद बढ़ जाएगी। **डिजिटल साक्षरता से बढ़ेगा जिम्मेदारी का अहसास :** जहां तक जवाबदेही के अभाव का प्रश्न है, तो इसकी कई वजह हैं। पहली वजह है वर्तमान समय में उपलब्ध बेहद सस्ती और सर्वसुलभ तकनीकी सुविधाएं। तेज इंटरनेट स्पीड जैसी चीजों ने हर किसी के लिए यह बहुत आसान बना दिया है कि वह जब चाहें, नाममात्र के खर्च में अपना खुद का समाचार पोर्टल, यूट्यूब चैनल और पॉडकास्ट शुरू कर सकते हैं। इसके माध्यम से लोगों को शिक्षा, सूचना, समाचार व मनोरंजन देते समय इस तरह के उपक्रम शुरू करने वाले लोग यह भूल जाते हैं कि इस सबकी कुछ संवैधानिक, सामाजिक, राजनीतिक और मनोवैज्ञानिक सीमाएं भी हो सकती हैं। गैरजिम्मेदारना रवैये की शुरूआत यहीं से होने लगती है और फिर अपने दायित्वों की उपेक्षा एक आदत बन जाती है। दूसरी वजह है, डिजिटल साक्षरता पर ध्यान न दिया जाना। डिजिटल मीडिया के अप्रशिक्षित कंटेंट प्रोवाइडर और इसके जरिये जानकारियों को दूसरों तक पहुंचाने वाले आमजन, दोनों को ही इसकी बहुत जरुरत है।

**बड़ी कंपनियां भी पीछे नहीं :** ऐसा नहीं कि सारा दोष अपरिपक्व डिजिटल मीडिया या इंडीजीनियस कंटेंट प्रोवाइडर्स का ही है। जवाबदेही से बचने के मामले में बड़ी कंपनियां भी किसी से पीछे नहीं है। फेसबुक और ट्विटर जैसे कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल बरसों से 'फेक न्यूज' और 'हेट कंटेंट' के लिए किया जाता रहा है। लेकिन, उनकी तरफ से इन्हें रोकने के लिए पुख्ता उपाय अभी तक नहीं किये जा सके हैं। चूंकि, अभी तक हमारे यहां सब कुछ स्व-नियमन (सेल्फ रेगुलेशन) के भरोसे चल रहा है, इसलिए जवाबदेही को लेकर, ये किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से आसानी से बच जाती हैं। यूजर्स कुछ भी पोस्ट करें, समाज पर, देश की अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों पर उसका कुछ भी असर पड़े, इससे उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। उनका एक ही मंत्र है, जितना बड़ा यूजर बेस, उतना ही बड़ा कारोबार। ट्विटर के 56 करोड़, फेसबुक के एक अरब, इंस्टाग्राम के डेढ़ अरब, ये सब मिलकर दुनिया की करीब चालीस प्रतिशत आबादी के बराबर हो जाते हैं। इन्हें अपने साथ बनाये रखने के लिए हर प्रकार के समझौते करने के लिए तैयार ये बिग टेक कंपनियां बाकी के साठ फीसदी लोगों के हितों के बारे में शायद ही कभी सोचती होंगी।

**बहुभाषी, विविधतापूर्ण भारत में चुनौती ज्यादा :** भारत की समस्या यह नहीं है कि वह डिजिटल मीडिया या दूसरी डिजिटल विधाओं-सेवाओं की उपलब्धता और उपयोग के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा यूजर बेस रखने वाला देश बनने जा रहा है। बल्कि समस्या यह भी है कि इसकी भाषाई, सांस्कृतिक विविधता के बीच, कोई भी चीज या बात, एक जगह के लोगों के लिए सही हो सकती है, तो वही चीज दूसरी जगह के लोगों पर, उनके समाज पर हानिकारक असर पैदा करने वाली हो सकती है। भौगोलिक सीमाओं से परे रहने वाला और खुद को सभी बंदिशों से ऊपर मानने वाला डिजिटल मीडिया, आवश्यक नियमन के अभाव में स्वतंत्र से ज्यादा उच्छृंखल नजर आता है। देश की बहुसंख्य जनता की मजबूरी यह है कि वह डिजिटल मीडिया पर बहुत ज्यादा भरोसा न करने के बावजूद, लगातार उसी के संपर्क में बनी रहने की वजह से जो बार-बार, लगातार दिखाया जाता है, उसे ही सच मानने लग जाती है। वर्ष 2016 में 'स्टेनफोर्ड हिस्ट्री एजुकेशन ग्रुप' की एक रिसर्च के दौरान यह चौंकाने वाले निष्कर्ष सामने आए कि विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यूज करने वाले 80 प्रतिशत छात्र, विज्ञापन और खबरों के बीच फर्क ही नहीं कर पाते।

**भारत सरकार ने जिस तरीके से डिजिटल दुनिया को अपनाया है और देश के लोगों को अपनाने के लिए प्रेरित किया है, फ्लेचर की इस बात में कोई संदेह नहीं कि भारत डिजिटल उपयोग के मामले में विश्व का सिरमौर बनने वाला है।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### आईए सुनें भगवान विश्वकर्मा की कथा

*चौथा अध्याय*

***सूतजी*** कहने लगे झ हे मुनियों, मैंने तुमको श्री विश्वकर्मा जी के अद्भुत चरितामृत का पान कराया है। अब आगे जगत को विस्मय करने वाले चरित का वर्णन करता हूँ। जगत में धर्म के व्यवहार से चलने वाले, सतोंषी कोई स्थकार और उसकी पत्नी वाराणसी पुरी में रहतें थे। अपने कर्म में कुशल, बुद्धिमान वह स्थकार बडां व्याकुल हुआ। अपने पर्याप्त निर्वाह के योग्य वृत्ति की खोज में दिन रात लगा रहता था। इस प्रकार लालच में पडा और सतत प्रयत्न करने के बाद भी कठिनाई से भोजन और आच्छादन ही प्राप्त कर सकता था। उस स्थकार की स्त्री पुत्र न होने के कारण नित्य सोच करती रहती थी, कि मालूम नहीं बुढापे मे कैसे निर्वाह होगा। इस प्रकार चिंतातुर वह स्त्री की इच्छा से मन्दिरों में महन्तों के पास व्याकुल होकर मन्त्र तन्त्रादि से पुत्र के अर्थ घूमने लगीं। दाढी मूंछ जिनके मुख पर बढ रही है, ऐसे ऐसे आडम्बरी म्लेच्छों (फक्कडों) के निकट भी वह दिन रात दौडती फिरती थी, परन्तु उसकी कामना कहीं भी सिद्ध नही होती थी। काश, कुश, यमुना की बालू में जल के भ्रम से दौड़ती मृगी की तरह उसकी दशा हो रही थी। कोई कोई ठग मयूरपिच्छों की बनी हुई मोरछल के झाडे से उसको बहकाता था और कौई भोजप्रत्र पर जंतर लिख कर उसको भुलावा देता था। कोई कोई धूर्त उसको कहता था कि मेरी देह में अमुक देवता आता है, वह प्रसन्न हो तेरे लिऐ वर प्रदान करेगा। यह कहकर श्वेत भस्म देकर घर भेज देता था। इस प्रकार शोच्य दशा को प्राप्त हुए नें दोंनो स्त्री पुरूष बडें दुःखी थे।

*(क्रमशः)*

# कैसे भारत में निवेश का केंद्र बना उत्तर प्रदेश



आर.के.सिन्हा

***भगवान*** राम और कृष्ण की पवित्र जन्मस्थली के रूप में जाना जाने वाला उत्तर प्रदेश अपने बिलकुल नये अवतार में भारत और दुनिया के शीर्ष व्यापारिक घरानों को निवेश करने के लिए आकर्षित कर रहा है। हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में मुकेश अंबानी से लेकर कुमार मंगलम बिड़ला, टाटा समूह के एन. चंद्रशेखर से लेकर ज्यूरिख एयरपोर्ट एशिया के सीईओ डेनियल बिचर समेत कॉपोरेट जगत की कई दिग्गज हस्तियां न केवल मौजूद रहीं बल्कि उन्होंने राज्य में कुल मिलाकर 33.50 लाख करोड़ की राशि के निवेश की घोषणा की। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में निवेश प्रस्तावों के लागू होने से 92.50 लाख (9.25 मिलियन) रोजगार के अवसर पैदा होंगे। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में 33.50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को प्राप्त करने वाली राज्य सरकार 17.3 लाख करोड़ रुपये के संशोधित लक्ष्य से लगभग दोगुना और आयोजन के लिए 10 लाख करोड़ रुपये के शुरूआती लक्ष्य से तीन गुना से अधिक निवेश हासिल करने में सफल रही है। कुल मिलाकर 18,645 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गये हैं। इनमें बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए 4.28 लाख करोड़ रुपये और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए 9.55 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव भी शामिल हैं। यदि हम पीछे मुड़कर देखें, तो उत्तर प्रदेश को 2018 में 4.68 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, जिसमें से 4 लाख करोड़ रुपये के निवेश से जमीनी स्तर पर कार्य शुरू भी हो चुका है। इन्वेस्टर्स समिट के दौरान प्राप्त निवेश को जमीनी स्तर पर लागू करने के मामले में भी उत्तर प्रदेश देश में टॉप पर है। उत्तर प्रदेश ने अपनी नई औद्योगिक नीति बनाई है। राज्य ने निवेशकों को आकर्षित करने के लिए पुरानी नीति में संशोधन किया है। इतना ही नहीं उद्यमियों को पूंजीगत अनुदान भी दिया जा रहा है। जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) के कारण व्यापारियों को होने वाली समस्या का भी समाधान किया गया। वे पूंजीगत सब्सिडी या जीएसटी का विकल्प चुन सकते हैं। नई औद्योगिक नीति को निवेशकों के लिये माकूल बनाने के लिए न केवल विभिन्न राज्यों के औद्योगिक नीतियों का अध्ययन किया गया, बल्कि उत्कृष्ट नियमों को स्वीकारा भी गया। अब सवाल यह है कि उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य से निवेशकों के पसंदीदा गंतव्य के रूप में कैसे बदल रहा है? जानकारों का कहना है कि पहले केवल कुछ ही उद्योगपति उत्तर प्रदेश में निवेश करना चाहते थे, लेकिन परिदृश्य तेजी से बदला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश का सुनहरा दौर शुरू हो गया है। आज, भारत दुनिया भर के निवेशकों का पसंदीदा गंतव्य बन चुका है और भारत में, उत्तर प्रदेश निवेशकों के लिए प्रमुख और पसंदीदा गंतव्य के रूप में उभरा है। यूपी में इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में बड़ा निवेश किया गया है। बीजेपी के सत्ता में आने से पहले राज्य में मात्र दो एयरपोर्ट थे, भाजपा सरकार ने नौ हवाई अड्डों के निर्माण में तेजी दिखाई। नये एयरपोर्टों का काम जारी है। जल्द ही, राज्य में घरेलू उड़ानों के लिए 21 और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए पांच हवाई अड्डे होंगे। 2024 की शुरूआत में जेवर एयरपोर्ट पर फ्लाइट्स का ट्रायल रन शुरू होगा। ज्यूरिख एयरपोर्ट एशिया, जेवर एयरपोर्ट बना रहा है। यकीनन,एक इन्वेस्टर समिट में इतना बड़ा निवेश शायद किसी और राज्य में कभी भी नहीं हुआ है । उत्तर प्रदेश में निवेश करने के लिए विदेशी और घरेलू दोनों ही तरह के निवेशकों ने उत्साह दिखाया है। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री के कहने पर 16 देशों के 21 शहरों में अंतरराष्ट्रीय रोड शो करने के लिए आठ टीमों को विदेश भेजा था और इन टीमों ने लगभग 7.12 लाख करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त किया था। उत्तर प्रदेश जीआईएस 2023 में 10 साझेदार देश हैं। विभिन्न देशों के राजनयिकों ने शिखर सम्मेलन से पहले राज्य में निवेश का वादा करते हुए मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ और अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 का उद्घाटन किया। उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 उत्तर प्रदेश सरकार का प्रमुख निवेश शिखर सम्मेलन है। ज्यूरिख एयरपोर्ट एशिया के सीईओ डेनियल बिर्चर ने कहा कि जिस तरह भारत आजादी के 75 साल का जश्न मना रहा है, उसी तरह ज्यूरिख एयरपोर्ट भी अपनी 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। उन्होंने भारत के साथ लंबे समय से चली आ रही साझेदारी का उल्लेख किया।

**औद्योगिक नीति को निवेशकों के लिये माकूल बनाने के लिए न केवल विभिन्न राज्यों के औद्योगिक नीतियों का अध्ययन किया गया। अब सवाल यह है कि उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य से निवेशकों के पसंदीदा गंतव्य के रूप में कैसे बदल रहा है?**

निवेश


## फोटो की दुनिया





## ट्वीट-ट्वीट




## फेसबुक वॉल से




# जातीय राजनीति की मानसिकता से कब उबरेंगे



गरीश्वर मिश्र

***लोकतंत्र*** की व्यवस्था में राजनीति समाज की उन्नति के लिए एक उपाय के रूप में अपनाई गई। इसलिए सिद्धांततः उसकी पहली और अंतिम प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी जनता और देश के साथ बनती है। दुर्भाग्यवश आज की दलगत राजनीति के चलते एक-दूसरे के साथ उठने वाली वर्चस्व की प्रतिस्पर्धा के बीच नेतागण राजनीति के इस बड़े प्रयोजन से आसानी से आंख मूंद लेते हैं। दूसरी ओर वे ऐसे मुद्दों और प्रश्नों को लेकर चिंताओं और विमर्शों को जीवित करने में कोई कसर नहीं छोड़ते जिनके सहारे उनके पक्ष की कुछ पुष्टि होती दिखती है या फिर मीडिया में चर्चा के बीच बने रहने के लिए कुछ जगह मिल जाती है। इस सिलसिले में ताजी हलचल जाति की प्रतिष्ठा को ले कर मची हुई है। हमारे राजनेता जाति को लेकर बड़े ही संवेदनशील रहते हैं क्योंकि वे एक ओर जाति का विरोध करते नहीं थकते क्योंकि वह अनेक विषमताओं का कारण मानी जाती है। एक सामाजिक समस्या के रूप में जाति का प्रकट विरोध किया जाता है। पर यह बात वे सिद्धान्त में ही स्वीकार की जाती हैं। व्यवहार के स्तर पर नेतागण जमीनी हकीकत को पहचानते और जानते हैं कि किस तरह जाति बिरादरी रिश्तों-नातों को आयोजित करती है। जाति एक राजनीतिक हथियार भी है। जाति की इस सच्चाई से वे भलीभांति वाकिफ हैं और उसकी रक्षा के लिए जी जान से जुटे रहते हैं। वे जानते हैं कि अपने लिए वोट उसी के आधार पर बटोरना होगा । विचार और व्यवहार की यह दुविधा देश की नियति हो चुकी है। यह एक ऐसी खाई है जिसे भारतीय राजनीति पार करने या पाटने के लिए अपने को अभी तक तैयार नहीं कर सकी है। इस तरह जो जातिविरोधी हैं वे जाति की जयकार करते भी नहीं अघाते । उनका असमंजस वाला विचार यही है कि जाति ठीक तो नहीं है पर जाति जाय भी नहीं । और इस तरह जाति-विरोध और जाति-सुरक्षा दोनों पर एक ही वक्ता सज धज कर मंच पर बैठे मिलते हैं और 'संदर्भ' की दुहाई दे कर अपने छद्म को सही साबित करने की जुगत करते रहते हैं । अवसर निकाल कर जाति को आसानी से 'धर्म' से जोड़ दिया जाता है , फिर जाति और वर्ण को इच्छानुसार मिला दिया जाता है और उसे पाप मानते हुए अपनी सुविधानुसार किसी के भी ऊपर ठीकरा फोड़ा जाता है। यह कहानी जब-तब दुहराई जाती रहती है, खासतौर पर तब जब हाथ में कुछ नहीं रहता और चुनाव आदि की सुनगुन के बीच बढ़ते वैचारिक शून्य को भरने की उतावली रहती है। इस बीच गोस्वामी बाबा तुलसीदास पर हाथ साफ किया जा रहा है। नेताओं को मीडिया में भी सनसनी लाने के बहाने चाहिए सो उन्हें व्याख्या- कुव्याख्या पेश करने का अवसर मिलता है। ऐसे में गोस्वामी तुलसीदास जैसे संत और उनकी वाणी को आरोपित करना और बिना समझे बूझे साहित्य से बहिष्कृत करने तक की संस्तुति देना अब बड़ा सरल हो गया है। व्यक्ति के रूप जो कोई कुछ करना और कहना चाहे उसके लिए वह जरूर स्वतंत्र है । यह चिंता का विषय है कि आज हवा हवाई बात करना एक राजनीतिक शगल होता जा रहा है। गैर जिम्मेदार तथ्यहीन बयानबाजी करते रहना राजनीति के खिलाड़ियों का जन्मजात अधिकार जैसा होता जा रहा है। इधर हुई चर्चा का लक्ष्य तुलसीदास जी का रामचरितमानस और फिर पंडित शब्द को बनाया गया। तुलसीदास जी की चौपाइयों को पिछली पांच सदियों में आम आदमी ने गले लगाया है और वे आज भी लोक की जनस्मृति में दर्ज है । उनका अर्थ अनर्थ किया जाता रहता है। जहां तक पंडित शब्द का प्रश्न है उसका एक मात्र अर्थ वह व्यक्ति है जो बुद्धिमान हो। बुद्धि का विकास तो इस बात में होता है कि व्यक्ति बड़े सत्य को देख सके। जो सब प्राणियों में एक ही तत्व देख सके ( सर्वभूतेषु येनैकं भावमव्ययमीक्ष्यते) वह पंडित हुआ। भगवद्गीता की मानें तो पंडित समदर्शी होता है और जो भेद बुद्धि अपनाये वह बुद्धि से रहित होता है। इसी तरह धर्म शब्द का अर्थ वह नियम है जिससे सब कुछ धारण किया जाता है । जो भी सृष्टि में विद्यमान है उसका आधार धर्म है। वह सबको संचालित करने वाला तत्व है। धर्म का आदर और पालन करना व्यक्ति , समाज और समस्त विश्व के लिए कल्याणकारी है। व्यवहार में धर्म के अनेक अर्थ मिलते हैं जिनमें आंतरिक गुण , नैतिकता , कर्तव्य , आदर्श नियम, प्रकृति आदि प्रमुख हैं। निश्चय ही रेलिजन एक सीमित अर्थ का बोधक है।

**हमारे राजनेता जाति को लेकर बड़े ही संवेदनशील रहते हैं क्योंकि वे एक ओर जाति का विरोध करते नहीं थकते क्योंकि वह अनेक विषमताओं का कारण मानी जाती है। एक सामाजिक समस्या के रूप में जाति का प्रकट विरोध किया जाता है।**

राजनीति

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

NEWS इन ब्रीफ

### सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के बरहज क्षेत्र में एक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों की मौत हो गई है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि करूअना गांव निवासी सुरेन्द्र चौहान, राजू चौहाल और दुर्ग विजय चौहान रविवार को एक मांगलिक कार्य में भाग लेने एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर गये थे। देर रात वापस लौटने समय क्षेत्र के हरनौठा पेट्रोल पम्प के पास किसी अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिसमें सुरेन्द्र चौहान और राजू चौहान की मौके पर ही मृत्यु हो गई। गम्भीर रूप से घायल दुर्ग विजय की देवरिया मेडिकल कालेज में उपचार के दौरान आज तड़के मौत हो गई।

### 50 किलोग्राम गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**हाजीपुर।** बिहार में वैशाली जिले के विदुपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने 50 किलोग्राम गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि रविवार की देर रात मोहनपुर गांव एक समीप बाइक सवार तस्कर को 50 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामद गांजा की कीमत करीब दो लाख रुपए है। सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर की पहचान विपिन कुमार के रूप में की गयी है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

### ईंट भट्ठे में लगी आग तीन की दर्दनाक मौत

**अंबिकापुर।** सरगुजा संभाग के बलरामपुर जिले के ग्राम पंचायत कोटपाली के आश्रित ग्राम खजूरी में ईंट भट्ठे में आग लगाकर उसी के उपर सो रहे तीन लोगों की बीती देर रात मौत हो गई। मृतक परिवार अपने ही खलिहान के ईंट भट्ठे के नीचे आग जलाकर सो रहे थे। बताया जा रहा है कि इसी आग के धुएं से इनका दम घुट गया और 3 लोगों की मौत हो गई।

# चाय पीजिए-कप भी खाइए! अब यूपी के किसान लेकर आए बाजरे का 'कुल्हड़'



**एजेंसी। प्रयागराज**


लाखों लोग कोन से आइसक्रीम खाने के बाद कोन को चबाते हैं। उसी प्रकार उत्तर प्रदेश में देवरिया स्थित किसानों का एक समूह अब बाजरा से बने 'कुल्हड़' लेकर आया है, इसका उपयोग चाय पीने के लिए और नाश्ते के रूप में खाने के लिए किया जा सकता है। दिलचस्प बात यह है कि ये 'कुल्हड़' ऐसे समय में आए हैं जब 2019 में भारत के प्रस्ताव के बाद संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष घोषित किया गया है।

प्रयागराज में चल रहे माघ मेले में रागी और मक्के के मोटे दाने से बने इन पौष्टिक कुल्हड़ों को 'चाय पियो और कुल्हड़ खाओ' नाम दिया गया है।

समूह के एक सदस्य अंकित राय ने कहा कि इन 'कुल्हड़ों' की मांग पूर्वी उत्तर प्रदेश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कई गुना बढ़ रही है। उन्होंने कहा, बाजरा के फायदों को बढ़ावा देने के लिए हमने लगभग दो साल पहले बाजरा से बने कुल्हड़ बनाए। हमारे पास एक विशेष सांचा है, इसमें हम एक बार में 24 कप बना सकते हैं।

शुरूआत में, हम देवरिया, गोरखपुर, सिद्धार्थ नगर और कुशीनगर सहित पूर्वी यूपी के छोटे गांवों में चाय विक्रेताओं से जुड़े, लेकिन हम अन्य हिस्सों में भी दिल जीतने में कामयाब रहे। अब, प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ और अन्य जिलों तक तक मांग बढ़ गई है।

इन कुल्हड़ों की कीमत के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'ऐसे कुल्हड़ों को आकार देने में 5 रुपये लगते हैं और जब इसमें चाय परोसी जाती है तो इसकी कीमत 10 रुपये होती है। कुल्हड़ इको-फ्रेंडली हैं।



### राष्ट्रपति ने विवि में बिरसा मुंडा छात्र गतिविधि केंद्र का किया उद्घाटन

# अंबेडकर मेरे लिए भगवान के समान : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के दसवें दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं राष्ट्रपति**

**यूपी जीआईएस 2023 ने देश में नई ऊर्जा का संचार किया है : द्रौपदी मुर्मू**

**अमृत काल का ये समय सक्रियता और प्रगतिशीलता का है**

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य है भारत बने दुनिया में नॉलेज का सुपर पॉवर**



**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के दसवें दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। राष्ट्रपति ने अपने दीक्षांत उद्बोधन में कहा कि ये मेरे लिए हर्ष का विषय है कि मुझे बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के नाम पर स्थापित इस विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होने का अवसर मिला है। डॉ भीमराव अंबेडकर मेरे लिए भगवान के समान हैं। उन्होंने कुछ ऐसा किया था, जिसकी वजह से मैं आज आपके सामने खड़ी हूं। राष्ट्रपति ने उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को देश में नई ऊर्जा का संचार करने वाला बताया और कहा कि बदलते प्रदेश और देश के विकास के लिए विद्यार्थी अभी से जुट जाएं व अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करें। ये समय राष्ट्र को विकास के पथ पर ले जाने का है।

राष्ट्रपति ने कहा कि बाबा साहेब के जीवन में जितना संघर्ष था उतना ही उल्लेखनीय उनका कार्य भी था। अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए उन्होंने देश-विदेश में शिक्षा प्राप्त की। स्वतंत्र भारत के संविधान निमार्ता और देश के पहले कानून मंत्री डॉ अंबेडकर का जीवन मूल्यों और सिद्धांतों पर आधारित था। उनसे प्रेरणा लेकर विद्यार्थी कठिन से कठिन लक्ष्यों को साध सकते हैं।

#### यूपी में तैयार हुआ है निवेशकों के अनुकूल वातावरण

राष्ट्रपति ने कहा कि कल ही मैं यूपी जीआईएस के समापन समारोह में शामिल हुई। इस इन्वेस्टर्स समिट से देश और प्रदेश में एक नई ऊर्जा के संचार हुआ है। उत्तर प्रदेश में निवेशकों के लिए निवेश का अनुकूल वातावरण तैयार हुआ है। समय आ गया है कि हम अपने शिक्षण संस्थानों को इस अनुकूल वातावरण से जोड़ें। नए-नए अनुसंधान करें, स्टार्टअप के लिए इन्क्यूबेशन सेंटर बनाएं। भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप ईको सिस्टम वाला देश है। विश्वविद्यालयों से ये अपेक्षा है कि इस ईको सिस्टम का लाभ उठाते हुए विद्यार्थियों को रिसर्च और इनोवेशन के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में रिसर्च और इनोवेशन की आवश्यक्ता पर विशेष बल दिया गया है। कौशल आधारित शिक्षा और बहुविषयक दृष्टिकोंण पर जोर देकर भारत को नॉलेज सुपर पॉवर बनाने का इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य है। राष्ट्रपति ने इस दौरान बिरसा मुंडा छात्र गतिविधि केंद्र का उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

#### राष्ट्रपति ने की बेटियों की विशेष सराहना

राष्ट्रपति ने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दिन होता है। ये आपके और आपके परिवार के लिए हर्ष और उल्लास का क्षण होता है। आज डिग्री लेने वाले विद्यार्थियों में से 42 प्रतिशत लड़कियां हैं। साथ ही गोल्ड मेडल पाने वाली भी 60 प्रतिशत छात्राएं हैं। मैं सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए बेटियों की विशेष सराहना करती हूं। आप सब जीवन में जो भी बनना चाहते हैं उसके लिए आज से ही प्रयास करें। आपमें से कुछ बच्चे प्राइवेट, कुछ सरकारी नौकरियों में जाएंगे। कुछ उद्यमी बनेंगे, मैं चाहती हूं कि कुछ बच्चे अच्छे शिक्षक और प्रोफेसर भी बनें। उत्तम शिक्षा व्यवस्था के लिए उत्तम शिक्षकों का होना बहुत ही जरूरी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 इस बात पर जोर देती है कि शिक्षकों को शिक्षा व्यवस्था के केंद्र में होना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि आप चुनौतिपूर्ण और प्रतिस्पर्धा वाली दुनिया में प्रवेश करने जा रहे हैं। आप अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करें और देश को विकास के पथ पर ले जाने का संकल्प लें। साथ ही अपने संस्कारों और संस्कृति से जुड़े रहना बहुत जरूरी है। तभी आप सार्थक जीवन जी सकते हैं। अमृत काल का ये समय सक्रियता और प्रगतिशीलता का है।

### योगी ने पहली जी20 डिजिटल इकोनॉमी वर्किंग ग्रुप की बैठक का किया शुभारंभ

# पूरी दुनिया को आगे बढ़ाएगी डिजिटल इकोनॉमी : योगी



**वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर की थीम वास्तव में वसुधैव कुटुम्बकम का ही रूप : योगी**

#### डिजिटल तकनीक आज की आवश्यकता

सदी की सबसे बड़ी महामारी के दौरान प्रदेश में अब तक 40 करोड़ वैक्सीन की डोज नागरिकों को लगाने में सफलता प्राप्त की। सवा 6 करोड़ कोविड टेस्ट कराने में भी हमने सफलता प्राप्त की। इस प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हुए आज व्यापक परिवर्तन हो रहा है। इसका परिणाम है कि देश की 25 करोड़ की आबादी के सबसे बड़े प्रदेश में ये हर ओर परिवर्तन देखने को मिल रहा है। डिजिटल तकनीक आज की जरूरत है। इसके माध्यम से हम एक पारदर्शी व्यवस्था के साथ प्रत्येक नागरिक के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाने का काम कर सकते हैं। भारत ने पिछले 9 वर्ष के दौरान जिस तेजी से इस क्षेत्र में न सिर्फ परिवर्तन लाया है बल्कि 140 करोड़ की आबादी के जीवन में व्यापक परिवर्तन करने का काम किया है वह दुनिया के तमाम देशों के लिए उदाहरण हो सकता है। यूपी में देखें तो 2.60 लाख किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि का लाभ, एक करोड़ निराश्रित महिलाओं, दिव्यांगों, वृद्धजनों को पेंशन की सुविधा का लाभ डीबीटी के माध्यम से दे रहे हैं।

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर। यह वास्तव में भारत का वो प्राचीन श्लोक है जो भारत की दुनिया के बारे में उस सोच को प्रदर्शित करता है कि भारत के पास जो कुछ भी था उसे बिना राग द्वेश के या किसी भी अहंकार के कभी यह नहीं कहा कि यह मेरा है तो इस पर मेरा ही एकाधिकार है। निश्चित ही डिजिटल इकोनॉमी वसुधैव कुटुम्बकम के इस भाव के साथ पूरी दुनिया को एक परिवार के रूप में आगे बढ़ाने में मदद कर सकती है और मानवता के जीवन में कल्याण का काम कर सकती है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह बैठक कुछ नए मुद्दों को लेकर आगे बढ़ेगी और मानवता के कल्याण के मार्ग को प्रशस्त करते हुए एक नई दिशा देने का कार्य करेंगे। यह बातें सोमवार को सीएम योगी ने लखनऊ में पहली जी20 डिजिटल इकोनॉमी वर्किंग ग्रुप की बैठक का शुभारंभ करते हुए कहीं। इस अवसर पर सीएम योगी ने केंद्र सरकार के मंत्रियों के साथ डिजिटल इकोनॉमी पर आयोजित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। सीएम योगी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जी20 से जुड़े प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए सीएम योगी ने कहा कि भारत की आबादी की दृष्टि से उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा राज्य है। 25 करोड़ की आबादी इस राज्य में निवास करती है। यह भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व भी करता है। भारत की सबसे उर्वरा भूमि भी उत्तर प्रदेश में है। भारत की कुल कृषि योग्य भूमि में से 11 प्रतिशत भूमि उत्तर प्रदेश के पास है। इसमें 20 फीसदी खाद्यान्न उत्पादन उत्तर प्रदेश करता है। सबसे अच्छा जल संसाधन भी उत्तर प्रदेश के पास है। उत्तर प्रदेश के पास सबसे युवा शक्ति है और आधुनिक अर्थव्यवस्था की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण आधार एमएसएमई का बेस चाहिए ऐसे 96 लाख एमएसएमई यूनिट भी उत्तर प्रदेश में मौजूद है। भारत के एक ऐसे राज्य की राजधानी लखनऊ में जो अपनी पौराणिक और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के रूप में जाना जाता है वहां जी20 समूह से जुड़े हुए विभिन्न देशों से आए हुए आप सभी सम्मानित अतिथियों का, सहयोगी मित्र देशों व संगठनों के सभी सम्मानित प्रतिनिधियों का मुझे उत्तर प्रदेश शासन की ओर से स्वागत करते हुए प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है।

# हीलियम गैस सिलेंडर फटा, 4 लोगों की मौत



**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के जयनगर में एक गुब्बारे बेचने वाले के हीलियम गैस सिलेंडर में विस्फोट होने से चार लोगों की मौत हो गई और दस अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। धमाका रविवार रात जयनगर में मेले के दौरान हुआ, जब वहां कुछ लोग खड़े थे। विस्फोट में मारे गए चार लोगों में से दो नाबालिग थे। गुब्बारे बेचने वाले मुचिराम मंडल (35) की मौके पर ही मौत हो गई, जिसका हीलियम सिलेंडर फट गया। विस्फोट में मारे गए अन्य तीन लोगों की पहचान शाहीन मुल्ला (13), अबीर गाजी (8) और कुतुबुद्दीन मिस्त्री (35) के रूप में हुई है। जयनगर थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश चक्रवर्ती के नेतृत्व में भारी पुलिस दल तत्काल मौके पर पहुंचा। चारों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घायलों को पास के बारुईपुर अस्पताल ले जाया गया। इनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। बरुईपुर के अनुमंडल पुलिस अधिकारी आतिश विश्वास ने कहा कि पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि विस्फोट कैसे हुआ।

# बुधवार को विस में ममता-शुभेंदु की आमने-सामने बैठक

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी एक बार फिर आमने-सामने होने वाले हैं। बुधवार को राज्य विधानसभा में लोकायुक्त नियुक्ति को लेकर अपराह्न 12:30 बजे मुख्यमंत्री के केबिन में बैठक होनी है। इसी में शामिल होने के लिए नेता प्रतिपक्ष के तौर पर शुभेंदु अधिकारी को आमंत्रित किया गया है। इसमें संसदीय कार्य मंत्री शोभन देव चट्टोपाध्याय भी उपस्थित रहेंगे। निर्धारित प्रोटोकॉल के मुताबिक राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री, नेता



प्रतिपक्ष और संसदीय कार्य मंत्री को बैठक करनी होती है। इसी प्रोटोकॉल को मानते हुए बुधवार को बैठक होनी है। इस वर्ष 15 लोगों ने इस पद के लिए आवेदन किया है। उम्र जनित कारणों से चार लोगों का नाम हटा दिया गया है। 11 लोगों में से किसी एक को चुना जाना है। इनमें पूर्व नौकरशाह और पूर्व पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं। खाद्य भवन में मुख्य सूचना आयुक्त का दफ्तर है। नियुक्ति के बाद वहीं पर वह बैठते हैं। पिछले साल भी मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति के समय मुख्यमंत्री ने बैठक की थी हालांकि उस समय नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने बैठक का बहिष्कार किया था। हालांकि गत 25 नवंबर 2022 को शुभेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी के आमंत्रण पर विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री के कक्ष में जाकर उनसे शिष्टाचार मुलाकात की थी। विधानसभा सचिवालय सूत्रों ने बताया है कि बुधवार को दोपहर 2:00 बजे से विधानसभा में बजट पेश होगा। उसके पहले दोपहर 1:00 बजे मंत्रिमंडल की बैठक होनी है।

# उज्जैन में महाशिवरात्रि पर दीपावली जैसा नजारा

**एजेंसी। भोपाल/ उज्जैन**

देश की मुख्य ज्योतिलिंगों में से एक महाकालेश्वर की नगरी उज्जैन में महाशिवरात्रि के मौके पर दीपावली जैसा नजारा रहेगा। इस दिन 21 लाख दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अधिकारियों के साथ आयोजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि उज्जैन में 18 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व दीपावली की तरह मनाया जाएगा। श्री महाकाल महालोक का स्वरूप देश सहित सम्पूर्ण विश्व में चर्चा का विषय है। महाशिवरात्रि पर अवंतिकावासी 21 लाख दीप प्रज्ज्वलित कर महाकाल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट करेंगे। महाशिवरात्रि दीपोत्सव को शिव ज्योति अपर्णम 2023 का नाम दिया गया है। पर्व पर 21 लाख दीप प्रज्जवलित कर गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड बनाया जाएगा। इससे पहले उज्जैन में वर्ष 2022 में महाशिवरात्रि पर 11 लाख 71 हजार 78 दीये प्रज्जवलित करने का विश्व रिकार्ड बनाया गया था। इसके बाद अयोध्या में वर्ष 2022 में ही दीपावली पर 15 लाख 76 हजार दीये प्रज्जवलित कर नया विश्व रिकार्ड बनाया गया था। समारोह के तहत क्षिप्रा नदी के घाटों सहित शहर के मंदिरों, समस्त व्यावसायिक स्थलों और घर-घर में दीप प्रज्जवलित किए जाएंगे। विद्युत साज-सज्जा के साथ प्रमुख स्थानों पर रंगोली भी सजाई जाएगी।

# बिहार में मैट्रिक की परीक्षा आज से

पटना। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित होने वाली मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2023 आज से शुरू होगी। कदाचारमुक्त परीक्षा को लेकर समिति द्वारा सभी आवश्यक उपाय किए गए है। इस साल परीक्षा में 16.37 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। समिति के मुताबिक, परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पहले केंद्र में प्रवेश लेना होगा। समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि इस बार परीक्षा में लड़कों से अधिक लड़कियां शामिल हो रही हैं। इस वर्ष राज्यभर में 1500 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। किशोर ने बताया कि इंटर परीक्षा 2023 के पैटर्न पर मैट्रिक में भी परीक्षार्थियों को एक विशेष पहचान देने के लिए यूनिक आईडी जारी किया गया है, जो एडमिट कार्ड में अंकित है। परीक्षा भवन में स्मार्ट वॉच, मैग्नेट वॉच पहनकर जाने की मनाही की गई है।

**यूपी जीआईएस**

### अब औद्योगिक नगरी के रूप में भी होगी गोरक्षनगरी की पहचान

# निवेश जुटाने में गोरखपुर चौथे नंबर पर

**यूपी जीआईएस में टॉप फाइव रैंकिंग वाले जिलों में शुमार हुआ गोरखपुर**

**कानपुर, गाजियाबाद और मुरादाबाद से आगे रहा गोरखपुर**

**1.71 लाख करोड़ रुपये के निवेश से खुलेंगे 1.98 लाख लोगों के लिए रोजगार के द्वार**



**गिरीश पांडेय। गोरखपुर**

उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 ने औद्योगिक नगरी के रूप में बन रही गोरक्षनगरी की नई पहचान को और मजबूत कर दिया है। दशकों तक पिछड़ा माना गया गोरखपुर निवेशको के लिए पसंदीदा गंतव्य बनकर उभरा है। यूपी जीआईएस की उपलब्धियों के आंकड़े इसकी तस्दीक करते हैं। गोरखपुर टॉप फाइव रैंकिंग वालों में शुमार हुआ है। निवेश जुटाने के मामले में प्रदेश के सभी 75 जिलों में पूर्वांचल को लीड करते हुए गोरखपुर ओवरऑल गौरवपूर्ण चौथे पायदान पर रहा। गोरखपुर का नम्बर गौतमबुद्ध नगर (प्रथम), आगरा (द्वितीय) और लखनऊ (तृतीय) के बाद है। निवेश जुटाने में गोरखपुर जनपद गाजियाबाद, कानपुर और मुरादाबाद से भी आगे रहा है।

यूपी जीआईएस में गोरखपुर को 1.71 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के लिए एमओयू हुए। इसके धरातल पर उतरने से करीब 1.98 लोगों के लिए रोजगार के द्वार खुलेंगे। जिले में होने जा रहे निवेश में परंपरागत उद्योगों के साथ

**यूपी जीआईएस में टॉप फाइव जिले**

| जनपद | निवेश (लाख करोड़ रु.) |
|---|---|
| गौतमबुद्धनगर | 7.85 |
| आगरा | 2.18 |
| लखनऊ | 1.96 |
| गोरखपुर | 1.71 |
| वाराणसी | 1.37 |

कई नए सेक्टर भी शामिल हुए हैं। दीगर तथ्य यह भी है कि गोरखपुर में पहली बार हरित और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश होने जा रहा है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में हरित और नवीकरणीय ऊर्जा समय की मांग है। इसका उल्लेख राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने जीआईएस में अपने मार्गदर्शन के दौरान किया। गोरखपुर में ग्रीन अमोनिया प्लांट स्थापित करने के लिए मेसर्स अवाडा वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से 22500 करोड़ रुपये का एमओयू किया गया है। जबकि सोलर एनर्जी पार्क की स्थापना के लिए आरजी स्ट्रेटजी ग्रुप ने 1772 करोड़ रुपये के निवेश का करार किया। ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट के लिए रुद्रा गैस इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से 200 करोड़ रुपये के निवेश हेतु एमओयू किया गया।

उल्लेखनीय है कि बीते करीब छह सालों में शानदार इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, सुदृढ़ कानून व्यवस्था और 'इंडस्ट्री फ्रेंडली पॉलिसी' से उत्तर प्रदेश में देश-दुनिया के निवेशकों का रुझान तेजी से बढ़ा है। इसका फायदा सिर्फ एनसीआर तक सीमित नहीं है बल्कि गोरखपुर जैसे पूर्वांचल के जिलों के प्रति भी निवेशक आकर्षित हुए हैं। बेहतरीन रोड और एयर कनेक्टिविटी की सुविधा तथा उद्यमियों की मांग के अनुरूप पर्याप्त भूमि उपलब्ध होने के चलते समूचा गोरखपुर, खासकर गीडा पहले से निवेशकों की पसंद बना हुआ है।

जीआईएस की उपलब्धियों को गोरखपुर के लिहाज से (एक हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश) देखें तो यहां पेपर मिल प्रोजेक्ट के लिए आरजी स्ट्रेटजी ग्रुप में 2935 करोड़ रुपये के निवेश का करार किया है। एलपीजी पाइप लाइन के लिए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की तरफ से 1800 करोड़, बांस आधारित उत्पाद के लिए आर्टिजन एग्रोटेक की तरफ से 1400 करोड़, एथेनॉल और डिस्टलरी के लिए केयान डिस्टलरीज की तरफ से 1200 करोड़ तथा कार्बोनेटेड ड्रिंक, फ्रूट पल्प प्लांट के लिए वरुण वेवरेजेज (पेप्सिको की फ्रेंचाइजी) की तरफ से 1071 करोड़ रुपये के निवेश का एमओयू हुआ।

जिले को होटल एंड हॉस्पिटैलिटी, रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट, हॉस्पिटल, हैवी इंजीनियरिंग आदि सेक्टर में भी बड़े पैमाने पर निवेश प्रस्ताव मिले।

### पछुआ ने बढ़ाई किसानों की चिंता

# दलहनी और तिलहनी फसलों का बढ़ा खतरा

**एजेंसी। निर्मली**

समय से पहले शुरू हुई पछिया हवा ने किसानों की चिता बढ़ा दी है। इससे गेंहू, दलहनी व तिलहनी फसलों को नुकसान पहुंचने का खतरा बना हुआ है। तेज हवा से फूल वाली फसलों के फूलों के झड़ने व गेहूं की फसल में निकल आई बालियों दानों पर इसका असर होने की आशंका है। जबकि किसान गेहूं की दूसरी सिंचाई में जुटे हुए हैं। तेज हवा बहने से सिंचाई करने के दौरान इस फसल के गिरने का भी डर बना हुआ है। सीमावर्ती क्षेत्र के कई किसानों ने शुक्रवार से ही गेहूं की सिंचाई शुरू कर दी थी लेकिन रविवार को पछिया हवा तेज गति से बहने लगी। कई किसानों की फसल गिर भी गई। जिनमें बालियां निकल आई है, उन खेतों में गेहूं की फसल गिर ही पड़ी।जिस खेत में बाली गोंफा में है, उसपर इसका असर नहीं दिख। हवा तेज चलने को लेकर किसानों का कहना है कि अमूमन यह हवा लगातार 3 दिन बहने के बाद अगले 3 दिन स्थिर रहता है। ऐसे में किसान अगले दो दिन गेहूं की सिचाई करना बंद कर दिया हैं। इधर, इस साल समय से पहले पछिया हवा के चलने से चिंतित किसानों का कहना है कि इसी तरह से पछुआ हवा आगे भी चलती रही तो इसका प्रतिकूल प्रभाव गेहूं की उपज पर भी पड़ेगा।

इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। चुकी खेत की नमी जल्द ही खत्म हो जाएगी। पछात गेहूं पर तो हवा का असर कुछ ज्यादा ही असर पड़ने की संभावन है। कई किसानों ने कहा कि अमूमन फागुन के महीने से ही पछुआ हवा बहाना शुरू हो जाती है। इसे फगुनहट कहा जाता है। लेकिन, बैशाख-जेठ की तरह बहना किसी भी फसल के लिए सही नहीं है। इससे मटर, सरसों और गेहूं की फसाल पर प्रभाव तो पड़ेगा ही, साग-सब्जी पर भी इसका सीधा असर पड़ेगा।

# भारत ने डिजिटल टेक्नोलॉजी में एक यूनीक फ्रेमवर्क किया तैयार

**एजेंसी। नई लखनऊ**
रेल संचार, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 2023 कई मामलों में बेहद अहम वर्ष होने जा रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने डिजिटल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में एक यूनीक फ्रेमवर्क तैयार किया है। लखनऊ में पहली जी20 डिजिटल इकोनामी वर्किंग ग्रुप की बैठक में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव संबोधित करते हुए कहा कि डिजिटल टेक्नोलॉजी हमारी जिंदगी का हिस्सा बन चुकी है। इससे लोगों की स्किल में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप की शुरूआत की है। ये पीपीपी मॉडल



क्या है। इसका उदाहरण यूपीआई से समझते हैं। भारत सरकार ने एक प्लेटफॉर्म लांच करने के लिए पब्लिक स्टेकहोल्डर्स को इनवाइट किया। इनमें बैंकिंग, इंश्योरेंस, ई कॉमर्स समेत कई कंपनियां शामिल थीं। साथ ही इसमें 1.2 बिलियन लोग भी शामिल थे। इसमें किसी एक कंपनी का एकाधिकार नहीं था। प्रत्येक व्यक्ति के लिए यह कंप्लीट डिजिटल सॉल्यूशन बन गया। आज इसके माध्यम से सालाना 1.5 ट्रिलियन यूएस डॉलर का ट्रांजेक्शन किया जा रहा है और इसका एवरेज सेटलमेंट टाइम महज 2 सेकेंड है, जो शानदार है। अरबों ट्रांजेक्शन सेकेंडों में हो रहे हैं और वो भी पूरी पारदर्शिता के साथ। कोई एक कंपनी इसे नियंत्रित नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि कोविड ने जब हमें परेशान किया तो इतनी बड़ी आबादी को वैक्सीनेशन कैसे किया जाता। सरकार ने एक प्लेटफॉर्म शुरू किया कोविन, अरबों लोगों ने वहां रजिस्ट्रेशन कराया और हॉस्पिटल, क्लिनिक में 2 अरब से ज्यादा वैक्सीनेशन का कार्य आसानी से हो गया। दिलचस्प बात ये थी कि वैक्सीनेशन से जुड़ा हर डाटा इस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध था। टेलीकॉम टेक्नोलॉजी में भी भारत इसी तरह आगे बढ़ा है। डिजिटल टेक्नोलॉजी इस दुनिया का भविष्य है और हम सभी इस भविष्य को एक साथ शेयर करने वाले हैं।

# इस हफ्ते अडाणी समूह पर वित्त मंत्री को सेबी देगी जानकारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारत का बाजार नियामक सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) भी अडानी समूह से जुड़ी हर हलचल पर सतर्क है। खबर आई है कि सेबी अडाणी समूह के फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर के वापस लेने से जुड़े मामले के अपडेट्स को वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन के सामने रखेगा। खबर की जानकारी रखने वाले दो सूत्रों के हवाले से ये जानकारी आई है।

**इसी हफ्ते होगी वित्त मंत्री को दी जाएगी जानकारी :** रॉयटर्स के मुताबिक सेबी के अधिकारियों की मुलाकात वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन से इस हफ्ते 15 फरवरी यानी बुधवार को होने जा रही है। सूत्रों के मुताबिक ये जानकारी आई है और उन्होंने ये सूचना अपना नाम ना बताने की शर्त पर दी है क्योंकि उन्हें मीडिया से बात करने की अनुमति नहीं है। सूत्रों ने ये भी बताया कि सेबी का बोर्ड वित्त मंत्री को इस बात से अवगत कराएगा कि अडानी समूह के शेयरों में हालिया हलचल के बाद बाजार नियामक ने क्या तरीके अपनाए जिससे मामले पर नजर रखी जा सके।

**अडानी समूह ने 100 अरब डॉलर से ज्यादा गंवाए :** भारतीय कारोबारी समूह अडाणी ग्रुप की लिस्टेड कंपनियों ने 24 फरवरी से अब तक 100




अरब डॉलर से ज्यादा गंवा दिए हैं। ये अमेरिकी फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट सामने आने के बाद हुआ है। शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग समूह की रिपोर्ट जनवरी के आखिर में आने के बाद अडाणी समूह की फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज का एफपीओ वापस लिया गया क्योंकि इसका फ्लोर प्राइस शेयर बाजार में कंपनी के एक्चुएल शेयर प्राइस से भी काफी नीचे चला गया था।

**सेबी इन मामलों की कर सकता है जांच :** सूत्रों ने ये भी कहा कि अडाणी समूह की संस्थाओं में बाहर से आने वाले फंड को लेकर भी जांच चलाई जा सकती है। हालांकि रॉयटर्स के लिखे गए ईमेल का सेबी ने कोई जवाब नहीं दिया है। रॉयटर्स ने ही सबसे पहले इस बात की जानकारी दी थी कि मार्केट रेगुलेटर सेबी अडाणी ग्रुप के शेयर बाजार की दिशा की बड़े पैमाने पर जांच कर रहा है। इसमें समूह के ट्रेड पैटर्न से लेकर रोकी गई शेयर सेल की जानकारी तो होगी ही, बाहर से आने वाले फंड की भी जांच की जा सकती है।

## समूह ने मौजूदा संकट से निपटने के लिए बनाया बड़ा प्लान

**एजेंसी। नई दिल्ली**
अडाणी समूह के शेयरों में रविवार फिर गिरावट देखी जा रही है और अडानी एंटरप्राइजेज को छोड़कर बाकी अडानी स्टॉक्स में गिरावट देखी जा रही है। अडाणी टोटल गैस, अडाणी पावर, अडाणी ट्रांसमिशन में 5-5 फीसदी की गिरावट देखी जा रही है। हालांकि अडाणी एंटरप्राइजेज में 0.15 फीसदी की मामूली तेजी देखी जा रही है। अडाणी समूह ने अपने राजस्व ग्रोथ के लक्ष्य को घटा दिया है और इसके साथ ये ग्रुप नए कैपिटल एक्सपेंडीचर की गति को भी धीमा करने जा रहा है। ऐसा अडाणी समूह के ऊपर अमेरिका की हिंडनबर्ग रिसर्च की निगेटिव रिपोर्ट आने के कुछ दिनों बाद हुआ है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक गौतम अडाणी के समूह ने अब अगले वित्त वर्ष के लिए




15-20 फीसदी ग्रोथ का लक्ष्य बनाया है जो कि पहले 40 फीसदी पर रखा गया था। इस तरह देखा जाए तो इसको घटाकर करीब आधा कर दिया गया है। इसी बीच समूह के कैपिटल एक्सपेंडीचर प्लान या केपैक्स प्लान को भी धीमा करने की योजना बनाई गई है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है क्योंकि अब समूह अपने धुआंधार एक्सपेंशन पर ध्यान देने के बजाए आर्थिक हालत को मजबूत करने पर ज्यादा फोकस कर रहा है।

अरबपति गौतम अडाणी के अडाणी समूह के लिए हालिया मुश्किलों का दौर 24 जनवरी 2023 से शुरू हुआ। दरअसल अमेरिका की हिंडनबर्ग रिसर्च ने एक रिपोर्ट के जरिए अडाणी समूह के ऊपर धोखाधड़ी के आरोप लगाए जिसके बाद से अडाणी समूह के शेयरों में भारी बिकवाली का दौर शुरू हो गया। तब से अब तक अडानी समूह की कुल कंपनियों के मार्केट कैप में सम्मिलित रूप से 120 अरब डॉलर से ज्यादा की गिरावट आ चुकी है।

**अडानी ग्रुप ने दिया 413 पन्नों का जवाब :** हालांकि अडानी समूह ने हिंडनबर्ग समूह की रिपोर्ट को निराधार बताते हुए कहा कि उसमें लगाए हुए आरोप आधारहीन और तथ्यों से परे हैं। समूह ने 413 पन्नों की एक रिपोर्ट भी जारी की जिसमें कंपनियों के कारोबार में जानकारी दी गई और हिंडनबर्ग रिसर्च के रिपोर्ट को गलत और दुर्भावनाओं से प्रेरित बताया गया है।

## ऑरेकल ने बैंकों नई क्लाउड सेवाएं लॉन्च की

**नई दिल्ली।** क्लाउड की प्रमुख कंपनी ऑरेकल ने सोमवार को बैंकिंग क्लाउड सर्विसेज लॉन्च की, जो बैंकिंग उद्योग के लिए कॉम्पोनेंटाइज्ड, कंपोजेबल सेवाओं का एक नया सूट है। क्लाउड-नेटिव, सॉफ्टवेयर-एज-ए-सर्विस (सास) सूट कॉर्पोरेट और खुदरा बैंकों को ग्राहकों की मांगों को पूरा करने के लिए अपने बैंकिंग एप्लिकेशन्स को आधुनिक बनाने की अनुमति देगा। ओरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज के महाप्रबंधक और ईवीपी, सन्नी सिंह ने कहा, हमने क्लाउड-नेटिव सास समाधानों के दुनिया के सबसे व्यापक सुट्स में से एक का निर्माण किया है ताकि सभी आकार के बैंक अपने मौजूदा वातावरण से समझौता किए बिना गति, सुरक्षा और पैमाने के साथ नवाचार कर सके।

# रेनॉ-निसान भारत में 600 मिलियन डॉलर निवेश करेगी

**एजेंसी। चेन्नई**
रेनॉ-निसान गठजोड़ भारत में ईवी सहित और अधिक मॉडल बनाने के लिए अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) में 600 मिलियन डॉलर या 5,300 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी है। रेनॉ-निसान गठबंधन ने नए निवेश के लिए तमिलनाडु सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। नए निवेश की घोषणा करते हुए निसान मोटर कंपनी के निदेशक और मुख्य परिचालन अधिकारी अश्वनी गुप्ता ने कहा कि गठबंधन नई परियोजनाओं में 600 मिलियन डॉलर या 5,300 करोड़ रुपये का




निवेश करेगा। उन्होंने कहा कि नए निवेश से महिंद्रा वर्ल्ड सिटी में रेनॉ निसान आरएंडडी में 2,000 नौकरियां पैदा होंगी। गुप्ता ने यह भी कहा कि गठबंधन का भारत में विनिर्माण संयुक्त उद्यम रेनॉ-निसान ऑटोमोटिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का प्लांट यहां पास है, जो इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) सहित छह नए मॉडल पेश करेगा। गुप्ता ने यह भी कहा कि निर्यात बाजारों के लिए लेफ्ट हैंड ड्राइव सहित मॉडल मैग्नाइट में अतिरिक्त निवेश किया जाएगा। नए निवेश से कार संयंत्र का उपयोग 80 प्रतिशत तक बढ़ जाएगा। गुप्ता के मुताबिक, 2025 तक पूरा प्लांट अक्षय ऊर्जा से संचालित होगा। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों साझेदार यहां अपनी शेयरधारिता का पुनर्गठन कर रहे हैं।

# इसी महीने पैन-आधार लिंक करें

**एजेंसी। नई दिल्ली**
इनकम टैक्स डिपार्टमेंट बार-बार अपने पैन कार्ड होल्डर्स आधार से लिंक करने की सलाह दे रहा है। पैन आधार लिंक करने की आखिरी तारीख 31 मार्च, 2023 है। इस डेडलाइन की इनकम टैक्स विभाग ने कई बार जानकारी दे चुका है। अगर आप तय समय सीमा के अंदर दोनों के लिंक नहीं कराते हैं तो आपका पैन इनवैलिड हो जाएगा। 31 मार्च 2023 के भीतर पैन कार्ड लिंक करने पर आपको 1,000 रुपये बतौर जुर्माना देना होगा। हाल ही केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के चेयरपर्सन नितिन गुप्ता ने मीडिया को जानकारी दी थी कि अब तक कुल 61 करोड़ पैन होल्डर्स में से 48 करोड़ लोगों ने अपने पैन को आधार से लिंक करा दिया है। वहीं कुल 13 करोड़ ऐसे लोग भी है जिन्होंने आधार को पैन से अबतक लिंक नहीं किया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जो लोग 31 मार्च 2023 की डेडलाइन तक आधार को पैन से लिंक नहीं कराएंगे उन्हें कई पैन कार्ड से जुड़े बिजनेस के बेनिफिट्स नहीं मिलेंगे। बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने यह साफ कर दिया है कि अब पैन कार्ड को आप बिजनेस आईडी के रूप में यूज कर सकते हैं। ऐसे में बिना इसके किसी भी टैक्सपेयर को इनकम टैक्स रिटर्न करने में दिक्कत होगी। इसके साथ ही किसी भी तरह का फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन पूरा करने में भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

## हीडलबर्ग सीमेंट का मुनाफा 81.66 प्रतिशत घटा

**नयी दिल्ली।** हीडलबर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 81.66 प्रतिशत घटकर 5.58 करोड़ रुपये पर आ गया। परिचालन लागत में बढ़ोतरी से कंपनी का मुनाफा प्रभावित हुआ है। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजारों को भेजी एक सूचना में यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कंपनी ने 30.44 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

**सुधार** तीन वर्षों के मंदी के बाद खाद्य निर्यात उच्च स्तर पर

# आठ अरब डॉलर पहुंचने की उम्मीद

**एजेंसी। नई दिल्ली**
महामारी, लॉजिस्टिक बाधाओं और झींगा खेपों के सख्त निरीक्षण के कारण तीन साल के सुस्त वैश्विक बाजार के बावजूद वित्त वर्ष 2022-23 में देश का सीफूड निर्यात के 8 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर तक पहुंचने की संभावना है। 2021-22 के दौरान, भारत ने 7.76 अरब अमेरिकी डॉलर (575.86 अरब रुपये) के 13,69,264 टन समुद्री उत्पादों का निर्यात किया, जो मूल्य के हिसाब से अब तक का सबसे अधिक निर्यात दर्ज किया गया, जबकि झींगा उत्पादन एक मिलियन मीट्रिक टन को पार कर गया। फ्रोजन झींगा, मात्रा और मूल्य के लिहाज से प्रमुख निर्यात वस्तु रही, जिसकी मात्रा में 53 प्रतिशत और कुल राजस्व में 75



प्रतिशत की हिस्सेदारी है। डी.वी. समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) के अध्यक्ष स्वामी ने कहा कि वे टिकाऊ मछली पकड़ने के तरीकों, मूल्य संवर्धन, विविधीकरण के माध्यम से एक्वाकल्चर उत्पादन में वृद्धि और नए बाजारों में आक्रामक रूप से दोहन पर आधारित एक बहुपक्षीय रणनीति के माध्यम से नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने के बारे में आशावादी हैं। स्वामी ने कहा, इसके अलावा, फिश लिपिड ऑयल, फिश मील, क्रिल मील, मिनरल और विटामिन प्रीमिक्स जैसे अवयवों पर सीमा शुल्क में कटौती, जिनका उपयोग जलीय फीड के निर्माण में किया जाता है, उत्पादन लागत को कम करने में मदद करेगा, जिससे प्रतिस्पर्धा में बढ़त मिलेगी। वित्त वर्ष 2022-23 में निर्यात को बढ़ावा देने की रणनीति के तहत एमपीईडीए ने जापान, चीन, रूस, ब्रिटेन, वियतनाम, जर्मनी, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, ओमान, सिंगापुर, स्पेन और सिंगापुर के साथ लगभग 40 वर्चुअल क्रेता-विक्रेता बैठकें (वीबीएसएम) आयोजित की हैं। एमपीईडीए ने भारतीय समुद्री भोजन के दूसरे सबसे बड़े आयातक चीन में समुद्री भोजन बाजार पर शोध किया, जबकि सीआईएस (स्वतंत्र राज्यों के राष्ट्रमंडल), मध्य पूर्व और दक्षिण पूर्व एशिया के देशों के लिए इसी तरह के अध्ययन की योजना बनाई गई है। स्वामी ने कहा, एमपीईडीए निर्यात लक्ष्य हासिल करने के लिए सीफूड के उत्पादन, मूल्यवर्धन और बाजार को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक हस्तक्षेप कर रहा है।

## मौर्य, स्वामी और हिंदुत्व...

### मौर्य, स्वामी और हिंदुत्व...

बेशक समाजवादी पार्टी में आज भी है, पर स्वामी प्रसाद मौर्य सरीखे नेता उस समुदाय को हैंडिल कर पाने में विफल रहे हैं। ओबीसी और दलित मौर्य को कबके ठेंगा दिखा चुके हैं। अगर वो उनके साथ होते तो 2022 के चुनाव में भला मौर्य क्योंकर खेत रहते? वह खुद को मीडिया में जिंदा रखने के लिए जिस तरीके से उल-जुलूल बयानबाजी कर रहे हैं, वह उनकी हताशा को ही दिखाता है। कहा जा रहा है कि आनेवाले दिनों में हिंदू राष्ट्र की परिकल्पना को साकार करने के लिए योगी आदित्यनाथ और धीरेंद्र शास्त्री जी मिलने वाले हैं।

शास्त्री जी के महत्व को भाजपा तो समझ ही चुकी है, अब कांग्रेस भी समझ रही है। अगर न समझ रही होती तो आज मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ बागेश्वरधाम न जाते और दो मिनट अलग से शास्त्री जी से मुलाकात न करते। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी उनसे मिल चुके हैं। शिवराज सिंह चौहान तो उनसे मिलते ही रहते हैं। लेकिन, मौर्या पता नहीं कौन सी राजनीति करते हैं। उन्होंने शास्त्री जी को सदैव निशाने पर रखा और हर बार वह उल-जुलूल बयान देकर अपने समर्थकों की नजर में भी गिरते गए, हिंदू वोट बैंक को धीरे-धीरे इंटैक्ट ही करते चले गए।

बीते चंद महीनों में गौर करें तो शास्त्री जी की लोकप्रियता बढ़ी है। वह हिंदुत्व के पोस्टर बॉय बनने की प्रक्रिया में आ रहे हैं। उन्हें हिंदू हृदय सम्राट जैसी पदवियां मिल रही हैं। वह लोगों के मन में बसते जा रहे हैं। सनातनी महिलाएं अपने बच्चों का नाम धीरेंद्र रख रही हैं। कोई उन्हें अपने पुत्र के रूप में देख रहा है तो कोई मतवाले धर्मरक्षक के रूप में। वह पुरुषों की तुलना में महिलाओं में ज्यादा लोकप्रिय हो रहे हैं। आनेवाले दिनों में भाजपा उनका इस्तेमाल किस कदर करेगी, यह देखने वाली बात होगी लेकिन स्वामी प्रसाद मौर्य अपनी बदजुबानी, अशिष्ट, मर्यायाविहीन वक्तव्यों से हिंदुत्व का एजेंडा अनजाने में ही गरम करते जा रहे हैं।

### बेहतर दिशा...

भविष्य को उज्जवल बना सकते हैं।

सरकार के निर्णयों से राज्य की जनता खुश : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णयों से राज्य की जनता में खुशी है। आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, पारा शिक्षक एवं सरकारी कर्मचारियों को हमारी सरकार ने उनका हक और अधिकार देने का काम किया है। राज्य की जनता ने सरकार के फैसलों का जोरदार स्वागत किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पदाधिकारी गांव-गांव, पंचायत-पंचायत जाकर शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान किया। पहले लोगों को प्रखंड कार्यालयों का चक्कर लगाना पड़ता था जबकि आज सरकार खुद आम लोगों के द्वार तक पहुंची है। इस अवसर पर श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, चतरा उपायुक्त अबू इमरान, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता सहित अन्य वरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### बेहतर शिक्षा और...

से एफिलिएटिड होंगे। मुख्यमंत्री ने कल्याण विभाग द्वारा संचालित बालक छात्रावास का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां की व्यवस्थाओं और बच्चों को मिलनेवाली सुविधाएं की जानकारी ली। इस दौरान बच्चों ने यहां हो रही कुछ कठिनाइयों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रावासों की रूपरेखा बदली जा रही है। भवनों की मरम्मत का काम शुरू हो चुका है। यहां आपको खाना बनाने की जरूरत नहीं होगी। रसोईया की सुविधा के साथ सुरक्षा के लिए चौकीदार भी तैनात रहेंगे। यहां अनाज की व्यवस्था सरकार के द्वारा की जाएगी। आपको सिर्फ पढ़ना है, बाकी आपकी सभी जरूरतों को सरकार पूरा करेगी।

**फूलो-झानो दीदी कैंटीन पहुंचे मुख्यमंत्री, व्यवस्था देख जताई खुशी :** मुख्यमंत्री ने समाहरणालय भवन में महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित फूलो-झानो दीदी कैंटीन का जायजा लिया। यहां की व्यवस्था को लेकर उन्होंने काफी खुशी जताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को सम्मानजनक आजीविका से जोड़ने के लिए फूलो-झानो आशीर्वाद योजना चलाई जा रही है। इस योजना का मकसद हड़िया-दारू बेचने के लिए मजबूर महिलाओं को सरकार द्वारा आर्थिक सहायता दी जा रही है, ताकि वे सम्मानजनक आजीविका शुरू कर अपने परिवार का बेहतर तरीके से जीवन यापन कर सकें। मुख्यमंत्री के काफिले में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक वैद्यनाथ राम, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे और लातेहार जिला के उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

### ममता देवी के...

रुपये एसबीआई डोरंडा शाखा में जमा है। शिकायतकर्ता ने बताया है कि ममता देवी के पति बजरंग महतो ने शपथ पत्र में ममता देवी की चल संपत्ति 76.27 लाख रुपये बताया है। विधायक बनने के बाद ममता देवी ने पोटमदगा और लोटवा गांव में 15 लाख बाजार मूल्य की 96.5 एकड़ जमीन खरीदी है। शिकायतकर्ता ने बताया है कि ममता देवी की चल संपत्ति 76.27 लाख व जमीन क्रय में 9.66 लाख मिलाकर 85.93 लाख रुपये होते हैं। यह संपत्ति उनके ज्ञात आय से जो कि 29.60 लाख है, से 56.32 लाख रुपये अधिक है। शिकायतकर्ता ने बताया है कि यह 56.32 लाख रुपये ममता देवी के जनप्रतिनिधि रहते हुए भ्रष्ट तरीके से कमाई गई संपत्ति है। ऐसे में मामले में एसीबी से अनुसंधान की मांग की गई है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने...

आती है। आपको बस इतना करना है कि जब मैं बोल रहा था तो मेरे चेहरे और उनके चेहरे को देखना था। देखिए कितनी बार पीएम ने पानी पिया और कैसे पानी पीते हुए उनके हाथ कांप रहे थे।

हम उनसे नहीं डरते : पीएम पर हमला जारी रखते हुए राहुल गांधी ने कहा कि पीएम को लगता है कि वह बहुत शक्तिशाली हैं और लोग उनसे डर जाएंगे, लेकिन हम उनसे नहीं डरते। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह भारत के पीएम हैं, क्योंकि एक दिन उन्हें अपनी सच्चाई का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इस देश में हर किसी के लिए संसद की कार्यवाही देखना, देश में क्या हो रहा है और पीएम और अडाणी के बीच सांठगांठ को समझना महत्वपूर्ण है।

### गांधी को बचाने...

इस पुस्तक को पढ़ कर वे इस कदर प्रेरित हुए कि जन-जन तक गांधी की आत्मकथा पंहुचाने का बीड़ा उठा लिया। इस वक्त वे पीसीएस संवर्ग में प्रोन्नति पाकर एसडीएम के पद पर कार्यरत हैं। वे बताते हैं कि सन 2005 तक उन्होंने जाना ही नहीं कि नौकरी के बदले उन्हें तनख्वाह भी मिलती है। तनख्वाह का सारा का सारा पैसा वे गांधी के पुस्तकों की खरीद और बांटने में लगाते थे। तब तनख्वाह कम थी। अब उसी तनख्वाह में से पुस्तकें भी खरीदता हूं और घर खर्च भी चलता है। वे शिद्दत से कहते हैं कि इतने बड़े मिशन में यदि वे कामयाब हैं तो इसके पीछे उनकी पत्नी का भी बड़ा योगदान है जिन्होंने कभी उन्हें रोका-टोका नहीं।

नवजीवन प्रकाशन अहमदाबाद से वे गांधी की पुस्तकें मंगाते हैं। चूंकि उनकी मांग हजारों में होती है इसलिए जाहिर है उन्हें कुछ सब्सिडी मिल जाती होगी। सन, 2000 से अब तक वे 50 हजार गांधी की आत्मकथा लोगों में वितरित कर चुके होंगे। यह क्रम अभी जारी है। चाहे उनका कोर्ट हो या कोई मौका मुआयना, वे गांधी आत्मकथा के साथ होते हैं। उनका कहना है कि वे बस गांधी की एक लाइन ही लोगों को समझाना चाहते हैं। वह ये कि बापू को उनका बड़ा भाई मारा करता था, वे अपनी मां से शिकायत करते थे तो मां कहती कि तुम भी मार दिया करो, गांधी मां से कहते, मां आप भाई से यह क्यों नहीं कहती कि वह मुझे न मारें! गांधी का यही विचार उनके अहिंसावादी बनाता है। गांधी का यही विचार यदि लोग आत्मसात कर लें तो सोचिए समाज में कितना बड़ा बदलाव हो सकता है। वे कहते हैं कि मुझे समझ नहीं आता कि कुछ लोग गांधी को क्यों नहीं समझ पाते! उन्होंने गांधी आत्मकथा प्रियंका गांधी और अमीर खान को भी भेंट किया है।

पीसीएस अफसर मदन मोहन वर्मा सिर्फ गांधी की आत्मकथा ही नहीं बांटते, वे जहां रहते वहां गांधी की प्रतिमा भी लगवाते। जौनपुर जिले के बदलापुर तहसील में गांधी की प्रतिमा लगाने को लेकर कुछ लोगों ने विवाद खड़ा कर दिया। नतीजा उनका और गांधी प्रतिमा का तबादला बनारस हो गया। बाद में यह प्रतिमा बनारस में लगी। बिहार के जमुई में उन्होंने गांधी की प्रतिमा लगवाई जहां गांधी जी के प्रपौत्र तुषार गांधी भी शामिल हुए थे। अब तक वे अपने खर्चे से सात जगह गांधी की प्रतिमा लगवा चुके हैं। अब सोचिए जहां एक लोकसेवक के रूप में मदन मोहन वर्मा जैसे लोग गांधी के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का बीड़ा उठाए हों वहां गांधी को न तो उनके पोस्टरों पर गोली दाग कर मारा जा सकता है और न ही गांधी गोडसे एक युद्ध जैसी फिल्मों के जरिए गोडसे को गांधी के बराबर खड़ा किया जा सकता है।

### अडाणी-हिंडनबर्ग मामले...

गए 500 करोड़ रुपये से अधिक ऋण की मंजूरी नीति की निगरानी को लेकर एक विशेष समिति गठित करने की भी मांग की थी। कोर्ट ने उनकी याचिका स्वीकार कर ली थी। उससे पहले पिछले हफ्ते वकील एमएल शर्मा ने शीर्ष अदालत में एक और जनहित याचिका दायर की थी, जिसमें अमेरिका स्थित फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च के शॉर्ट सेलर नाथन एंडरसन और भारत और अमेरिका में उनके सहयोगियों के खिलाफ कथित रूप से निर्दोष निवेशकों का शोषण करने और अदाणी समूह के शेयर के मूल्य को कृत्रिम तरीके से गिराने के लिए मुकदमा चलाने की मांग की गई थी।




## NEWS इन ब्रीफ

### सुप्रीम कोर्ट में दो नए जजों ने ली शपथ

**नई दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के दो नए जजों को पद की शपथ दिलाई। जस्टिस राजेश बिंदल और जस्टिस अरविंद कुमार ने सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में शपथ ली। इस प्रकार अब सुप्रीम कोर्ट में 34 जज हो चुके हैं। 31 जनवरी को, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस राजेश बिंदल और जस्टिस अरविंद कुमार को शीर्ष अदालत में न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की सिफारिश की थी।

### सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर सुनवाई स्थगित

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) मामले में जेल में बंद दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन और सह-आरोपी अंकुश जैन और वैभव जैन की जमानत याचिका पर सुनवाई सोमवार को स्थगित कर दी। रिपोर्ट के अनुसार, 8 फरवरी को मंत्री के दो सहयोगियों अंकुश जैन और वैभव जैन की ओर से पेश वकील सुशील कुमार गुप्ता ने न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की पीठ के समक्ष अपनी दलीलें पूरी की थीं।

### पंजाब में राज्यपाल-मुख्यमंत्री के रिश्तों में खटास जारी

**चंडीगढ़।** पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित और मुख्यमंत्री भगवंत मान के बीच गतिरोध सोमवार को उस समय चरम पर पहुंच गया, जब पुरोहित ने सरकार के फैसलों पर सवाल उठाए। उन्होंने प्रशिक्षण के लिए सिंगापुर भेजने के लिए शिक्षकों के चयन में पारदर्शिता की कमी और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कुलदीप सिंह चहल के सभी गलत कामों को नजरअंदाज करने का भी हवाला दिया।

### 'प्राकृतिक खेती किसान जागरण अभियान' की शुरुआत करेंगे नड्डा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह अगले सप्ताह उत्तर प्रदेश के शुक्रताल गांव से एक लाख गांवों तक पहुंचने और जैविक खेती के बारे में लोगों को जानकारी देने के लिए 'प्राकृतिक खेती किसान जागरण अभियान' की शुरुआत करेंगे।

# अवसर नहीं चूकेगा भारत

## पीएम मोदी ने एयरो इंडिया शो 2023 का किया उद्घाटन

### भारत रक्षा क्षेत्र का अग्रणी खिलाड़ी बनने का कोई मौका नहीं छोड़ेगा





**एजेंसी। बेंगलुरू**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बेंगलुरु के येलहंका एयरबेस में एशिया के सबसे बड़े एयरो इंडिया शो 2023 का उद्घाटन किया और कहा कि देश रक्षा क्षेत्र का प्रमुख खिलाड़ी बनने का कोई मौका नहीं छोड़ेगा और न ही कोई कसर छोड़ेगा। रक्षा मंत्रियों, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और विभिन्न देशों के गणमान्य व्यक्तियों की सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी का भारत रक्षा क्षेत्र का अग्रणी खिलाड़ी बनने का कोई अवसर नहीं जाने देगा। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि 2024-25 तक, भारतीय रक्षा निर्यात पांच बिलियन डॉलर होने जा रहा है।

उन्होंने बताया कि भारत रक्षा उत्पादों के आयात से छह गुना अधिक निर्यात कर रहा है। 2021-22 में निर्यात 1.5 अरब डॉलर को पार कर गया है। उन्होंने कहाः यह इस धारणा के बावजूद किया जा रहा है कि रक्षा बाजार और व्यवसाय जटिल हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी दावा किया कि भारत एक बाजार होने के नाते अब विभिन्न देशों के लिए एक रक्षा भागीदार की भूमिका निभाने के लिए तैयार है। वैश्विक रक्षा निर्माण उद्योग के लिए भारत केवल एक बाजार नहीं है, यह एक संभावित रक्षा भागीदार है। पीएम मोदी ने कहाः देश प्रभावी लागत, विश्वसनीय, सर्वोत्तम नवाचारों की पेशकश कर सकता है। नीतियां असाधारण हैं। निर्णायक सरकार जमीनी स्थिति के बारे में अच्छी तरह से जानती है। उन्होंने कहा : प्रणाली सहायक है और निवेशक लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने वर्णन किया कि बेंगलुरु का आसमान एक भरोसेमंद भारत का उदाहरण दे रहा है, वे उन नई ऊंचाइयों के गवाह हैं, जिन्हें भारत ने बढ़ाया है। एयरो इंडिया 2023 देश की बढ़ती क्षमता को दर्शाता है। पीएम मोदी ने कहा : इस आयोजन में 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं, जो पूरे विश्व का भारत के प्रति विश्वास दिखाता है। इस आयोजन ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। भारत के एमएसएमई, स्टार्टअप के साथ-साथ प्रतिष्ठित वैश्विक कंपनियां इस आयोजन में भाग ले रही हैं। प्रधान मंत्री ने एयरो इंडिया शो 2023 में भारतीय वायु सेना का एक शानदार प्रदर्शन देखा। उन्होंने इस कार्यक्रम का स्मारक डाक टिकट भी जारी किया।

### जी-20 समिट : बड़े पैमाने पर अतिक्रमण विरोधी अभियान शुरू

**नई दिल्ली।** एमसीडी ने भी अतिक्रमण विरोधी अभियान दिल्ली में तेज कर दिया है। बाजारों में और जगह-जगह पर जो बेतरतीब अतिक्रमण लोगों द्वारा किया गया है। जी-20 सम्मिट के मद्देनजर उस अतिक्रमण को हटाने का अभियान तेज हो गया है। दिल्ली के सैकड़ों स्ट्रीट वेंडर्स और रहरी रेहड़ी पटरी वाले सोमवार को एमसीडी कार्यालय के बाहर जमा हुए और उन्होंने एमसीडी की कार्रवाई के खिलाफ अपना विरोध प्रदर्शन दर्ज किया। एमसीडी की अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई को लेकर रेहड़ी पटरी वालों में भारी नाराजगी है। गौरतलब है कि दिल्ली के महरौली इलाके में लगातार चार दिन से डीडीए का अतिक्रमण विरोधी अभियान चल रहा है। अब दिल्ली एमसीडी ने भी स्ट्रीट वेंडर्स और रेहड़ी पटरी वालों और बाजार में अतिक्रमण करने वाले लोगों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है। सूत्रों के अनुसार सीलिंग की कार्रवाई को लेकर भी लोगों को बड़ी मात्रा में नोटिस जारी हो रहे हैं।

## कई स्थगन प्रस्ताव खारिज होने पर विपक्ष का हंगामा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एस. अब्दुल नजीर की राज्यपाल के रूप में नियुक्ति और भारतीय क्षेत्र में चीनी घुसपैठ को खारिज किए जाने पर स्थगन प्रस्तावों के बाद विपक्षी सदस्यों ने सोमवार को लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला के समक्ष आपत्ति जताई। जैसे ही प्रश्नकाल समाप्त हुआ, तृणमूल कांग्रेस के सदस्य सौगत राय यह कहने के लिए उठे कि उन्होंने जस्टिस नजीर की आंध्र प्रदेश के राज्यपाल के रूप में नियुक्ति पर स्थगन प्रस्ताव दिया था। हालांकि, जैसा कि अध्यक्ष ने प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया, कांग्रेस, द्रमुक और तृणमूल सदस्यों ने यह कहते हुए विरोध किया कि नजीर की राज्यपाल के रूप में नियुक्ति 'अभूतपूर्व' थी। रे को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि अयोध्या पर फैसला सुनाने वाले जज को राज्यपाल नियुक्त किया गया है, जो अभूतपूर्व है। उनके साथ द्रमुक के ए.राजा और दयानिधि मारन के साथ-साथ उनकी अपनी पार्टी के सहयोगी कल्याण बनर्जी और महुआ मोइत्रा भी शामिल हुए। कांग्रेस सदस्य भी विरोध करते नजर आए। समाजवादी पार्टी के सदस्य भी अपनी सीट के पास खड़े नजर आए। विपक्षी सदस्यों ने कहा कि वे जानते हैं कि उनके स्थगन प्रस्तावों को हमेशा ठुकरा दिया जाता है, हालांकि जो कुछ भी हुआ है (नजीर की राज्यपाल के रूप में नियुक्ति का संदर्भ), 'अभूतपूर्व' था।

## सोमालिया में हवाई हमले में अल शबाब के 12 आतंकवादी ढेर

### सोमाली सरकार बलों ने उग्रवादियों के खिलाफ तेज कर दिए हैं हमले

**एजेंसी। मोगादिशु**

सोमाली नेशनल आर्मी (एसएनए) सहित सैनिकों द्वारा किए गए एक हवाई हमले में मध्य क्षेत्र में अल-शबाब के 12 आतंकवादी मारे गए। सहयोगी बलों ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बलों के एक संयुक्त बयान का हवाला देते हुए बताया कि सोमाली सरकार के अनुरोध पर शुक्रवार को किया गया सामूहिक आत्मरक्षा हवाई हमला होबियो, सोमालिया से लगभग 45 किमी दक्षिण-पश्चिम में एक दूरदराज के इलाके में हुआ। मई 2022 में पद की शपथ लेने के बाद से राष्ट्रपति हसन शेख महमूद ने अल-शबाब के खिलाफ चौतरफा युद्ध की घोषणा की है, जो अल-कायदा से जुड़े आतंकवादी नेटवर्क से जुड़ा है। स्थानीय मिलिशिया द्वारा समर्थित सोमाली सरकार बलों ने उग्रवादियों के खिलाफ हमले तेज कर दिए हैं, जिन्होंने देशभर में कई आतंकवादी हमलों का श्रेय लेने का दावा किया है।

## भूकंप से तुर्की व सीरिया में मरने वालों की संख्या 38 हजार के पार



**एजेंसी। अंकारा/दमिश्क**

तुर्की और सीरिया में पिछले सप्ताह आए दोहरे भूकंप से मरनेवालों की संख्या 38 हजार के पार हो गई है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक तुर्की में घायलों की संख्या 80 हजार से अधिक और सीरिया में 2,349 हो गई है। तुर्की के न्याय मंत्री बेकिर बोजदाग ने कहा कि तुर्की ने भूकंप में ढह गई इमारतों के दोषपूर्ण निर्माण में शामिल 134 संदिग्धों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। बोजदाग ने संवाददाताओं को बताया कि तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार विनाशकारी भूकंपों ने 20 हजार से अधिक इमारतों को नष्ट कर दिया।

स्थानीय एनटीवी ब्रॉडकास्टर ने बताया कि दक्षिणी आदियमन प्रांत में भूकंप में नष्ट हुई कई इमारतों के ठेकेदार यवुज काराकस और सेविलाय काराकस को इस्तांबुल हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया। अर्ध-आधिकारिक अनादोलु एजेंसी ने बताया कि गजियांटेप प्रांत में एक इमारत के स्तंभ को काटने के लिए दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया। आपदा के सातवें दिन भी हजारों बचावकर्ता ढही हुई बहुमंजिला इमारतों में जीवन के किसी भी संकेत की तलाश में लगे रहे। हालांकि, जीवित बचे लोगों को खोजने की उम्मीदें धूमिल होती जा रही हैं।




### सलमान खान ने एक्ट्रेस रीम शेख के साथ किया डांस

बॉलीवुड सुपरस्टार और 'बिग बॉस 16' के होस्ट सलमान खान रविवार रात ग्रैंड फिनाले में रीम शेख के साथ ठुमके लगाते नजर आए। रीम शेख अभिनेता करण कुंद्रा और गशमीर महाजनी के साथ अपने आगामी शो 'तेरे इश्क घायल' का प्रचार करने के लिए गई थीं। गशमीर को 'बैंग बैंग' टाइटल ट्रैक पर सुम्बुल तौकीर के साथ डांस करते देखा गया, जबकि करण गोरी नागौरी के साथ थिरकते नजर आए। रीम ने कहा कि उन्हें किसी प्रतियोगी के साथ नहीं बल्कि शो के होस्ट के साथ उनके शो के टाइटल ट्रैक पर डांस करने में दिलचस्पी थी। सलमान ने बाध्य होकर रीम के साथ एक रोमांटिक डांस किया। टीना ने पहले सलमान के साथ बाइक राइड पर जाने का सपना जाहिर किया था। 'दबंग' स्टार सहमत हो गए और अपनी साइकिल पर सवार हो गए।

### कार्तिक की 'शहजादा' 8 करोड़ से ज्यादा की ओपनिंग के लिए तैयार




**कार्तिक** आर्यन की शहजादा की प्री बुकिंग शुरू हो गई है और फिल्म बिकने वाले शो पर खुलने के लिए पूरी तरह तैयार है। अनुपात को देखते हुए, वरुण धवन की भेड़िया की तुलना में फिल्म की प्री-बुकिंग 15 प्रतिशत अधिक है और संजय दत्त की शमशेरा से 25 प्रतिशत कम है। ओपनिंग वीकेंड कलेक्शन की बात करें तो 'शहजादा' की ओपनिंग 8 करोड़ रुपये से ज्यादा रहने की उम्मीद है। सभी की निगाहें अब कार्तिक आर्यन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'शहजादा' पर हैं। 'शहजादा' साल की सबसे बड़ी फैमिली एंटरटेनर है। फिल्म रोहित धवन द्वारा निर्देशित है। फिल्म कार्तिक आर्यन, कृति सेनन, मनीषा कोइराला, परेश रावल, रोनित रॉय, सचिन खेड़ेकर अभिनीत है। प्रीतम द्वारा संगीत, भूषण कुमार, अल्लू अरविंद, अमन गिल और कार्तिक आर्यन द्वारा निर्मित है। यह फिल्म 17 फरवरी 2023 को रिलीज होने के लिए तैयार है।

### आतिफ असलम दुबई में लाइव कॉन्सर्ट में करेंगे परफॉर्म

'वो लम्हे', 'बखुदा', 'तू जाने ना', 'आदत' और कई अन्य गानों के लिए पहचाने जाने वाले पाकिस्तानी गायक आतिफ असलम फिरदौस आर्केस्ट्रा के साथ 2023 के अपने पहले लाइव इंटरनेशनल कॉन्सर्ट के लिए अगले महीने दुबई जा रहे हैं। गायक 'पहली दफा', 'जीना जीना', 'रफ्ता रफ्ता', 'बे इत्तेहान', 'दिल दियां गल्लां' और कई अन्य सहित अपने सबसे लोकप्रिय गीतों के साथ फैंस का मनोरंजन करेंगे। यह पहली बार होगा जब वह दुनियाभर के 24 से अधिक राष्ट्रीयताओं के संगीतकारों की अग्रणी महिला-आर्केस्ट्रा के साथ प्रदर्शन करेंगे। लाइव कॉन्सर्ट के बारे में बात करते हुए, आतिफ ने कहा, यह 2023 का मेरा पहला अंतर्राष्ट्रीय कॉन्सर्ट है और इस नए साल की शुरूआत के लिए दुबई से बेहतर जगह क्या हो सकती है?

### सिद्धार्थ और कियारा के वेडिंग रिसेप्शन में पहुंचे बॉलीवुड सितारे

**बॉलीवुड** कपल सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की शादी के बाद अब उनका रिसेप्शन चर्चा में है। सिद्धार्थ और कियारा के मुंबई रिसेप्शन में बॉलीवुड की कई हस्तियां शामिल हुईं। एक्ट्रेस आलिया भट्ट रिसेप्शन में अकेले पहुंचीं। विक्की कौशल भी बिना कटरीना कैफ के साथ अकेले ही पहुंचे। इसके अलावा रिसेप्शन में अभिषेक बच्चन, नीतू कपूर, अनुपम खेर, अर्पिता और आयुष शर्मा, दिशा पटानी, वरुण धवन, करीना कपूर खान, करण जोरा, काजोल, अजय देवगन शामिल हुए। वहीं, अंबानी परिवार के लिए यह शादी खास थी, क्योंकि कियारा और मुकेश अंबानी की बेटी ईशा अंबानी बचपन की दोस्त हैं। आकाश और श्लोका अंबानी भी कियारा और सिद्धार्थ के रिसेप्शन में शामिल हुए। घुसते ही सारे कैमरे उनकी तरफ मुड़ गए। आकाश सर ..., आकाश सर... की आवाजों पर आकाश और श्लोका अंबानी की हंसी नहीं रुक पाई। दोनों ने फोटोग्राफर्स को उनके मनचाहे पोज दिए और मुस्कुराते हुए उन्होंने फोटोग्राफर्स से बातचीत की। आकाश और श्लोका अंबानी के वीडियो को देखने के बाद प्रशंसकों ने दोनों की जमकर तारीफ की।



## एमसीडी मेयर चुनाव सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी, कहा

# संवैधानिक प्रावधान है स्पष्ट

### मनोनीत सदस्य नहीं लड़ सकते चुनाव



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मौखिक रूप से कहा कि मनोनीत सदस्य नगर निगम के मेयर के चुनाव में मतदान नहीं कर सकते। सुनवाई के दौरान दिल्ली के उपराज्यपाल के कार्यालय ने अदालत को बताया कि वह 16 फरवरी के महापौर चुनाव को 17 फरवरी के बाद की तारीख तक के लिए स्थगित कर देगा। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि मनोनीत सदस्य चुनाव में नहीं जा सकते और संवैधानिक प्रावधान बहुत स्पष्ट हैं। याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने खंडपीठ के समक्ष प्रतिवाद किया। खंडपीठ में शामिल न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और जे.बी. परदीवाला ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 243आर इसे बहुत स्पष्ट करता है। दिल्ली एलजी के कार्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल संजय जैन ने सुझाव दिया कि 16 फरवरी को होनेवाला चुनाव 17 फरवरी के बाद हो सकता है।

इस पर प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने जैन से पूछाः क्या आप इस तथ्य पर विवाद कर रहे हैं कि मनोनीत सदस्यों को मतदान नहीं करना चाहिए, यह बहुत अच्छी तरह से सुलझा हुआ है। यह एक स्पष्ट संवैधानिक प्रावधान है। वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने कहाः हमें आधिपत्य को मनाने का एक अवसर मिलना चाहिए जो अनुमेय हो सकता है ..। प्रधान न्यायाधीश ने पूछा कि किस प्रावधान के तहत यह अनुमेय है? सिंह ने कहा कि वह प्रावधान, जिसके तहत यह सदस्यों को स्थायी समिति का हिस्सा बनने की अनुमति देता है और वे पूर्ण सदस्य बन जाते हैं। उन्होंने शीर्ष अदालत से इस मामले पर बहस करने के लिए कुछ समय देने का आग्रह किया। हालांकि, सिंघवी ने कहा कि एक भ्रम है कि निगम एल्डरमेन को विशेष रूप से बाहर रखा गया है और स्थायी समिति में वे मतदान कर सकते हैं और हम स्थायी समिति में नहीं हैं।